www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-20, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 18.05.2020 से 24.05.2020

मीडिया प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

मध्यप्रदेश में 17 लाख से अधिक श्रमिकों को मनरेगा से रोज़गार

आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के प्रयास निरंतर होंगे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण के लिये दीर्घ अवधि और अल्प अवधि की योजनाओं पर कार्य किया जायेगा। लॉकडाउन की अवधि में राज्य में आर्थिक गतिविधियां हों, पर्याप्त सावधानी भी बरती जाये और श्रमिकों को रोज़गार भी मिले इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा। वर्तमान में प्रदेश में मनरेगा कार्यों से 17 लाख से अधिक मजदूरों को काम मिला है और उनके लिये रोजी-रोटी की पुख्ता व्यवस्था हुई है। गत वर्ष करीब 11 लाख श्रमिकों को ही कार्य मिला था। इस तरह कोरोना संकट के समय 6 लाख से अधिक जरूरतमंदों को कार्यों से जोड़ा गया है। आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में निरंतर प्रयास होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया से प्राप्त सुझाव महत्वपूर्ण हैं, जो कोरोना नियंत्रण में उपयोगी सिद्ध होंगे।

श्री चौहान ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का आधार स्तम्भ है। इस नाते सदैव से अलग स्थान मीडिया का रहा है। जब कोई ऐसी चुनौती देश, प्रदेश, आम जनता के सामने हो उससे निपटने में मीडिया के सुझाव हमेशा सहयोगी साबित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस पर नियंत्रण प्रभावी तरीके से हो रहा है। प्रदेश में रिकवरी रेट बढ़ रहा है जो 48 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश में एग्रेसिव सैम्पलिंग शुरू की गई है। कोरोना से बचाव के लिए लॉकडाउन एक मात्र तरीका है। प्रधानमंत्री ने तीन बार लॉकडाउन घोषित किया।

श्री चौहान ने कहा कि निश्चित ही इस दौर में मीडिया की भूमिका के लिये विशेष रूप से आभार मानता हूं, क्योंकि मीडिया ने जनता को जागरुक किया और इसे अपना सामाजिक दायित्व माना। अब लॉकडाउन-4 के संबंध में बात हो रही है। यह प्रधानमंत्री ने राज्यों पर छोड़ा है। इसलिये मुझे लगा कि मीडिया के मित्रों से विचार-विमर्श करूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि आपके सहयोग और समाज के सहयोग से कारगर रणनीति पर अमल हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में उपचार के बेहतर प्रबंध किये गये हैं। प्रदेश में बेड संख्या निरंतर बढ़ी है। शीघ्र ही एक लाख तक बेड्स तैयार हो जायेंगे। श्री चौहान ने कहा कि यह वास्तविकता है कि कोरोना पर पूर्ण अंकुश के लिये कोई वैक्सीन नहीं बनी है, इसलिये कोरोना के साथ जीना सीखना होगा। समाज को जागरुक करना होगा। जन-जागरण के लिये आपका सहयोग आवश्यक है। प्रवासी मजदूर लौट रहे हैं। दूसरे प्रदेशों के श्रमिकों के लिये भी मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखा गया है। समाज में निराशा के भाव न आयें। प्रारंभ में डेथ रेट ज्यादा था। अब हमारा रिकवरी रेट ज्यादा है। इलाज समय पर होगा तो मरीज ठीक हो जायेगा। समाज का उत्साह व आत्मविश्वास बना रहे। क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप बने हैं।

राजनेताओं से और समाज के प्रमुख लोगों से भी चर्चा की है। इसी क्रम में मीडिया के सुझाव भी ठीक दिशा में ले जाने में सहयोगी होंगे। मुख्यमंत्री ने मीडिया के सभी साथियों को हृदय से धन्यवाद देते हुये कहा कि आप सभी ने कोरोना और लॉकडाउन पर जो सुझाव दिये हैं, उसके अनुरूप आगे की रणनीति तय करने में मदद मिलेगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रमुख सचिव जनसम्पर्क श्री अनुपम राजन, आयुक्त जनसम्पर्क श्री सुदाम खाड़े और संचालक जनसम्पर्क श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

मीडिया प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रमुख सुझाव

- **रेड जोन में पूर्ण एहतियात के साथ सख्ती आवश्यक।**
- **ग्रीन जोन में सामान्य जन-जीवन बहाल होना चाहिये।**
- **श्रमिकों के बच्चों के लिये ट्रांजिट स्थल पर दूध की व्यवस्था होनी चाहिये।**
- **गांवों में रोज़गार के अवसर बढ़ाये जायें।**
- **गांव पहुंचने वाले श्रमिकों को आवश्यकतानुसार क्वारेंटाइन किया जाना चाहिये।**

मध्यप्रदेश में 3 लाख 39 हजार मजदूर वापस आए

बाहर के मजदूरों को भी सीमा पर छुड़वाने के लिए वाहन व्यवस्था

भोपाल, मध्यप्रदेश में न केवल बाहर के प्रदेशों में फंसे मजदूरों को बसों एवं ट्रेनों के माध्यम से लाया जा रहा है, अपितु बाहर के राज्यों के मध्यप्रदेश में फंसे मजदूरों को भी वाहन उपलब्ध कराकर राज्य की सीमाओं पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही सभी के भोजन आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। हमारे लिए सभी मजदूर एक समान हैं, हम सभी का पूरा ध्यान रख रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी तक 3 लाख 39 हजार मजदूरों को दूसरे राज्यों से मध्यप्रदेश लाया गया है। वहीं दूसरे प्रदेशों के मजदूरों को भी राज्य की सीमा पर छुड़वाया जा रहा है। इस कार्य में कुल 10 हजार बसें लगाई गई हैं। साथ ही 77 ट्रेनें भी मध्यप्रदेश आ चुकी हैं।

17 जिलों में अब कोई प्रकरण नहीं

कोरोना की स्थिति के संबंध में एसीएस स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि प्रदेश के 17 जिलों में अब कोरोना का कोई प्रकरण नहीं है। इसमें से 9 जिलों बड़वानी, आगर-मालवा, शाजापुर, श्योपुर, अलीराजपुर, हरदा, शहडोल, टीकमगढ़ एवं बैतुल में पूर्व में कोरोना संक्रमित मरीज थे, परन्तु अब ये जिले कोरोना मुक्त हो गए हैं। वहीं प्रदेश के 8 जिलों में कोरोना संक्रमण नहीं है।

निरंतर बढ़ रही टेस्टिंग क्षमता

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि हमारी कोरोना टेस्टिंग क्षमता निरंतर बढ़ रही है। प्रदेश के 20 टेस्टिंग लैब में से 14 में टेस्टिंग की जा रही है, शेष में भी शीघ्र प्रारंभ होगी। प्रदेश में 15 मई तक की स्थिति में पॉजिटिव प्रकरणों में 45 प्रतिशत कोरोना एक्टिव प्रकरण हैं।

मजदूरों की स्क्रीनिंग की अच्छी व्यवस्था हो

श्री चौहान ने रीवा, दमोह एवं दतिया जिले की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि मजदूरों की हेल्थ स्क्रीनिंग की अच्छी व्यवस्था हो। दमोह जिले की समीक्षा में बताया गया कि वहां एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव आया है, जो कि मुंबई से एक दल के साथ आया। उसके साथ आए सभी 18 व्यक्तियों के टेस्ट किए जाने के निर्देश दिए गए।

110 लाख मीट्रिक टन (एम.टी.) खरीदी की व्यवस्था करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन के अंतर्गत 110 लाख एम.टी. खरीदी की व्यवस्था रखी जाए। प्रमुख सचिव ने बताया कि अभी तक 12 लाख 20 हजार किसानों से 83 लाख एम.टी. गेहूं की खरीदी हो चुकी है, जिनमें से 8 लाख 56 हजार किसानों को 9 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए एमएसएमई सेक्टर को भी बनायेंगे सशक्त

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्योग इकाइयों को प्रोत्साहित एवं सशक्त कर आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

भारत सरकार द्वारा ऐसी इकाइयों के लिए किए जा रहे नये प्रावधानों के संदर्भ में मध्यप्रदेश सरकार उन प्रावधानों के क्रियान्वयन के साथ ही राज्य स्तर पर भी राहत दिए जाने के निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश में इस सेक्टर को दिए जाने वाले लाभ के बारे में रणनीति तैयार करें।

श्री चौहान ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित प्रावधानों के अनुरूप प्रदेश के छोटे और मझोले उद्योगों को इस दायरे में लाकर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर अतिरिक्त रूप से एमएसएमई सेक्टर को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए विचार मंथन कर निर्णय का प्रारूप तैयार किया जाए।

प्रवासी श्रमिकों के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था की जाए

मुख्यमंत्री ने एक अन्य बैठक में प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड के बिना खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे निर्धन परिवार जो राशन कार्डधारी नहीं हैं अथवा उनके पास अन्य पहचान कार्ड नहीं है, उन्हें भी खाद्यान्न प्रदान करने के लिए व्यवस्था की जाए। इन श्रमिकों को आवश्यकतानुसार मनरेगा कार्यों से भी जोड़ा जाए।

प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए खजाना खोल दिया है - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रवासी मजदूरों, छोटे किसानों, रेहड़ी पट्टी वालों (स्ट्रीट वेंडर्स) आदि के लिए की गई घोषणाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के लिए खजाना खोल दिया है। 'वन नेशन-वन राशन कार्ड' क्रांतिकारी फैसला है, जिसके माध्यम से प्रवासी मजदूर जहां भी कार्य के लिए जाएंगे वहीं उन्हें राशन प्राप्त हो जाएगा। इसके साथ ही प्रवासी मजदूरों को अगले 2 माह तक निःशुल्क राशन तथा 5 किलो अतिरिक्त राशन प्रदाय किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शिशु लोन, किशोर लोन एवं तरुण लोन के जो प्रावधान किए गए हैं, वे अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 'प्रधानमंत्री आवास किफायती किराए पर मकान योजना' अत्यंत उपयोगी है।

रेहड़ी पट्टी वालों को बड़ी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा रेहड़ी पट्टी वालों (स्ट्रीट वेंडर्स) के लिए 5 हजार करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा की गई है जो कोरोना संकट के दौर में उनके लिए बड़ी मदद साबित होगी।

किसान, पशुपालकों और मछली पालकों की जिन्दगी में आएगा क्रांतिकारी बदलाव

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा की गई राहत घोषणाओं से किसान, पशुपालकों और मछली पालकों आदि की जिन्दगी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। 'पीएम किसान फंड' के अंतर्गत किसानों के लिए कुल 18 हजार 700 करोड़ रुपये की घोषणा किसानों के लिए बड़ी राहत सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि भंडारण आपूर्ति आदि के लिए दी जाने वाली एक लाख करोड़ रुपये की सहायता से कृषि ढांचा मजबूत होगा तथा किसानों को अत्यधिक लाभ होगा। छोटी फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के लिए दिए जाने वाला 10 हजार करोड़ रुपये का फंड उन्हें गति प्रदान करेगा।

मछुआरों के कल्याण के लिए प्रारंभ की जाने वाली 20 हजार करोड़ की मत्स्य संपदा योजना मछली पालन के क्षेत्र में लगभग 55 लाख लोगों को रोज़गार दिलाएगी। मछुआरों की नाव का बीमा भी कराया जाएगा। डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 15 हजार करोड़ रुपये का फंड निजी निवेश को बढ़ावा देगा और दुग्ध उत्पादकों के लिए लाभदायी होगा। केंद्र सरकार द्वारा मधुमक्खी पालकों का भी पूरा ध्यान रखा गया है। उनके लिए 500 करोड़ रुपये की योजना बनायी गई है।

केंद्र सरकार द्वारा उद्यानिकी कृषकों को लाभ देने के लिए टमाटर, प्याज और आलू आदि जैसी सब्जियों के लिए कोल्ड स्टोरेज पर 50 फीसदी सब्सिडी की घोषणा उनकी भंडारण क्षमता को बढ़ाएगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

9 मई

आयकर विभाग ने ट्रस्टों के पंजीयन की अविध में की वृद्धि

● देश में कोरोना संकट को देखते हुए आयकर विभाग ने धार्मिक ट्रस्टों, शिक्षण संस्थाओं और अन्य धर्मार्थ संस्थाओं के पंजीयन कराने की शर्त को चार माह के लिए आगे बढ़ा दिया है। ये संस्थाएं और ट्रस्ट अब एक अक्टूबर तक पंजीयन करा सकेंगी। आयकर विभाग के अनुसार आयकर अधिनियम की धारा 80जी, धारा 12ए और धारा 10 (23सी) के तहत आयकर से छूट प्राप्त ट्रस्टों और संस्थाओं के पंजीयन की व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

● कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को अब दुर्गम क्षेत्र से यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने उत्तराखंड में धारचूला-लिपुलेख मार्ग का निर्माण पूरा कर लिया है। इस मार्ग से यात्रा करने पर समय भी कम लगेगा और कठिन रास्तों पर सफर भी नहीं करना होगा। बीआरओ ने 80 किलोमीटर की इस सड़क से धारचूला को लिपुलेख दर्रे से जोड़ा है। यह सड़क 6 हजार से 17 हजार फीट की ऊँचाई पर बनाई गई है। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस सड़क का उद्घाटन किया है। इस सड़क के बनने से मानसरोवर यात्रा की अवधि भी कम हो गई है। पहले यात्रा में 21 दिन का समय लगता था, लेकिन अब महज 7 दिन में यात्रा पूरी हो जाएगी कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए अब तक यात्रियों को आधार शिविर धारचूला से लगभग 80 किलोमीटर की यात्रा पैदल तय करनी पड़ती थी, जो कि बेहद दुर्गम और कठिन होती थी। लेकिन अब यात्री दिल्ली से लिपुलेख तक वाहनों से जा सकेंगे।

● भारतीय मौसम विभाग ने अपने मौसम बुलेटिन में गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद को शामिल कर साफ कर दिया है कि भारत इन इलाकों को अपना अभिन्न अंग मानता है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसाराण मंत्रालय ने कहा कि अब दूरदर्शन और आकाशवाणी से इन इलाकों के मौसम का हाल बताया जाएगा। दूरदर्शन को मौसम बुलेटिन के लिए मैप का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है, जिसमें जम्मू और कश्मीर का सम्पूर्ण क्षेत्र शामिल है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा कब्जा किये गए इलाके के शहर गिलगित और बाल्टिस्तान में चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान का विरोध करते हुए इन इलाकों पर अपने दावे को मजबूती देने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

10 मई

देश के कई राज्यों में तंबाकू के उपयोग और थूकने पर लगा प्रतिबंध

● कोरोना महामारी के चलते देश के 22 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदशों में तंबाकू के उत्पादों के उपयोग तथा सार्वजनिक स्थानों पर थूकने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दी गई है। मंत्रालय के अनुसार एक अप्रैल को सभी राज्यों को तंबाकू उत्पादों के उपयोग और थूकने पर रोक लगाने को कहा गया था। मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजकर कहा कि तंबाकू उत्पाद, पान मसाला और सुपारी चबाने से लार की मात्रा में वृद्धि होती है, इन पदार्थों का सेवन करने के बाद लोग सार्वजनिक स्थल सहित कहीं भी थूक देते हैं। इससे कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है, इसीलिए तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों को दंडित भी किया जा रहा है।

● देश में शिशु मृत्यु दर घटाने के मामले में मिजोरम सबसे आगे है। मिजोरम में वित्तीय वर्ष 2019-20 में शिशु मृत्यु दर में 10 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। मिजोरम के स्वास्थ्य मंत्री आर लालथांगलिअना ने कहा कि मिजोरम ने शिशु मृत्यु दर में 10 प्रतिशत की कमी कर देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली बुलेटिन का हवाला देते हुए कहा राज्य में शिशु मृत्यु दर 15 से घटकर 5 प्रतिशत रह गई है।

● राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दिल्ली में पिछले एक महीने में तीसरी बार भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का केंद्र उत्तर-पूर्वी दिल्ली में वजीरपुर के पास था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 और 13 अप्रैल को भी नई दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

11 मई

ट्विटर पर अब पोस्ट भी हो सकेंगे शेड्यूल

● विश्व की लोकप्रिय सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर अपने यूजर्स के लिए एक नया फीचर ला रही है। इस फीचर के जरिए यूजर्स अपनी पोस्ट को आने वाले समय के लिए शेड्यूल कर सकेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने शेड्यूल किए गए पोस्ट (ट्वीट) पर नजर रखने के लिए प्लेटफॉर्म पर एक नई शेड्यूलिंग विंडो पेश की है। इसके अलावा कंपनी अपने प्लेटफॉर्म पर हेट स्पीच और ट्रोलिंग को रोकने के लिए भी एक फीचर को ला रही है। इस फीचर का नाम सेल्फ एडिट फीचर रखा गया है।

● कोरोना महामारी के कारण लगाए गए लॉकडाउन से देश के विभिन्न हिस्सों में फंसे मजदूरों को अपने गृह राज्यों में भेजा जा रहा है। इस मामले पर रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने सभी राज्यों से अनुरोध किया है कि वे मजदूरों को आने की अनुमति दें। सभी मजदूरों को उनके शहर पहुंचाने के लिए रेलवे प्रतिदिन 300 श्रमिक ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। श्री पीयूष गोयल ने कहा कि रेलवे लगातार श्रमिक ट्रेनों में मजदूरों को उनके गृह राज्य पहुंचा रहा है।

● भारत के सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि भारतीय सेना

सुरक्षा प्रहरी के तौर पर देश की प्रतिष्ठा को मजबूती देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल भारत की छवि क्षेत्र को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने वाले देश के तौर बनाएंगे। जनरल नरवणे ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स (आईबीजी) के गठन में देरी हो रही है। सही समय आने पर आईबीजी की तैनाती कर दी जाएगी।

12 मई

मालदीव में कृत्रिम द्वीप का निर्माण कर रहा है चीन

● एक ओर जहां विश्व कोरोना महामारी का सामना कर रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों को आगे बढ़ा रहा है। चीन मालदीव में एक कृत्रिम द्वीप बना रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों से चीन की इस रणनीति का खुलासा हुआ है। इन तस्वीरों को ओपन सोर्स इंटेलिजेंस एनालिस्ट डेट्रेस्फा ने जारी किया है। दक्षिण चीन सागर की तर्ज पर हिन्द महासागर में बन रहा यह द्वीप भारत के सामने सामरिक चुनौती पेश कर सकता है। वर्ष 2016 में मालदीव के तात्कालिक राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने फेदूफिनोल्हू सहित 16 द्वीपों को चीनी कंपनियों को लीज पर दिए थे। आशंका है कि चीन अपनी निर्माण कंपनियों की आड़ में इन द्वीपों पर मिलिट्री बेस बना सकता है।

● सुप्रीम कोर्ट में अब एक जज की सिंगल बेंच भी बैठा करेगी। अभी तक सुप्रीम कोर्ट

में दो जजों से कम जज की बेंच का प्रावधान नहीं था, लेकिन नियमों में संशोधन कर यह व्यवस्था शुरू की गई है। सुप्रीम कोर्ट के अतिरिक्त रजिस्ट्रार की ओर से जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि एक जज (सिंगल) बेंच सात वर्ष तक की सजा वाले आपराधिक मामलों में जमानत और अग्रिम जमानत की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इसके अलावा सिंगल बेंच किसी मामले की सुनवाई एक राज्य से दूसरे राज्य की निचली अदालत में भेजने की मांग को लेकर दायर याचिकाएं भी सुनेगी।

● कोरोना वायरस के संक्रमण का केंद्र रहे वुहान शहर में 35 दिन बाद 6 नए मामले आने के बाद चीन में हड़कंप मच गया। एक स्थानीय अधिकारी को खराब प्रबंधन की वजह से बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के चांगक्विंग स्ट्रीट कार्य समिति के सचिव झांग यूजिन को वुहान के सैनमीन आवासीय समुदाय में संक्रमाण के नए मामले सामने आने के बाद पद से हटा दिया गया है। नए मामले सामने आने के बाद चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग ने वुहान सहित हुबेई प्रांत में सतर्कता बढ़ा दी है।

13 मई

सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। ये परीक्षाएं फरवरी माह में आयोजित की गई थीं। केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंख' ने कहा कि मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए उत्तर पुस्तिका शिक्षकों के घर पर उपलब्ध कराना शुरू कर दिया गया है। मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय द्वारा 3 हजार केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां से उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए वितरित की जाएगी एवं वापस संग्रहित की जायेंगी। श्री निशंख ने बताया कि गृह मंत्रालय ने उत्तर पुस्तिका के परिवहन की अनुमति दे दी है। इस कदम से 1.5 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो सकेगा।

● नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानों के परिचालन को दोबारा शुरू करने के लिए पायलटों को लाइसेंस देने की वैधता में 45 दिनों की सशर्त छूट प्रदान की है। आमतौर पर पायलट के लिए 90 दिन में तीन टेकऑफ और लैंडिंग का अनुभव होना जरूरी होता है। अन्यथा पायलट का लाइसेंस रद्द माना जाता है। डीजीसीए ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर घोषित किए गए लॉकडाउन के कारण पायलट लाइसेंस के रिन्यूअल के लिए जरूरी औपचारिकताओं को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए यह फैसला लिया गया है। डीजीसीए ने इसी तरह मेडिकल परीक्षण प्रमाणपत्रों, विमान रेटिंग प्रमाण पत्रों और कौशल परीक्षण प्रमाण पत्रों की अवधि भी अगले 90 दिनों के लिए बढ़ा दी है।

● अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ। काबुल के पश्चिमी इलाके में स्थित एक अस्पताल में आतंकवादियों ने हमला किया। इस हमले में दो नवजात शिशुओं सहित 14 लोगों की मृत्यु हो गई। अफगान सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद सुरक्षा बलों ने अस्पातल से 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है।

14 मई

केंद्रीय पुलिस बलों की कैंटीन में स्वदेशी सामान ही मिलेगा

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश के बाद देशभर में स्वदेशीकरण के प्रयास शुरू हो गये हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कैंटीनों पर अब सिर्फ स्वदेशी उत्पादों की ही बिक्री होगी। इन कैंटीनों पर यह नियम 1 जून 2020 से लागू होगा। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की अपील की है। इससे आने वाले समय में भारत को विश्व का नेतृत्व करने का रास्ता साफ होगा। उन्होंने कहा कि लोग देश में बने उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें।

● भारतीय रेलवे ने श्रमिक और पैसेंजर ट्रेन चलाने के बाद 22 मई से मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें भी चलाने का फैसला लिया है। इन ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी जारी किये जायेंगे। इन ट्रेनों में वेटिंग टिकट का दायरा सीमित होगा, इनमें आरएसी टिकट जारी नहीं होंगे। रेलवे ने बताया कि इन ट्रेनों के टिकटों की बुकिंग आईआरसीटीसी के जरिये होगी। इन ट्रेनों में एसी फर्स्ट और एक्जीक्यूटिव क्लास में वेटिंग का कोटा 20-20 होगा, वहीं एसी से क्लास-2 में 50 वेटिंग टिकट बुक होंगे। एसी थर्ड में 100 तथा स्लीपर क्लास में 200 वेटिंग कोटा होगा।

● कोरोना वायरस के इलाज के लिये संभावित दवा रेमडिसिविर के उत्पादन और वितरण के लिये चार बड़ी दवा कंपनियों ने करार किया है। भारत की बड़ी दवा निर्माता कंपनियां- जुबिलंट, हेटेरो, माईलैन और सिप्ला ने अमेरिकी दवा कंपनी गिलीड के साथ रेमडिसिविर बनाने के लिये समझौता किया है। गिलीड ने एक बयान में बताया कि लाइसेंसिंग एग्रीमेंट के तहत इस करार में शामिल कंपनियों के पास गिलीड से रेमडिसिविर बनाने की प्रक्रिया का टैक्नोलॉजी ट्रांसफर पाने का अधिकार होगा, जिससे इस दवा का तेजी से उत्पादन हो सकेगा। जो लाइसेंसी कंपनियां जेनेरिक प्रोडक्ट बनाएंगी, उसकी कीमत तय करने का अधिकार उन्हीं के पास होगा।

15 मई

स्कूल और कॉलेज खोलने के लिये नई प्रणाली खोज रही है सरकार

● राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) स्कूलों को खोलने के लिये नई प्रणाली खोज रही है, वहीं विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) भी उच्च शिक्षण संस्थानों में दोबारा शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करने का प्रयास कर रहा है। ये जानकारी केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंख' ने शिक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में दी। श्री पोखरियाल ने कहा कि सीबीएसई की कक्षा दसवीं और बारहवीं के परिणाम अगस्त के अंत तक जारी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

● कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिये बार काउंसिल ने वकीलों के लिये नया ड्रेस कोड जारी किया है। नये ड्रेस कोड के तहत देशभर के वकीलों को कोट और गाउन पहनने से छूट दी गई है। देश में किसी भी अदालत में पेश होने वाले वकील को अब सफेद शर्ट, सलवार कमीज या साड़ी के साथ गले में नेक बैंड बांधना होगा। बार काउंसिल ने कहा है कि जब तक कोरोना वायरस का प्रकोप खत्म नहीं हो जाता या अगले आदेश तक वकील बिना कोट और गाउन के ही बहस में भाग ले सकेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 20, 18.05.2020 से 24.05.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

ब्लॉग

हम सब भारत माँ के लाल भेदभाव का कहाँ सवाल

कोरोना के विश्वव्यापी कहर ने भारत में दस्तक दी ही थी कि हमारे युगदृष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसके संकट को पहचानकर पूरे देश में लॉकडाउन कर दिया। इससे कोरोना का फैलाव रुका, लोगों में जागरुकता आई और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए समय मिल गया। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि समय पर लॉकडाउन न हुआ होता तो अब तक लाखों लोग संक्रमित हो गये होते और न जाने कितने हजार लोग अपने प्राणों से हाथ धो बैठते। इसके अलावा कोई चारा ही नहीं था। जान है, तो ही जहान है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि अन्य देशों की तुलना में बड़ी जनसंख्या व घनी आबादी होते हुए भी भारत में कोरोना के कम फैलाव से सारा संसार चकित है। इसके पीछे कारण है प्रधानमंत्री का संकट को सही समय पर पहचान लेना और उनके आह्वान पर सारे देश द्वारा दिखाई गई अभूतपूर्व एकता। मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ और देश की कोटि-कोटि जनता को प्रणाम करता हूं। परंतु जान बचना ही पर्याप्त नहीं है। संसार में जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान भी चाहिए। इसके लिए आर्थिक गतिविधियां प्रारंभ की जाना आवश्यक हैं। इसलिए प्रधानमंत्री जी ने अगले चरण में नारा दिया कि 'जान है और जहान भी है' और लॉकडाउन के तीसरे चरण से कुछ छूट देकर कुछ क्षेत्रों में उद्योग, दुकानें आदि प्रारंभ कर दिये गये। वहीं अन्य क्षेत्रों में कुछ प्रतिबंध जारी हैं। अब लॉकडाउन के चौथे चरण में और भी छूट देने पर विचार चल रहा है।

भारत अनेकता में एकता का गुलदस्ता है। हमारा संविधान सभी को पूरे देश में कहीं भी आने-जाने, निवास करने और जीविकोपार्जन करने का अधिकार देता है। इसलिए अपने हुनर का उपयोग करने, रोज़गार के अवसर तलाशने और अपने परिवार के अच्छे भविष्य के सपने को पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं। आर्थिक गतिविधियां बंद होने और कोरोना से भय का वातावरण बन जाने से बड़ी संख्या में श्रमिक अपने गृह राज्यों में वापस जा रहे हैं। लॉकडाउन में चरणबद्ध छूट के साथ ही उद्योग धंधे प्रारंभ होंगे और पुनः रोज़गार मिलना प्रारंभ हो जाएगा। परंतु यह मानवीय स्वभाव है कि वह संकट में अपनों के बीच रहना चाहता है। हमारी चुनौती है कि हम कैसे उन्हें सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाएं और वहां उनके हुनर का उपयोग करें, उन्हें रोज़गार प्रदान करें।

मध्यप्रदेश इसके लिए पूरी तरह तैयार है। प्रदेश में मनरेगा कार्यक्रम के तहत हर गांव में कार्य प्रारंभ किये जा रहे हैं। अभी तक 14 लाख से अधिक श्रमिकों को रोज़गार दिया जा चुका है। यह प्रक्रिया जारी है। जितने भी लोग आएंगे हम उन्हें काम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनमें अधिकतर के पास पैसा भले ही न हो परंतु किसी न किसी तरह का हुनर है। बाहर रहकर उन्होंने इस हुनर को निखारा है। इसी की बदौलत तो उनकी अन्य प्रदेशों में मांग है। मेरा प्रयास है कि उनके इस हुनर का प्रदेश में ही उपयोग हो। कोरोना के कारण कई देशों से उद्योग विस्थापित हो रहे हैं। उद्योग नई जगहें तलाश रहे हैं। मध्यप्रदेश को ईश्वर ने सब कुछ दिया है। जल, जमीन, जंगल की बहुतायत है। हुनरमंद युवाशक्ति है। इसलिए मैंने श्रम कानूनों में संशोधन किया है ताकि अधिक से अधिक उद्योग मध्यप्रदेश में आएं। इससे रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। उद्योगों और श्रमिकों के बीच सौहार्द्र का वातावरण बनेगा। कोरोना एक चुनौती है। इस चुनौती को हमें अवसर में बदलना है।

मध्यप्रदेश देश का हृदय है, बीचों-बीच स्थित है। इसलिए अन्य प्रदेशों के श्रमिक अपने राज्यों में जाने के लिए मध्यप्रदेश से भी गुजर रहे हैं। यह किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों, हमने प्रदेश में इन श्रमिकों को हरसंभव मदद करने की व्यवस्था की है। हमारे प्रदेश में मुख्य रूप से यह प्रवासी श्रमिक सेंधवा से प्रवेश करके इंदौर, देवास, गुना, शिवपुरी होते हुए झांसी तक और शिवपुरी से ग्वालियर, भिंड होते हुए उत्तरप्रदेश की सीमा तक जा रहे हैं। इसी प्रकार देवास से सीहोर, सागर, छतरपुर होते हुए महोबा तक जा रहे हैं। हमने इन मार्गों पर इनके लिए ट्रांजिट प्वाइंट बनाए हैं जहां इन्हें छाया, भोजन, चाय, पानी, दवाएं उपलब्ध हैं। हमारा यह भी संकल्प है कि हम इन्हें मध्यप्रदेश में पैदल नहीं चलने देंगे। प्रदेश की सीमा में प्रवेश करते ही इन्हें वाहन उपलब्ध कराने और दूसरे छोर पर सीमा तक छोड़ने की व्यवस्था की गई है। इन वाहनों का किराया राज्य सरकार दे रही है।

यह समय भी गुजर जाएगा। हम चुनौती को अवसर में बदलेंगे। हमारे इन प्रयासों से प्रदेश का विकास होगा। युवाओं को घर पर ही रोज़गार मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी। अन्य प्रदेशवासी हमारे बारे में सुखद यादें लेकर जाएंगे। यह सद्भावना ही हमारी पूंजी होगी जो पूरे देश में मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान बनाएगी।

शिवराज सिंह चौहान
(ब्लॉगर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

पृथ्वी के संबंध में प्रारंभिक व्यवस्थित सिद्धांत भूकेंद्रित था, जिसके अनुसार पृथ्वी ब्रह्मांड का एक ऐसा अचल केंद्र है, जिसके चारों ओर सूर्य तथा अन्य खगोलपिंड

चक्कर काटते हैं। यूनानी दार्शनिक कलाडियस टॉलमी ने इस मत का अंतिम रूप प्रस्तुत किया। उसने सन् 140 ई. के लगभग खगोलिकी पर एक विश्वकोश बनाया। इसका अरबी भाषा का संक्षिप्त संस्करण 'अल्मगेस्त' नाम से, 1,400 सालों तक खगोलिकी का बाइबिल बना रहा है। सूर्य केंद्रित सिद्धांत का सर्वप्रथम प्रवर्तन पोलैंडवासी खगोलज्ञ निकोलस कापरनिक (1473-1543 ई.)

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 18 मई

पुरानी पीढ़ी से नई पीढ़ी के संवाद का माध्यम हैं संग्रहालय

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, पत्रकार हैं)

अगर कोई व्यक्ति किसी विषय में शोध कर रहा हो, किसी शहर में घूमने गया हो या फिर किसी देश के बारे में जानने का इच्छुक हो। इन तीनों ही परिस्थितियों में उसकी मदद करने में संग्रहालय की भूमिका को काफी प्रामाणिक माना गया है। संग्रहालय शब्द से तात्पर्य है संग्रह का घर अर्थात् वह स्थान जहां वस्तुएं संग्रहित हों। संग्रहालय की परिभाषा डॉ. सेमुअल जॉनसन के अनुसार, संग्रहालय विद्वतापूर्ण जिज्ञासाओं का संग्रह है। संग्रहालय को बाद में विद्वानों की जिज्ञासाओं का संग्रह माना जाने लगा है। इस प्रकार विज्ञान, तकनीकी, औद्योगिकी, प्राकृतिक, विज्ञान, वन, कृषि, पुरातत्व, वाणिज्य, उद्योग, लोक कला, शिल्पक्रीड़ा इतिहास से संबंधित भी संग्रहालय हो सकते हैं अर्थात् विशेष लक्ष्य हेतु विशेष रूप से वस्तुओं का संग्रह व प्रदर्शन जिससे अनौपचारिक शिक्षा का बोध हो संग्रहालय ही कहा जाएगा। 18 मई को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जाता है। संग्रहालय न सिर्फ ज्ञान के लिए जरूरी है बल्कि यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी के मौन संवाद का भी तरीका है, जो हमें अपने पूर्वजों की विरासत को संजोकर रखने के लिए प्रेरित करता है। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस विश्वभर में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

इस वर्ष का विषय

'अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद' के अनुसार, 'संग्रहालय में ऐसी अनेक चीज़ें सुरक्षित रखी जाती हैं, जो मानव सभ्यता की याद दिलाती हैं। संग्रहालयों में रखी गईं वस्तुएं प्रकृति और सांस्कृतिक धरोहरों को प्रदर्शित करती हैं।' इस दिवस का उद्देश्य विकासशील समाज में संग्रहालयों की भूमिका के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ाना है और यह कार्यक्रम विश्व में काफी समय से मनाया जा रहा है। 'अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद' 1992 से प्रत्येक वर्ष एक विषय का चयन करती है एवं जनसामान्य को संग्रहालय विशेषज्ञों से मिलाने एवं संग्रहालय की चुनौतियों से अवगत कराने के लिए संबंधित विषय सामग्री प्रस्तुत करती है।

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2020 का विषय 'Museums for Equality: Diversity and Inclusion' अर्थात समानता के लिए संग्रहालय : विविधता और समावेश है। इसके तहत संग्रहालय सबके लिए विषय केन्द्रित हैं। यानी कि व्यक्ति चाहे किसी भी समाज, वर्ग का हो, महिला हो या पुरुष, निर्धन हो या अमीर, मानसिक रूप से सशक्त हो या निशक्त, शारीरिक रूप से समर्थ हो या फिर असमर्थ। सभी के लिए संग्रहालय हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा संग्रहालय के प्रति लोगों को जागरूक करने से कई बरस पहले अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद् 1977 से इस दिवस को मनाता है। नोवल कोरोना वायरस के

जहां हैं वहीं से ही अपना उद्बोधन दे सकेंगे। इसके अलावा हर वर्ष भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग भारत में भी 'अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस' पर तमाम तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम जनता, छात्रों एवं शोधार्थियों को विभिन्न संग्रहालयों में उपलब्ध समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी देना है।

संग्रहालय के प्रकार

संग्रहालयों में हमारे पूर्वजों की अनमोल यादों को संजोकर रखा जाता है। किताबें, पाण्डुलिपि, रत्न, चित्र, शैलचित्र और अन्य सामानों के रूप में तमाम तरह की वस्तुएं संग्रहालयों में संग्रहित हैं। संग्रहालयों में उपलब्ध सामग्री एवं प्रकृति के अनुसार उन्हें कई भागों में वर्गीकृत किया गया है। इनमें कला संग्रहालय, पुरातात्विक संग्रहालय, उत्खनन स्थानीय संग्रहालय, नृशास्त्रीय संग्रहालय, प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय, विज्ञान संग्रहालय, औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय, वाणिज्य संग्रहालय, स्वास्थ्य संग्रहालय, बाल संग्रहालय एवं बहुआयामी संग्रहालय आदि शामिल हैं।

देश के प्रमुख संग्रहालय

देश में अलग-अलग विषय, वस्तुओं और महत्व के कई संग्रहालय मौजूद हैं। 'भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग' के तहत देश में 40 से अधिक संग्रहालय हैं। इनमें प्रमुख हैं :

गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, चंडीगढ़

चंडीगढ़ शहर की योजना बनाने वाले ले कोर्बसियर ने गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी की स्थापना की थी। चंडीगढ़ में गवर्नमेंट म्यूज़ियम और आर्ट गैलरी की दीर्घाएं पहाड़ी और राजस्थानी लघु चित्रों, गंधारन की मूर्तियों आदि का समृद्ध संग्रह प्रदर्शित करती हैं। अन्य इमारतों में प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (पांडुलिपियों, कलाकृतियों के साथ), चंडीगढ़ आर्किटेक्चर म्यूज़ियम (चंडीगढ़ की योजना और वास्तुकला के बारे में) और पोर्ट्रेट्स की राष्ट्रीय गैलरी का भी संग्रह है।

राष्ट्रीय संग्रहालय

नई दिल्ली में स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय

सालार जंग संग्रहालय

हैदराबाद में स्थित है। ये संग्रहालय देश में सबसे प्रसिद्ध संग्रहालयों में से एक है। इस संग्रहालय की स्थापना 1951 में नवाब मीर यूसुफ खान के महल में हुई, जिसे लोकप्रिय रूप से सालार जंग III कहा जाता था। इसमें भारत, बर्मा और यूरोप जैसे कई देशों से नक्काशी, घड़ियां, धातु, कलाकृतियों, वस्त्रों और चित्रों का संग्रह शामिल है। भारतीय संसद ने इसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में स्वीकार किया है।

डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय

मुंबई में डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय 1872 में स्थापित किया गया था और इसको 2 मई 1872 को जनता के लिए खोला गया। ये संग्रहालय 19वीं शताब्दी के सजावटी कला सम्मेलनों को प्रकट करता है। कुछ संग्रह में वेशभूषा, नक्शे, मिट्टी के मॉडल और ऐतिहासिक तस्वीर शामिल हैं। उस समय इसे विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय के रूप में जाना जाता था। इस संग्रहालय की प्रदर्शनी 19वीं शताब्दी के मुंबई का दर्शन कराती है।

नेपियर संग्रहालय

यह 19वीं सदी में निर्मित केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में स्थित सबसे पुराना संग्रहालय है। इसका नाम मद्रास के गवर्नर लॉर्ड नेपियर के नाम पर रखा गया था। यह कथकली, पिल्ले मॉडल, संगीत वाद्ययंत्र, केरल के रथ और देवताओं और देवी की कांस्य की मूर्तियों जैसे ऐतिहासिक कलाकृतियों का एक बड़ा संग्रह रखता है। नेपियर संग्रहालय की यात्रा करने पर केरल की समृद्ध संस्कृति और इतिहास की झलक दिखाई देती है।

भारतीय संग्रहालय

भारतीय संग्रहालय एशियाई सोसाइटी द्वारा 1814 में कोलकाता में स्थापित किया गया था। इसमें कला, आर्थिक सुंदरता, भूविज्ञान और पुरातत्व, कला के वैज्ञानिक और रचनात्मक कार्यों की पांच गैलरी शामिल हैं। इसके अलावा इसमें गहने का एक अलग संग्रह, मुगल चित्र, कंकाल शामिल हैं। दुनिया में सबसे पुराने और बड़े संग्रहालयों में से एक होने के साथ ये भारत में भी सबसे अधिक प्रसिद्ध है।

राष्ट्रीय रेल संग्रहालय

नई दिल्ली के चाणक्यपुरी क्षेत्र में राष्ट्रीय रेल संग्रहालय स्थित है। बच्चों और रेल में रुचि रखने वाले लोगों के

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

AN ISO 9001:2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग साऊथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001
फोन एवं फैक्स नं. : 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2020-21 जबलपुर, दिनांक 06.05.2020

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. - 03

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
01.	2020_PWDRB_88262	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में प्लास्टर रिपेयरिंग एवं रंगाई, पुताई, पेंटिंग का कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
02.	2020_PWDRB_88263	नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मेडीकल कॉलेज, जबलपुर में जी, एच एवं आई टाईप आवासीय भवन कैम्पस में वी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	18.70 लाख	38000/-	2000/-	04 माह
03.	2020_PWDRB_88264	उपसंभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत मार्गों में वी.टी. पैच रिपेयर का कार्य।	प्रथम	5.00 लाख	10000/-	2000/-	04 माह
04.	2020_PWDRB_88265	पचपेड़ी उपखण्ड सिविल लाईन के अंतर्गत भवनों में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
05.	2020_PWDRB_88266	उपसंभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत मार्गों में सामग्री प्रदाय का कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
06.	2020_PWDRB_88267	सिहोरा उपसंभाग के अंतर्गत अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्ग एवं पुल-पुलियों में मरम्मत कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
07.	2020_PWDRB_88268	उपसंभाग सिहोरा के अंतर्गत मार्गों में सामग्री प्रदाय का कार्य।	प्रथम	8.00 लाख	16000/-	2000/-	04 माह
08.	2020_PWDRB_88269	होमसाईंस कॉलेज उपखण्ड जबलपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एस.आर., एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
09.	2020_PWDRB_88270	उपसंभाग क्र. 1 जबलपुर के अंतर्गत मार्गों में सामग्री प्रदाय का कार्य।	प्रथम	2.50 लाख	5000/-	2000/-	04 माह
10.	2020_PWDRB_88271	देवरी लमतरा मार्ग लंबाई 2.425 कि.मी. मरहा बरेली मार्ग लंबाई 2.10 कि.मी. एवं मोहसाम गुनहरू रायसिमरिया मार्ग लंबाई 1.543 कि.मी. में वी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	द्वितीय	44.35 लाख	50000/-	5000/-	04 माह
11.	2020_PWDRB_88272	मनखेड़ी नवीन चरगवां मार्ग लंबाई 7.68 कि.मी., सरौंद मझगवां मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. एवं मझगवां भरथरी मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. कुल लंबाई 10.68 कि.मी. में वी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	द्वितीय	83.14 लाख	84000/-	10000/-	06 माह
12.	2020_PWDRB_88273	अंधत्व विद्यालय जबलपुर में सेप्टिक टैंक का निर्माण कार्य, सीवर लाईन, वाटर सप्लाई का निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य।	द्वितीय	16.00 लाख	32000/-	2000/-	04 माह
13.	2020_PWDRB_88274	उपसंभाग पाटन के अंतर्गत मार्गों में सामग्री प्रदाय का कार्य।	प्रथम	8.00 लाख	16000/-	2000/-	04 माह
14.	2020_PWDRB_88275	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पुल-पुलियों में मरम्मत कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
15.	2020_PWDRB_88276	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में एम.ओ.डब्ल्यू.एस.आर. एवं अन्य रखरखाव कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	20000/-	2000/-	04 माह
16.	2020_PWDRB_88277	पाटन उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों में प्लास्टर मरम्मत एवं रंगाई, पुताई, डिस्टेम्परिंग, पेंटिंग का कार्य।	प्रथम	5.00 लाख	10000/-	2000/-	04 माह

टीप - (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.06.2020 सायं 5.30 बजे तक है**, अन्य तिथियां ऑनलाइन पोर्टल पर देखी जा सकती हैं। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाइन पोर्टल पर देखा जा सकता है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। (3) भौतिक दस्तावेज जैसे - अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद एवं अन्य दिनांक 11.06.2020 समय 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एवं टेण्डर आई.डी. क्र. 2020_PWDRB_88271 एवं 2020_PWDRB_88272 के लिफाफे स्पीडपोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य अभियंता (मध्यक्षेत्र) लो.नि.वि., जबलपुर में दिनांक 11.06.2020 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र. 2, जबलपुर

जी-11240/43848/2020

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सीहोर (म.प्र.)

(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, एनएचएम, सीहोर)
दूरभाष क्रमांक 07562-226336 e-mail : dpmuseh-mp@nic.in

क्रमांक/NHM/HR/2020/5709 सीहोर, दिनांक 11.05.2020

विज्ञप्ति

Covid-19 महामारी के रोकथाम हेतु जिलों में मानव संसाधन सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के परिपत्र मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल म.प्र. के पत्र क्रमांक/एनएचएम/एच.आर./2020/5848/भोपाल, दिनांक 21.03.2020, 5892 दिनांक 23.03.2020, 5883 दिनांक 23.03.2020 एवं दिनांक क्र./आई.डी.एस.पी./2020/288/भोपाल, दिनांक 25.03.2020 के द्वारा जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति को Covid-19 के नियंत्रण हेतु अस्थायी नियुक्ति के अधिकार प्रत्यायोजित किये गये हैं। शैक्षणिक योग्यता एवं सेवा-शर्तें मिशन संचालक के संदर्भित पत्र अनुसार रहेंगी। नियुक्तियां सूची अनुसार रिक्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ही की जावेंगी, नियुक्तियों हेतु साक्षात्कार प्रत्येक बुधवार (पद पूर्ति तक) को आयोजित किया जावेगा, साक्षात्कार हेतु आवेदक का आवेदन के मूल दस्तावेज जैसे वैध पंजीयन, अंकसूचियां एवं अनुभव प्रमाण-पत्र व उसका एक सेट छायाप्रति ली जावेगी। साक्षात्कार के समय उम्मीदवार को मूल दस्तावेजों (एम.डी./एम.एस., एम.बी.बी.एस., एम.सी.आई./आई.एन.आई.) का वैध पंजीयन, अर्हताकारी परीक्षा (एम.एससी./बी.एससी./डिप्लोमा नर्सिंग की अंकसूची जाति प्रमाण पत्र आदि) तथा इसकी दो छाया प्रतियों के साथ उपस्थित होंगे।

वरीयता का क्रम

चिकित्सकों हेतु - ● स्नातकोत्तर को स्नातक पर वरीयता, ● स्नातकों में अधिक प्राप्तांक को वरीयता, ● प्राप्तांक समान होने पर वरिष्ठ को कनिष्ठ पर वरीयता, ● अधिक आयु को कम आयु पर वरीयता (Internship completion की तिथि के आधार पर)

स्टॉफ नर्स -● एम.एससी., को बी.एससी. जनरल नर्सिंग पर वरीयता, ● बी.एससी. जनरल नर्सिंग में अधिक प्राप्तांक को वरीयता, ● प्राप्तांक समान होने पर वरिष्ठ को कनिष्ठ पर वरीयता।

फार्मासिस्ट - ● औषध निर्माण (फार्मेसी) में डिप्लोमा अथवा औषध निर्माण (फार्मेसी) में बी-फार्मा अथवा औषध निर्माण (फार्मेसी) में एम. फार्मा तथा म.प्र. फार्मेसी कौंसिल का जीवित पंजीयन।

लेब टेक्निशियन - ● पैथलॉजी का 02वीं में एम. फार्मा तथा म.प्र. फार्मेसी कौंसिल का जीवित पंजीयन। पैथलॉजी का 02 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डीएमएलटी) अथवा पैथलॉजी का डिग्री पाठ्यक्रम (बीएमएलटी) अथवा पैथलॉजी का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमएमएलटी) तथा म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद् में जीवित पंजीयन।

निम्नानुसार पदों के आवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं ई-मेल contractualemp.sehore@gmail.com एवं वॉटसप नं. 8989273253 पर प्रेषित किये जा सकते हैं। आवेदक द्वारा आवेदन करते समय निर्धारित प्रपत्र में एवं अपने मूल दस्तावेजों को स्केन कर आवेदन करना होगा। साक्षात्कार के समय सभी आवेदनकर्ता को अपने मूल दस्तावेजों की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। साक्षात्कार हेतु आवेदक को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी जावेगी। साक्षात्कार हेतु उपस्थित उम्मीदवारों में से वरीयता अनुसार चयन किया जायेगा। यह वरीयता केवल उक्त दिवस हेतु होगी। रिक्तियां शेष रहने तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

क्र.	पदनाम	क्र.	पदनाम
1.	एम.डी. मेडिसीन एम.डी./डी.ए. ऐनेस्थिशिया	2.	चिकित्सा अधिकारी (एम.बी.बी.एस.)
3.	आयुष चिकित्सक	4.	स्टॉफ नर्स (मेल/फीमेल)
5.	लेब टेक्निशियन	6.	फार्मासिस्ट

उपरोक्त पदों का चयन केवल कोरोना संक्रमित व संभावित रोगियों के उपचार हेतु बनाये गये स्वास्थ्य संस्था हेतु किया जा रहा है। अभ्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना आवश्यक है।

संविदा सेवा शर्तें निम्नानुसार रहेंगी -

1. उक्त सेवायें तीन माह हेतु अर्थात **30 जून 2020** या स्वास्थ्य विभाग के आगामी आदेश तक ली जा सकेंगी। उक्त विज्ञप्ति बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकेगी।
2. चयन से संबंधित अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा।
3. संविदा अनुबंध के आधार पर नियमितीकरण संबंधी कोई मांग या दावे स्वीकार्य नहीं होंगे।
4. चयन साक्षात्कार के माध्यम से प्रत्येक बुधवार (पद पूर्ति तक)
5. आवेदेकों का चयन मेरिट, शैक्षणिक योग्यता, वरिष्ठता, उम्र एवं अनुभव के आधार पर किया जावेगा।
6. कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी।

नोट- आवेदन संलग्न प्रारूप में

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-सीहोर (म.प्र.)

पूर्णतः अस्थायी ..... सीमित अवधि हेतु

1. स्वास्थ्य संस्था का नाम :- ----------
2. आवेदित पद का नाम :- ----------
3. उच्चतम योग्यता :- ----------

आवेदन का प्रारूप
जिला स्वास्थ्य समिति सीहोर (म.प्र.)
दिनांक 04.2020
(स्नातकोत्तर चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधिकारी/स्टॉफ नर्स हेतु आवेदन)

फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम :- ----------
2. पिता/पति का नाम :- ----------
3. जन्म तिथि :- ----------
   (जन्म तिथि सत्यापन हेतु बोर्ड की अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न करें)
4. वर्ग (Gen/SC/ST/OBC) :- ----------
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)
5. घर/पत्र व्यवहार का पता :- ----------
6. आधार कार्ड :- ----------
7. योग्यता अर्हता :- ----------
8. प्रशिक्षण केंद्र का नाम :- ----------
9. जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र :- ----------
10. ई-मेल :- ----------
11. मोबाइल नं. :- ----------
12. विवाहित/अविवाहित :- ----------
13. गृह जिला :- ---------- (मूल निवासी प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें)
14. शारीरिक निःशक्तता :- ----------
    हां/नहीं (दृष्टि वाधित/अस्थि वाधित/मूवधिर) (यदि हां तो उल्लेख करें एवं प्रमाण-पत्र संलग्न करें)
15. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता :- (कक्षा 10वीं से आगे तक)

क्र.	परीक्षा का नाम	वर्ष	बोर्ड/वि.वि. का नाम	विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

16. आवेदक के विरुद्ध क्या किसी न्यायालय में कभी कोई आपराधिक प्रकरण चला अथवा विचाराधीन रहा है या पुलिस में कोई प्रकरण पंजीवद्ध हुआ है यदि हां तो विवरण दें यदि निर्णय हो गया हो तो निर्णय की जानकारी दी जावे।

घोषणा पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त वर्णित विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास में सत्य है इसमें मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है। मेरे द्वारा प्रस्तुत जानकारी गलत पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति को आवेदन पत्र निरस्त करने एवं कानूनी कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

मेरे द्वारा यह आवेदन अस्थायी नियुक्ति हेतु ..... से 30 जून 2020 तक के लिये किया जा रहा है।

17. संलग्न प्रमाण-पत्रों का विवरण - 1. ..... 2. .....

नोटः- अभिलेखों की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करें।

दिनांक : .....

आवेदक/आवेदिका नाम एवं हस्ताक्षर

जी-11301/43866/2020

कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल ग्वालियर (म.प्र.)

निविदा (ई-टेण्डर) आमंत्रण सूचना (संशोधित)

वार्षिक ठेका 2020-21

जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र क्रमांक 5613/निर्वाह शाखा/भोपाल, दिनांक 16.03.2020 एवं जेल मुख्यालय के पत्र क्रमांक 6863/निर्वाह शाखा/2020 भोपाल दिनांक 22.04.2020 के पालन में केन्द्रीय जेल ग्वालियर एवं अधीनस्थ जिला जेल दतिया, भिण्ड, मुरैना, सब जेल विजयपुर, सबलगढ़, जौरा, अम्वाह, गोहद, मेंहगांव, लहार, डबरा तथा सेवढ़ा में परिरूद्ध बंदियों हेतु खाद्यान्न सामग्री, सब्जी, दूध, दवाईयों एवं अन्य सामग्रियों तथा केन्द्रीय जेल ग्वालियर पर उद्योग में लगने वाली सामग्रियों के लिए वार्षिक ई-निविदा की तिथियों में संशोधन कर आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा जमा होने की **अंतिम तिथि 26.05.2020** व समय शाम 05.30 बजे तक रहेगी।
इच्छुक व्यापारीगण संबंधित जेल से निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय प्रातः 09.30 बजे से 01.30 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। निविदा की जानकारी **https://mptenders.gov.in/** वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

1. प्री-विड मीटिंग की तिथि	दिनांक 15.05.20 दोपहर 11.30 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल ग्वालियर
2. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	**दिनांक 26.05.2020** सायंकाल 05.30 बजे	**https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी।
3. दस्तावेजों की प्रति, नमूने जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 27.05.2020 प्रातः 11.00 बजे तक	कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल ग्वालियर
4. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 28.05.2020 अपरान्ह 05.30 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल ग्वालियर

क्र.	क्रय करने वाली सामग्री का विवरण	अनुमानित राशि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र राशि	ऑनलाइन टेण्डर नम्बर	निविदा हेतु समयावधि
1.	खाद्य सामग्री	34000000	680000	1000	2020_DGPCS_84688	01 वर्ष
2.	सब्जियाँ (मौसम अनुसार)	7500000	150000	1000	2020_DGPCS_84690	01 वर्ष
3.	दूध, दही, फल एवं अन्य सामग्री	9800000	196000	1000	2020_DGPCS_84691	01 वर्ष
4.	स्वच्छता सामग्री	6500000	130000	1000	2020_DGPCS_84693	01 वर्ष
5.	दवाइयां	7670000	153400	1000	2020_DGPCS_84692	01 वर्ष
6.	प्रिंटिंग उद्योग में लगने वाली विविध सामग्री	7300000	146000	1000	2020_DGPCS_84698	01 वर्ष
7.	काष्ठकला उद्योग में लगने वाली विविध सामग्री	350000	7000	500	2020_DGPCS_84699	01 वर्ष
8.	सिलाई उद्योग में लगने वाली विविध सामग्री	50000	1000	500	2020_DGPCS_84700	01 वर्ष
9.	लोहारी, वेल्डिंग एवं पैकिंग में लगने वाली विविध सामग्री	300000	6000	500	2020_DGPCS_84701	01 वर्ष

5. निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।
मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं सेवाओं को उत्कृष्ट बनाया जाए

कोविड-19 के लिये 1 लाख बेड्स की हो व्यवस्था - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं सेवाओं को उत्कृष्ट बनाया है, जिससे कोरोना के उपरांत भी हम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। प्रदेश में वर्तमान में कोरोना के लिए 35 हजार बेड्स की व्यवस्था की गयी है, जो कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए पर्याप्त है, इसे बढ़ाकर एक लाख किया जाए। जिलों में पदस्थ किए जाने वाले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अच्छी सेवाएं दें यह सुनिश्चित किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

अब 11 दिन में मरीज डिस्चार्ज हो सकेंगे

आई.सी.एम.आर. की नई गाइडलाइन के अनुसार अब कोरोना निगेटिव आने पर 11 दिन में ही मरीज को डिस्चार्ज किया जा सकेगा, पहले यह अवधि 14 दिन थी।

संक्रमित क्षेत्र पूरी तरह सील रहें

मुख्यमंत्री ने नीमच जिले की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि संक्रमित क्षेत्र पूरी तरह सील रहें। संक्रमित मरीजों की पूरी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग करें। पूरी सावधानी रखें।

उज्जैन में 132 हुए डिस्चार्ज

उज्जैन जिले की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वहां स्थिति बेहतर हुई है। 132 मरीज स्वस्थ होकर घर गए हैं तथा संक्रमित मरीजों की संख्या 87 रह गई है। आरडी गार्डी अस्पताल की व्यवस्थाएं भी सुधर गई हैं। ट्रामा सेंटर में कोविड अस्पताल 3-4 दिन में प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

पहला प्रकरण आया है पूरी सावधानी रखें

श्री चौहान ने सीधी जिले की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि वहां पहला प्रकरण आया है, पूरी सावधानी रखें, जिससे संक्रमण आगे न बढ़े। मरीज की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर सभी का टेस्ट करें। मुरैना जिले को क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठकें नियमित किए जाने के निर्देश दिए गए। आगर-मालवा में अब कोई संक्रमित मरीज नहीं है।

71 ट्रेनों की मांग भेजी है 15 की और भेज रहे हैं

प्रदेश में अन्य प्रदेशों से लौट रहे मजदूरों के विषय में अपर मुख्य सचिव श्री आईसीपी केशरी ने बताया कि अभी तक प्रदेश में 02 लाख 34 हजार मजदूर वापस आ गए हैं। बाहर से मजदूरों को लाने के लिए अभी तक रेल मंत्रालय को 71 ट्रेनों की मांग भेजी गई है तथा 15 ट्रेन की मांग और भिजवाई जा रही है।

पैदल चलने वालों को वाहन

श्री चौहान ने बताया कि विभिन्न जिलों में पैदल चलने वाले मजदूरों को वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, इसके लिए पर्याप्त संख्या में बसें लगाई गयी हैं। सभी के भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है।

विद्यार्थियों के लिए भी ट्रेन की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यथासंभव विद्यार्थियों को भी ट्रेन से उनके गंतव्य तक पहुँचाने की व्यवस्था की जाए। प्रदेश के सभी स्थानों पर फंसे व्यक्तियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए ई-पास की व्यवस्था सुचारू रहे।

उपार्जन केंद्रों पर न लगे भीड़

श्री चौहान ने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर भीड़ न लगे। यदि आवश्यकता हो तो उपार्जन उप केंद्र बनाये जायें। प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि अभी तक प्रदेश में 71 लाख 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है, जिसमें से 60 लाख मीट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। 7 लाख 5 हजार किसानों को 7 हजार 400 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। प्रमुख सचिव कृषि श्री अजीत केसरी ने बताया कि प्रदेश में चना, मसूर, सरसो के उपार्जन का कार्य भी जारी है।

श्रम विभाग की 18 सेवाएं अब एक दिन में मिलेंगी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार उद्योगों को सहूलियत देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम में श्रम विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की अवधि में संशोधन किया गया है। अब श्रम विभाग की 18 सेवाओं को एक दिन में देने का प्रावधान किया गया है। पूर्व में इन सेवाओं को 30 दिन में देने का प्रावधान था। इसकी अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

जारी अधिसूचना के अनुसार मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 की धारा-1 की उपधारा(4) के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में स्थापित संस्थाओं का पंजीयन समय-सीमा में किया जाना, संविदा श्रम (वि. एवं स.) अधिनियम 1970 की धारा 12 के अन्तर्गत 20 श्रमिक एवं अधिक ठेका श्रमिक नियोजित करने वाले ठेकेदार को अनुज्ञप्ति का निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय किया जाना, संविदा श्रम (विनियमन एवं समाप्ति) अधिनियम 1970 की धारा 12 सहपठित मध्यप्रदेश नियम 1973 के नियम 29 के अंतर्गत 20 श्रमिक एवं अधिक ठेका श्रमिक नियोजित करने वाले प्रत्येक ठेकेदार को जारी अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति पर उसका नवीनीकरण निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय किया जाना, संविदा श्रम (विनियम एवं समाप्ति) अधिनियम 1970 की धारा 12 के अंतर्गत 20 श्रमिक एवं अधिक ठेका श्रमिक नियोजित करने वाले प्रत्येक ठेकेदार को जारी अनुज्ञप्ति में मध्यप्रदेश नियम 1973 के नियम 28 में संशोधन चाहे जाने पर निर्धारित समय-सीमा में संशोधन अनुज्ञप्ति प्रदाय किया जाना, कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत गैर खतरनाक श्रेणी के कारखानों को नवीन अनुज्ञप्ति का निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय किया जाना है, कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 6,7 सहपठित नियम 7 के अन्तर्गत कारखानों का अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण/संशोधन निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय किया जाना है, दुकानों, वाणिज्यिक स्थापनाओं/मोटर परिवहन आदि स्थापनाओं के लिए स्व-प्रमाणीकरण योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण कर निर्धारित समय-सीमा में स्वीकृति प्रदाय किया जाना, कारखानों में स्व-प्रमाणीकरण योजना के अंतर्गत कारखानों से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण के संबंध में निर्देश, अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन का विनियमन एवं सेवा शर्तें) अधिनियम 1979 के अंतर्गत जारी पंजीयन एवं लायसेंस प्रदाय करने विषयक, मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 के अंतर्गत पंजीयन एवं लायसेंस का प्रदाय करने विषयक, भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 के अंतर्गत पंजीयन प्रदाय करने विषयक, मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतगत दुकान एवं वाणिज्यिक स्थापनाएँ जिनके पंजीयन प्रमाण-पत्र में संशोधन होना हो, जैसे कि नियोजित श्रमिकों की संख्या में कोई भी परिवर्तन, मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत दुकान एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं के पंजीयन की वैधता समाप्त होने वाली हो तथा पूर्व में जारी हुआ पंजीयन प्रमाण-पत्र में दर्ज हुई जानकारी में संशोधन भी होना हो (जैसे कि नियोजित श्रमिकों की संख्या में कोई भी परिवर्तन), कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 6,7 सहपठित नियम 3-ए के अंतर्गत कारखानों के साईट प्लान एवं विस्तृत नक्शों की अनुज्ञा जारी किया जाना, कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 6,7 सपठित नियम 6 के अंतर्गत गैर खतरनाक श्रेणी के कारखानों की नवीन अनुज्ञप्ति प्रदाय, बीड़ी एवं सिगार कामगार (नियोजन एवं शर्तें अधिनियम) 1966 औद्योगिक परिसर को अनुज्ञप्ति का प्रदाय, बीड़ी एवं सिगार कामगार (नियोजन एवं शर्तें अधिनियम) 1966 औद्योगिक परिसर को अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण, संविदा श्रम (विनियम एवं समाप्ति) अधिनियम 1970 के अंतर्गत प्रमुख नियोजक का पंजीयन प्रदाय करने की अवधि एक दिन निर्धारित की गयी है। पंजीयन के लिए आवेदन और आदेश ऑनलाइन होगा।

इन सेवाओं के लिये प्रथम अपीलीय अधिकारी और द्वितीय अपीलीय अधिकारी का भी पदांकन कर दिया गया है। प्रथम अपील के निराकरण की अवधि 30 कार्य दिवस निर्धारित की गई है।

कक्षा एक से आठ तक अध्ययनरत विद्यार्थी होंगे प्रोन्नत

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के बचाव के मद्देनजर कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को प्रोन्नत करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र श्री लोकेश जाटव ने सभी कलेक्टरों को दिए।

श्री जाटव ने कहा है कि प्रदेश के ऐसे अशासकीय/अनुदान प्राप्त विद्यालय जिनमें कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षा 19 मार्च 2020 अथवा उससे पूर्व सम्पन्न हो चुकी हैं, वे अपनी संस्था का वार्षिक परीक्षा परिणाम नियमानुसार घोषित करेंगे, परंतु किसी भी दशा में विद्यार्थियों को उसी कक्षा में रोका नहीं जायेगा। जिन विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं नहीं हो सकी हैं, उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप मासिक, अर्द्धवार्षिक एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जाए।

समस्त शासकीय विद्यालयों में भी अध्ययनरत कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप मासिक, अर्द्धवार्षिक एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जाए। कक्षा आठ के विद्यार्थियों को प्रारंभिक शिक्षा पूर्णतः प्रमाण-पत्र भी जारी किए जाएं। पूरे सत्र के दौरान मासिक, त्रैमासिक (केवल कक्षा 5 और 8) अर्द्धवार्षिक एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर पूर्व में तैयार प्रगति-पत्रक तथा अन्य मूल्यांकन अभिलेखों में वार्षिक के कॉलम में डेश (-) अंकित किया जाए।

वन अनुसंधान और विस्तार में इंदौर प्रथम और जबलपुर द्वितीय स्थान पर

भोपाल, वन विभाग ने वन अनुसंधान और विस्तार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन वृत्तों की कार्य प्रदर्शन के आधार पर ग्रेडिंग की है। सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ इंदौर को प्रथम, जबलपुर द्वितीय, भोपाल और रतलाम को तृतीय स्थान मिला है। रीवा और खण्डवा को उत्कृष्ट तथा झाबुआ, सागर, ग्वालियर, सिवनी और बैतुल की परफार्मेंस अच्छी रही।

ग्रेडिंग में इंदौर को 10 में से 9.25, जबलपुर को 8.50, भोपाल और रतलाम को 7.50, रीवा को 6.50, खण्डवा को 6, झाबुआ, सागर, ग्वालियर, सिवनी और बैतुल प्रत्येक को 5.25 अंक मिले। कुल नम्बरों में से 2 अंक बीज स्रोत, एक-एक अंक आरईटी, विस्तार, अधोसंरचना रख-रखाव, राजस्व, प्रशिक्षण और जैविक खाद का उत्पादन और उपयोग के लिये और आधा-आधा अंक रिपोर्टिंग तथा फाइकस और औषधीय पौधों के लिये निर्धारित था।

'एफआईआर-आपके द्वार' योजना

मध्यप्रदेश में अब घर आकर रिपोर्ट लिखेगी डायल-100 - गृह मंत्री

भोपाल, गृह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में "एफआईआर-आपके द्वार" योजना का शुभारंभ किया। पुलिस द्वारा मात्र पांच दिवस में योजना को अमलीजामा पहनाकर प्रदेश में लागू किया गया है। इस प्रकार की योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश बन गया है।

गृह मंत्री ने नवीन पुलिस कंट्रोल रूम में योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण काल में एफआईआर-आपके द्वार योजना से समस्याओं का निवारण आसानी से हो सकेगा। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिये जनता को थाने तक नहीं जाना पड़ेगा। थाना उनके द्वार तक पहुंचेगा। पुलिस विभाग की यह योजना मील का पत्थर साबित होगी।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि 'एफआईआर-आपके द्वार' योजना 11 संभागीय मुख्यालयों के एक शहरी थाना और एक ग्रामीण थाने और गैर संभागीय मुख्यालय दतिया के एक शहरी थाना सहित पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में 23 थानों में प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश की डायल-100 सेवा ने जनता का दिल जीता है। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों को अस्पताल पहुंचाकर अनेकों की जान बचाई जा चुकी हैं। अब शिकायत प्राप्त होते ही डायल-100 शिकायतकर्ता के घर जाकर एफ.आई.आर. दर्ज करेगी।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल में 'एफआईआर-आपके द्वार' योजना का शुभारंभ करते हुये।

पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने इस अवसर पर जानकारी दी कि डायल-100 में एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिये प्रशिक्षित प्रधान आरक्षक रहेंगे। सामान्य प्रकार की शिकायतों की डायल-100 द्वारा मौके पर ही एफ.आई.आर. दर्ज की जायेगी। गंभीर शिकायतों पर वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर निर्णय लिये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि एफआईआर-आपके द्वार योजना 31 अगस्त तक पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चलेगी। इसके बाद इसका आकलन किया जाएगा और व्यवस्था को पुख्ता बनाकर आवश्यक सुधार व परीक्षण उपरांत पूरे प्रदेश में लागू किया जायेगा।

हेल्पलाइन 'डायल 112' की शुरुआत

डॉ. मिश्रा ने इस अवसर पर इमरजेन्सी रिस्पांस सिस्टम अंतर्गत 'हेल्पलाइन डायल 112' का शुभारंभ करते हुए बताया कि 112 नम्बर पर डायल करने से जनता को एम्बुलेंस, पुलिस और अग्निशमन सेवाएँ एक ही नम्बर पर उपलब्ध हो सकेंगी। कंट्रोल रूम से शिकायतों का वर्गीकरण किया जाकर तत्काल संबंधित विभागों से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा सकेगा। डॉ. मिश्रा ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण काल में पुलिस ने उसी प्रकार से जनता की सेवा की है जैसे सेना के जवान सरहदों पर देश की सुरक्षा में जी-जान से जुटे रहते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

स्व-सहायता समूहों का किया जाए आर्थिक सशक्तिकरण

भोपाल, मध्यप्रदेश के समस्त महिला स्व-सहायता समूहों का आर्थिक सशक्तिकरण किया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग रोडमैप बनाएं, प्राथमिकताएं तय करें तथा समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करें। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में महिला स्व-सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण संबंधी बैठक में कही।

अभियान चलाकर स्व-सहायता समूहों का गठन करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निष्क्रिय समूहों को सक्रिय करें, उनका बैंक लिंकेज करवाएं। श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में अभी 71 हजार समूहों के बैंक खाते नहीं खुले हैं तथा 22 हजार 707 समूह निष्क्रिय हैं। प्रदेश में 2 लाख 10 हजार महिला स्व-सहायता समूहों के गठन का लक्ष्य है।

देश दुनिया में जो बेहतर हो रहा है उसे प्रदेश में लागू करें

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने तथा उन्हें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में अधिक से अधिक सक्रिय करने के लिए देश-दुनिया में जो भी बेहतर हो किया जाए।

प्रदेश में किए गए उत्कृष्ट कार्य

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव ने प्रदेश में स्व सहायता समूहों के उत्कृष्ट कार्यों के विषय में बताया कि उनके द्वारा क्लस्टर आधारित मसाला फसल एवं सब्जी उत्पादन, उन्नत कृषि - जैविक खाद एवं जैविक कीट-नाशक का प्रयोग, मचान विधि से सब्जी उत्पादन, समूह उत्पादित सब्जियों का आजीविका फ्रेश के माध्यम से विपणन, एनडीडीबी डेरी सर्विसेज के सहयोग से दुग्ध वैल्यू चेन संबंधी कार्य (सागर, राजगढ़, आगर में 19,876 हितग्राही द्वारा प्रतिदिन 18 हजार लीटर तक दुग्ध उत्पादन), 5 प्लांट्स में टेक होम राशन का निर्माण, कृषि सखियों द्वारा अन्य प्रदेशों - उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब में महिला समूहों को प्रशिक्षण (724 सखियों द्वारा 2.95 करोड़ रुपये की आय), समुदाय द्वारा सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र संचालन, 13 जिलों में उत्कृष्ट रूप से संचालित प्रारम्भिक ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम (03 बार भारत सरकार से पुरस्कृत) आदि प्रमुख हैं।

तेजस्विनी समूहों द्वारा उत्कृष्ट कार्य

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार की गयी सामग्री की प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर मार्केटिंग की समुचित व्यवस्था की जाए जिससे उन्हें अच्छा लाभ मिल सके। प्रमुख सचिव श्री अशोक शाह ने बताया कि प्रदेश में तेजस्विनी महिला समूहों द्वारा कोदो कुटकी सामग्री निर्माण, दुग्ध संग्रह विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री निर्माण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि तेजस्विनी महिला स्व-सहायता समूहों को आजीविका मिशन में हस्तांतरित न करते हुए पूर्ववत् संचालित किए जाने की अनुमति दी जाए।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में टीम इंडिया कोरोना से जंग जल्दी जीतेगी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी शिरकत की।

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोरोना के संबंध में देश के सभी मुख्यमंत्रियों के साथ की गई वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि, संकल्पशक्ति तथा उनके कुशल नेतृत्व में टीम इंडिया कोरोना के विरुद्ध जंग में शीघ्र जीत हासिल करेगी। प्रधानमंत्री ने संघीय ढांचे के सम्मान और गरिमा के अनुरूप निरंतर राज्यों के साथ संवाद एवं समन्वय करके देश में कोरोना के विरुद्ध इतनी सशक्त रणनीति लागू की है, जिससे हमने कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण पाया है। गृह विभाग की एडवायजरी राज्यों के लिए अत्यंत स्पष्ट और उपयोगी होती है।

केंद्र का निरंतर सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संकट में राज्यों को केंद्र का निरंतर सहयोग मिल रहा है। केंद्र द्वारा भेजी गयी टीम अधिक संक्रमित क्षेत्रों में आयी तथा उन्होंने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया है। मजदूरों के लिये चलायी गयी ट्रेन मजदूरों को वापस लाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुई हैं। मनरेगा में केंद्र द्वारा भिजवायी गयी 661 करोड़ रुपये की राशि तथा एन.डी.आर.एफ. की 910 करोड़ रुपये की राशि इस संकट के समय काफी सहायक सिद्ध हुई। प्रदेश में 16 लाख मजदूरों को मनरेगा में कार्य दिया गया है। प्रदेश में विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियां प्रारंभ की गयी हैं। एम.एस.एम.ई. उद्योगों के लिए राज्यों को पैकेज दिया जाए।

श्रम कानूनों में सुधार मण्डी एक्ट में परिवर्तन

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक निवेश प्रोत्साहन के लिए श्रम कानून में क्रांतिकारी सुधार किए गए हैं। किसानों को उनकी उपज का अधिक से अधिक दाम दिलाने के लिए मण्डी एक्ट में परिवर्तन किए गए हैं, जिनके अंतर्गत अब किसान अपने घर से सौदा-पत्रक के माध्यम से, मण्डी में तथा ई-टेडरिंग के माध्यम से भी अपनी फसल बेच सकते हैं।

चौथे लॉकडाउन का स्वरूप मिला-जुला हो

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में सुझाव दिया कि प्रदेश में कोरोना के संक्रमण को प्रभावी ढंग से रोकने तथा अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़े करने के उद्देश्य से चौथे लॉकडाउन का स्वरूप मिला-जुला हो। संक्रमित क्षेत्र में पूरी सख्ती बरती जाये, वहीं अन्य क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को सुचारू करने के उद्देश्य से छूट दी जायें। रात्रिकालीन कर्फ्यू शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक यथावत रहे। धीरे-धीरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट नियंत्रित रूप से प्रारंभ किए जाएं। सभी प्रकार के उत्सव प्रतिबंधित हों।

नई जीवन शैली अपनानी होगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्री-कोरोना दुनिया से पोस्ट-कोरोना दुनिया बदल चुकी होगी। हमें उसके अनुरूप एक नई जीवनशैली अपनानी होगी तथा उसके अनुरूप कार्य करना होगा। हम अब इंतजार नहीं कर सकते। राज्यों को इस दिशा में नेतृत्व करना होगा।

ग्रीन जोन में जीवन को सहज बनाना होगा

श्री मोदी ने कहा कि रेड जोन क्षेत्रों में पूरी सावधानी रखी जाने के साथ ही हमें ग्रीन जोन क्षेत्रों में जीवन को सहज बनाना होगा। आगामी समय में बारिश आने वाली है, जब अन्य बीमारियां बढ़ती हैं।

हमें कोरोना के अलावा दूसरी बीमारियों के इलाज के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं को सक्रिय करना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग करना होगा।

पोस्ट-कोरोना टूरिज़्म

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें पोस्ट कोरोना टूरिज़्म कैसा हो, इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। भारत में इसके लिए पर्याप्त अवसर हैं।

हमें अपनी आर्थिक गतिविधियों को पहले से भी तेज करना होगा। परिवर्तनों के साथ हमें भारत में नये अवसर पैदा करने होंगे।

सी.एम. हेल्पलाइन से बड़ी संख्या में लोगों को मिल रही राहत

भोपाल, प्रदेश में कोरोना के कारण लागू लॉकडाउन में सी.एम. हेल्पलाइन नम्बर 181 आम नागरिकों और सभी जरूरतमंदों के लिये सबसे बड़ा आसरा बन गया है। इस नम्बर पर अब तक 6 लाख 42 हजार 416 लोगों के फोन करने पर भोजन, राशन, दवाओं, परिवहन तथा अन्य प्रकार की राहत उपलब्ध कराई गई है। सी.एम. हेल्पलाइन पर अब तक फसल कटाई, फसल परिवहन आदि की 1030 समस्याओं का तुरंत निराकरण सुनिश्चित किया गया है। सी.एम. हेल्पलाइन पर अब तक भोजन संबंधी 5 लाख 19 हजार 021, परिवहन संबंधी 37 हजार 920, दवाइयों संबंधी 33 हजार 170, आवश्यक वस्तुएं जैसे दूध, सब्जी आदि संबंधी 16 हजार 822 समस्याओं की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर सहायता मुहैया कराई गई।

आदिवासी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिये और अधिक आर्थिक मदद मिले

भोपाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के दौर में आदिवासी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। इन क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिये केंद्र की ओर से मिलने वाली आर्थिक मदद को बढ़ाये जाने की जरूरत है। उन्होंने 'बंधन' योजना में 15 से 20 महिलाओं के समूह को मिलने वाली डेढ़ लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर ढाई लाख रुपये करने की बात कही। वीडियो कॉन्फ्रेंस के प्रारंभ में केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने बताया कि कोरोना संक्रमण के कारण आदिवासी क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती देने की आवश्यकता महसूस की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राज्यों के आदिम जाति कल्याण मंत्रियों से चर्चा की जा रही है।

- आदिवासी क्षेत्र में विस्थापन में दी जाने वाली मुआवजा राशि बढ़ाने की जरूरत।
- आदिवासी क्षेत्र में 86 बंधन केंद्र मंजूर।
- वनोपज की बिक्री के लिये हाट बाजार में 'अपनी दुकान' की शुरुआत।

केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश की आदिम जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने भी हिस्सा लिया।

आदिम जाति कल्याण मंत्री ने बताया कि कोरोना संकट के कारण प्रदेश में आदिवासी क्षेत्रों में प्रवासी मजदूरों की वापसी हुई है। ऐसे में इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोज़गार आधारित कार्य शुरू किये जाने की आवश्यकता है। सुश्री मीना सिंह ने आदिवासी समेत अन्य परिवार के विस्थापन में दी जाने वाली 10 लाख रुपये की मुआवजा राशि को कम बताते हुए कहा कि विस्थापन के कारण उनका रोज़गार भी प्रभावित होता है ऐसे में मुआवजा की राशि बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। सुश्री मीना सिंह ने बताया कि प्रदेश में महुआ की खरीदी 35 रुपये किलो की दर पर की जा रही है। इसके साथ ही वनवासियों से तेन्दूपत्ता 2 हजार 500 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जा रहा है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 15 जिलों के आदिवासी बहुल क्षेत्र में 86 बंधन केंद्र मंजूर हुए हैं। प्रत्येक बंधन केंद्र में 300 सदस्य जोड़े गए हैं जो वनोपज संग्रहण का कार्य कर रहे हैं। बंधन से जुड़े सदस्यों को लघु वनोपज प्र-संस्करण के प्रशिक्षण और उपकरण देने का कार्य किया जा रहा है।

केंद्र सरकार से बंधन केंद्रों के विकास के लिये प्रदेश को 7 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है। प्रदेश में वनोपज की बिक्री के लिये हाट-बाजार में 'अपनी दुकान' विकसित की गई है। इन दुकानों के माध्यम से वनवासियों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में लघु वनोपज के 12 किस्मों के समर्थन मूल्य राज्य शासन द्वारा घोषित किये गये हैं।

ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टियां आमंत्रित

भोपाल, राज्य जैव-विविधता बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस-22 मई के अवसर पर हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। हिन्दी में विषय होगा 'कोविड-2019 : जैव-विविधता संरक्षण-हमारे समाधान प्रगति में हैं'। इसी तरह अंग्रेजी का विषय होगा 'कोविड-19 वायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन-अवर सल्युशन्स आर इन नेचर'।

प्रविष्टियां जैव-विविधता बोर्ड की वेबसाइट www.mpsbb.nic.in पर 21 मई, 2020 तक स्वीकार की जायेंगी।

सदस्य मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता बोर्ड श्री श्रीनिवास मूर्ति ने बताया कि हिन्दी और अंग्रेजी की तीन-तीन सर्वोत्कृष्ट प्रविष्टियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता के लिये 3 श्रेणी निर्धारित की गई हैं। प्रथम श्रेणी में कक्षा-8 से 12वीं तक के विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में कॉलेज के विद्यार्थी और तृतीय श्रेणी में अन्य जन-सामान्य (शासकीय सेवक भी सम्मिलित) होंगे।

दोनों ही भाषाओं में स्कूल के विद्यार्थी (कक्षा-8 से 12 तक) प्रथम पुरस्कार 2500 रुपये, द्वितीय 1500 रुपये और तृतीय पुरस्कार 1 हजार रुपये का होगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों और जन-सामान्य के लिये के लिये ये तीनों पुरस्कार क्रमशः 5 हजार, 3 हजार और 2 दो हजार रुपये के होंगे।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग समिति का गठन

भोपाल, प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत प्राइम सपोर्ट स्कीम में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय मॉनीटरिंग समिति का गठन किया गया है। राज्य शासन द्वारा समिति गठन का आदेश जारी किया गया। राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति, प्रदेश में योजना के क्रियान्वयन, प्रगति तथा दैनिक क्रियान्वयन में आने वाले गतिरोध की समीक्षा करेगी। समिति योजना के क्रियान्वयन के लिये आवश्यक निर्णय भी लेगी।

समिति में कृषि उत्पादन आयुक्त, प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास, प्रमुख सचिव खाद्य उपभोक्ता संरक्षण एवं नागरिक आपूर्ति, प्रमुख सचिव राजस्व, प्रमुख सचिव सहकारिता, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ भोपाल, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन भोपाल, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक भोपाल, संचालक खाद्य उपभोक्ता संरक्षण एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, आयुक्त/सह पंजीयक सहकारी संस्थाएं, मुख्य सूचना अधिकारी एनआईसी भोपाल सदस्य बनाए गए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

रोदा की

सैन फ्रांसिस्को के सीनियर सिटीजन होम में मनाया 100वां जन्मदिन

कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को स्थित सीनियर सिटीजन लिविंग सेंटर में रोदा की ने केक काटकर अपना 100वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने लोगों को कोरोना संक्रमण के बीच बिना डर के जीने का अहम संदेश दिया। हालाकि कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से इस सेंटर में किसी को बाहर से आने की इजाजत नहीं थी। लेकिन रोदा मीडिया के द्वारा खींचे गए हर फोटोग्राफ में खुश नजर आ रही थीं।

युवी सैनिटाइज़र

आईटीआई के छात्रों ने माइक्रोवेव से बनाया

ओडिशा में ब्रह्मपुर स्थित आईटीआई के छात्रों ने घर में अनुपयोगी माइक्रोवेव ओवन को अल्ट्रा वॉयलेट सैनिटाइज़र में बदल दिया है। इस यूवी सैनिटाइजर के माध्यम से मास्क, पीपीई किट को भी सैनिटाइज कर दोबारा उपयोग किया जा सकता है। घड़ी, पर्स, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान को सैनिटाइज करने में यह मददगार है और इस पर केवल 1200 रुपये का खर्च आता है।

बृहस्पति ग्रह की

पहली बार आई नायाब फोटो

खगोल विज्ञानियों ने पहली बार बृहस्पति ग्रह की नायाब तस्वीर ली है। इसे हवाई के जेमिनी नॉर्थ टेलीस्कोप से इंफ्रारेड के जरिए लिया गया है। इससे इस ग्रह पर मौजूद गैसों और इसकी गर्मी का पता चलता है।



यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया ने इस प्रोजेक्ट से यह पता करने की कोशिश की है कि यहां मौसम कैसा रहता है। उसी दौरान यह फोटो ली गई है।

द्वितीय विश्वयुद्ध की

75वीं वर्षगांठ मनाई गई

यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति की 75वीं वर्षगांठ पर इंग्लैंड के मैनचेस्टर में एक स्ट्रीट पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने विंटेज ड्रेस पहनकर सड़क पर जमकर नृत्य किया। इसके साथ ही द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गये लोगों के लिये दो मिनट का मौन रखा गया तथा महारानी ने देश के नाम एक संदेश दिया।

इजराइल ने

सड़क का नाम टैगोर रखा

नोबेल पुरस्कार प्राप्त रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर इज़राइल ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए तेल अवीव की एक सड़क को उनका नाम दिया है। इसका होर्डिंग भी लगाया है, जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में रवीन्द्रनाथ टैगोर का नाम दर्ज किया गया है। इज़रायली दूतावास ने पुष्टि करते हुए कहा कि मानव समुदाय के जीवन में उनके योगदान की याद में स्ट्रीट का नाम उनके नाम पर रखा गया है।

ग्लास हट

रेस्तरां में सोशल डिस्टेंसिंग के लिए बनाए गए

एम्सटर्डम के एक रेस्तरां मीडिया मैटिक ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिये ग्राहकों के लिए अनूठी व्यवस्था की है, इसके चलते कोरोना वायरस संकट के बावजूद जून माह के अंत तक रेस्तरां पूरी तरह से बुक हो चुका है। रेस्तरां में ग्राहकों के लिए ग्लास हट बनाए गए हैं, जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए डिनर किया जा सकेगा। हालाकि कोरोना संक्रमण की वजह से यह रेस्तरां कम समय के लिए खुल रहा है।

प्रिंस हैरी और मेगन मार्कल पर लिखी किताब

अगस्त तक होगी रिलीज

ब्रिटेन के प्रिंस हैरी और मेगन मार्कल के जीवन पर लिखी गई किताब "फाइंडिंग फ्रीडम: हैरी एंड मेगन एंड द मेकिंग ऑफ ए मॉर्डन रॉयल फैमिली" का अगस्त में विमोचन किया जाएगा। इसे लेखिका कैरोलीन डूरांड और ओमिड स्कोबी ने लिखा है। यह पुस्तक दुनिया भर में 11 अगस्त से उपलब्ध होगी। किताब में हैरी-मेगन से जुड़े कई विवरण हैं।

सरिता कोमाती रेड्डी

संघीय अदालत में न्यायाधीश के लिये नामित

भारतीय मूल की अमरीकी वकील को अमेरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क की संघीय अदालत में बतौर न्यायधीश नियुक्त करने के लिए नामित किया है। न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के लिए अमेरिकी जिला अदालत के न्यायधीश के तौर पर नामित सरिता कोमाती रेड्डी एक अभियोजक हैं। वह कोलंबिया लॉ स्कूल में कानून पढ़ाती हैं।



मनीषा सिंह

ओईसीडी में दूत पद के लिए नामित

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक मनीषा सिंह को आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में अपने दूत पद के लिए नामित किया है। मनीषा सिंह अभी विदेश मंत्रालय में आर्थिक और व्यावसायिक मामले की सहायक सचिव हैं।

सुनीता विलियम्स

अमेरिका में फंसे छात्रों का बढ़ाया हौसला

भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स कोरोना महामारी के चलते अमेरिका में फंसे भारतीय छात्रों से वर्चुअल रु-ब-रु हुईं और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि अंतर्राष्ट्रीय यात्रा पर लगी पाबंदियों के दौरान इस बात पर विचार करें कि समाज को लाभ कैसे पहुंचाया जा सकता है। उन्हें सोशल मीडिया पर इस दौरान 84 हजार से ज्यादा लोगों ने देखा।

मून मिशन

चीन का टेस्ट रहा सफल

चीन ने 5 मई को अपने मून मिशन के लिए तैयार किए गए रॉकेट और प्रोटोटाइप अंतरिक्ष यान, यानी स्पेस-क्राफ्ट को सफलतापूर्व लॉन्च किया है। इसकी लॉन्चिंग चीन के हैनान प्रांत में स्थित वेंचांग लॉन्च पैड से की गई। लॉन्च पैड से लॉन्ग मार्च 5 बी रॉकेट ने उड़ान भरी। करीब 8 मिनट बाद एक मानव रहित प्रोटोटाइप अंतरिक्षयान को उसकी तय कक्षा में पहुंचा दिया।

स्मृति शेष

महात्मा गांधी की पौत्रवधु शिवालक्ष्मी का निधन

महात्मा गांधी की पौत्रवधु शिवालक्ष्मी का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। नासा में 25 साल तक वैज्ञानिक रहे गांधी जी के पौत्र कनुभाई गांधी की पत्नी शिवालक्ष्मी 2013 में विदेश से भारत आई थीं और 2014 से सूरत के वृद्धाश्रम में रह रही थीं।

नृत्यांगना दीपा नायर का निधन

भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना दीपा नायर का अल नाहदा स्थित आवास पर दिल का दौरा पड़ने से पिछले दिनों निधन हो गया। वे शास्त्रीय संगीत के साथ नृत्य में भी माहिर थीं। नायर 47 वर्ष की थीं और संयुक्त अरब अमीरात में सांस्कृतिक जगत् की हस्तियों में विशेष स्थान रखती थीं।



मशहूर सिंगर लिटिल रिचर्ड का निधन

संगीत जगत् के जाने माने लोकप्रिय संगीतकार और 'रॉक एन रोल' के सिंगर लिटिल रिचर्ड का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले दो माह से बीमार थे। उनका जन्म अमेरिका के जॉर्जिया में 1932 में हुआ था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सच्ची कहानी

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 'खबरें आंगन की' न्यूज ग्रुप के माध्यम से हितग्राहियों को दे रहीं समझाइश

भोपाल, कोरोना लॉकडाउन के इस दौर में सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग मंदसौर जिले के सुल्तानपुर सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने 'खबरें आंगन की' न्यूज ग्रुप के माध्यम से हितग्राहियों तक आवश्यक जानकारी पहुँचाने के लिए किया है।

सुल्तानपुर सेक्टर की महिला-बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुश्री ज्योति नवहाले ने बताया है कि लॉकडाउन में आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों और महिलाओं की उपस्थिति प्रतिबंधित होने से हमारी जिम्मेदारी और लोगों की हमसे अपेक्षा बढ़ गई। इस स्थिति में आंगनवाड़ी केंद्र के हितग्राहियों तक महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिये सोशल मीडिया को माध्यम बनाया गया है। आज लगभग 60 से 70 प्रतिशत लोग स्मार्ट फोन का इस्तेमाल करते हैं। हमने 17 गांवों के 31 आंगनवाड़ी केंद्रों तक उनसे संबंधित खबरें पहुंचाने के लिए 31 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने मिलकर 'खबरें आंगन की' नामक न्यूज ग्रुप बनाया। इस ग्रुप में उन सभी को जोड़ा गया जिसके पास स्मार्ट फोन थे। इसमें आंगनवाड़ी में टीका कब और कितने बजे लगेगा, सत्तू वितरण कब होगा, फीवर क्लीनिक कितने बजे से कितने बजे तक खुली रहेंगी, गाँव में आशा कार्यकर्ता दवाई वितरण कब करेगी, दूरदर्शन पर 8वीं एवं 10वीं की क्लास कितने बजे से कितने बजे तक लगेगी आदि की जानकारी हितग्राहियों तक पहुंचाई जा रही है। साथ ही इस ग्रुप के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की जानकारी जैसे गांव में कोई बीमार हो तो संजीवनी टेली हेल्थ सेवा का उपयोग टोल फ्री नम्बर पर कैसे करें जैसे महत्वपूर्ण संदेश भी गांव में भेजे जा रहे हैं।

सुश्री ज्योति ने बताया कि खबरें आंगन की न्यूज ग्रुप के माध्यम से मंदसौर जिले में कोरोना की स्थिति, कलेक्टर के निर्देश, दूध, सब्जी-फल, राशन की दुकानों के खुलने का टाइम-टेबल आदि सूचनाएं भी हितग्राहियों तक पहुंच रही हैं। इसके अलावा इन ग्रुपों के माध्यम से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज व्हाट्सएप पर मंगवाए जा रहे हैं। ज्योति कहती हैं कि हर ग्रुप में वह कार्यकर्ता के साथ एडमिन हैं। अगर कोई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संदेश न दे सके तो पर्यवेक्षक दे सकेगा।

जिन्होंने हमें स्वस्थ किया, मालिक उन्हें भी स्वस्थ रखे, इन दुआओं के साथ लौट रहे अपने घर

कोरोना संक्रमण से प्रभावित लोगों को बचाने के लिये निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे डॉक्टर्स, नर्स और चिकित्सीय स्टाफ के प्रति डिस्चार्ज हुये मरीज प्रार्थना कर रहे हैं। इंदौर शहर के अरविन्दो अस्पताल एमआरटीबी से डिस्चार्ज होकर 13 व्यक्ति अपने घरों को लौट गये हैं।

चन्दन नगर के मोहम्मद अनवर का कहना है कि अस्पताल में उनकी बहुत अच्छे से खिदमत की गई, जिसके कारण उन्हें नया जीवन मिल सका है। उन्होंने दुआ की कि जिन्होंने उन्हें स्वस्थ किया, मालिक उन्हें भी स्वस्थ रखे। वे स्वस्थ होकर कभी घर लौट पायेंगे, यह चिन्ता हमेशा बनी रहती थी, किन्तु अस्पताल की टीम के इलाज के साथ हौसला अफजाई के कारण उनकी वापसी संभव हो सकी है। कृष्ण बाग कॉलोनी के मोहम्मद इस्माइल चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का शुक्रिया अदा करते हुये कहा कि उनका इलाज निःशुल्क हुआ और अस्पताल की टीम का व्यवहार काबिले तारीफ रहा। जेल रोड निवासी सेवक राम ने कहा कि शासन-प्रशासन की मेहरबानियों



का ही प्रतिफल है कि 36 दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद अब वे स्वस्थ होकर घर पहुंच रहे हैं। पंचवटी की सुनीता राठौर, नारायण बाग के सतीश कश्यप, पंडरीनाथ के बालकृष्ण मोदी और पद्मावती नगर की सुनीता अस्पताल से डिस्चार्ज होकर खुश नजर आ रही थीं।

इसी तरह अरविन्दो अस्पताल से डिस्चार्ज हुये 7 मरीजों में से संतोष, पद्मा जैन, शमीम बानो और दिलीप का कहना था कि अस्पताल मे बेहतर सुविधाएं मिलीं, जिनके कारण कोरोना को परास्त कर हम लोग स्वस्थ हो सके हैं।

सही मार्गदर्शन के अभाव में लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल होता है - हितोपदेश

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्दौर परिक्षेत्र, इंदौर

फोन - 0731-2541498, फैक्स - 0731-2536575
(Email ID cephedind@nic.in & cephedind@gmail.com)

निविदा सूचना क्रमांक - 03/2020-21

निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल (http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app) पर निविदा प्रपत्र "अपेन्डिक्स-2.10" प्रतिशत दर पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 1. Survey, Investigation, Design and Construction of Piped Water Supply Scheme for Village - Dupada, Block Momen Badodiya, Distt. Shajapur based on Surface source (Tillar dam) including construction of barge, providing and installation of raw water submerged centrifugal motor pumps, construction of non mechanical water treatment plant, providing and installation of clear water centrifugal motor pumps, construction of overhead tanks, providing, laying and jointing of rising main and distribution system, household tap connection, site development and electric power connections including cost of all material and labour with 45 days trial run and 60 months operation and maintenance of the entire scheme.

ई-टेण्डर का क्रमांक	जिले/ खण्ड का नाम	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु.	आमंत्रण का प्रकार	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य की समयावधि	निविदा ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि
2020_PHED 89170_1	Shajapur	438.34	438342/-	प्रथम	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत	15 माह	28.05.2020 सायं 5.30 बजे तक

2. Survey, Investigation, Design and Construction of Piped Water Supply Scheme for Village - BERCHHA and Malikhedi, Block Shajapur, Distt. Shajapur based on Surface source (Lakhundar dam) including construction of barge, providing and installation of raw water submerged centrifugal motor pumps, construction of non mechanical water treatment plant, providing and installation of clear water centrifugal motor pumps, construction of overhead tanks, providing, laying and jointing of rising main and distribution system, household tap connections, site development and electric power connections including cost of all material and labour with 45 days trial run and 60 months operation and maintenance of the entire scheme.

2020_PHED 89180_1	Shajapur	427.46	427465/-	प्रथम	तदैव	15 माह	तदैव

नोट :- उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-11295/43864/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र इंदौर

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. ग्वालियर

दूरभाष - 0751-2347201, Email : apdpiugwalior@gmail.com
निविदा सूचना क्रमांक : 06/2020/सा./एपीडी/ग्वालियर, दिनांक 05.5.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. शेष कार्य बमौरहुर्रा जिला अशोकनगर में शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	जिला	ठेके की अनुमानित लागत	अमानत राशि रु.	निविदा फार्म का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने का समय	कार्यालय का नाम जहां भौतिक दस्तावेज जमा किये जाने हैं।
2020_PWPIU_ 88037_1	अशोकनगर	71.30 लाख	71300/-	10000/-	06 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक, लो.नि.वि. पीआईयू ग्वालियर
2. डबरा जिला ग्वालियर के मॉडल स्कूल में 100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88096_1	ग्वालियर	638.42 लाख	638420/-	20000/-	18 माह	– तदैव –
3. ग्वालियर में लोकायुक्त कार्यालय भवन निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88100_1	ग्वालियर	568.55 लाख	568550/-	20000/-	18 माह	– तदैव –
4. बाबू जगजीवनराम योजना के अंतर्गत ग्वालियर में 250 सीटर कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88495_1	ग्वालियर	759.04 लाख	759040/-	20000/-	18 माह	– तदैव –
5. शिवपुरी जिला शिवपुरी के शास. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्र. 01 में मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88231_1	शिवपुरी	83.20 लाख	83200/-	10000/-	09 माह	– तदैव –
6. शिवपुरी में विशेष पिछड़ी जाति हेतु कम्प्यूटर कौशल विकास केन्द्र शिवपुरी का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88233_1	शिवपुरी	188.63 लाख	188630/-	12500/-	12 माह	– तदैव –
7. मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में नवीन गैस पाइप लाईन स्थापना का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88234_1	शिवपुरी	248.81 लाख	248810/-	15000/-	02 माह	– तदैव –
8. मवई जिला टीकमगढ़ में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन तथा 1 नग जी एवं 1 नग एच टाईप के आवास गृहों का निर्माण कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88025_1	टीकमगढ़	11.29 लाख	111290/-	12500/-	10 माह	– तदैव –
9. आर.एम.एस.ए. की 415 योजनांतर्गत शासकीय हाई/हायर से स्कूल भवन दुर्गापुर जिला दतिया का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88329_1	दतिया	86.96 लाख	86960/-	10000/-	12 माह	– तदैव –
10. आर.एम.एस.ए. की 415 योजनांतर्गत शासकीय हाई/हायर से स्कूल भवन सालौन बी जिला दतिया का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)						
2020_PWPIU_ 88352_1	दतिया	86.96 लाख	86960/-	10000/-	12 माह	– तदैव –

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग धार

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 03/टेलि/2020-21 धार, दिनांक 08.05.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. उपसंभाग मनावर अंतर्गत बगड़ी से निमवोला मार्ग लंबाई 4.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।

टेण्डर आई.डी. क्रमांक	जिला	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	समयावधि	भौतिकरूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2020_PWDRB_ 88380	धार	प्रथम	339.07	10 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता लो.नि.वि. (प/प) इंदौर
2. उपसंभाग धार अंतर्गत जिला भोज चिकित्सालय के टी.बी. वार्ड में उन्नयन एवं वाटर प्रूफिंग कार्य।					
2020_PWDRB_ 88381	धार	प्रथम	19.97	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) धार
3. उपसंभाग धार अंतर्गत जिला भोज चिकित्सालय परिसर में वाटर प्रूफिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य।					
2020_PWDRB_ 88382	धार	प्रथम	19.94	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) धार
4. उपसंभाग धार के मुख्यालय कक्ष अंतर्गत आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत कार्य।					
2020_PWDRB_ 88383	धार	प्रथम	19.98	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) धार
5. उपसंभाग धार अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर पेंच रिपेयर कार्य हेतु मेटल एकत्रिकरण कार्य।					
2020_PWDRB_ 88384	धार	प्रथम	5.00	02 माह वर्षाकाल सहित	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) धार
		कुल	403.96		

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 22.05.2020 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 23.05.2020 सायं 17.30 बजे तक दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-11277/43857/2020 लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग धार

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर
गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर

E-mail ID :- cepwdwest@mp.nic.in, Phone no. 0731-2491825
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1/सा/40/निविदा/2020-21 इंदौर, दिनांक 12.05.2020

"निविदा आमंत्रण सूचना"

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्रमांक	पार्टल क्रमांक	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2020_ PWDRB_ 88894_1	बुरहानपुर	मोहाद से खामनी मार्ग का निर्माण लंबाई 5.80 कि.मी.।	707.55	707550/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
2.	2020_ PWDRB_ 88895_1	बुरहानपुर	हिवरा फाटा से हैदरपुर मार्ग (सिवल केरपानी अमुल्ल परेठा मार्ग एमडीआर 21-06 का भाग) कि.मी. 8/2 से 13/4 = 5.30 कि.मी. एवं डाभियाखेड़ा से वड़ीखेड़ा मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. कुल लंबाई 7.80 कि.मी.।	895.33	895330/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
3.	2020_ PWDRB_ 88897_1	धार	सुन्द्रेल से साला मार्ग का निर्माण लंबाई 5.80 कि.मी.।	528.34	528340/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
4.	2020_ PWDRB_ 88898_1	वड़वानी	रामकोला से चाचरिया मार्ग लंबाई 6.29 कि.मी. का निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	555.16	555160/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **दि. 03.06.2020** सायं 17.30 तक निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। मूल अमानत राशि, मूल शपथपत्र एवं अन्य निविदा में उल्लेखित अन्य दस्तावेज स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड ए.डी. के माध्यम से अथवा निविदाकार के हस्त अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 04.06.2020 सायं 17.30 तक ही स्वीकार किये जा सकेंगे। डाक विभाग से होने वाली किसी भी देरी के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं रहेगा।

मुख्य अभियंता
जी-11285/43859/2020 लो.नि.वि. पश्चित परिक्षेत्र, इंदौर

11. जिला जेल परिसर दतिया में एक नग अष्टकोणीय वॉच टावर का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 88354_1	दतिया	11.79 लाख	23580/-	2000/-	06 माह	संभागीय परियोजना यंत्री पीआईयू दतिया

12. लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. दतिया अंतर्गत पर्फोर्मेंस गारंटी एवं अन्य जमा मद के कार्यों हेतु जोनल कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 88355_1	दतिया	19.99 लाख	39980/-	2000/-	12 माह	– तदैव –

(1) निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट **websitie https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकती है। (2) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑनलाइन किये जावेंगे, समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा। (3) भवन एवं इलेक्ट्रिकल वर्क हेतु प्रभावशील एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2014 एवं निविदा दिनांक तक समस्त संशोधन सहित मान्य होगा। (4) ऑनलाइन निविदा सबमिट करने का **अंतिम दिनांक 21.05.2020** (5) भौतिक दस्तावेज स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करने का अंतिम दिनांक 23.05.2020 शाम 5.30 बजे तक। (6) तकनीकी बिड खोलने का दिनांक 26.05.2020

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-11291/43860/2020 लोक निर्माण विभाग पीआईयू ग्वालियर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
सेतु निर्माण संभाग, सागर (म.प्र.)

निविदा सूचना 02/टी.ए.सी./सेतु/सागर/2020/21 सागर, दिनांक 08.05.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का नाम	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालयीन पता (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_88363_1	सागर	सागर जिले के चमेली-खापा-मेहका मार्ग के कि.मी 1/2 में सिन्दूर नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण, पहुँच मार्ग, सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. क्लवर्ट सहित। (प्रथम आमंत्रण)।	रु. 395.46 लाख	रु. 3,95,460/-	रु. 15,000/-	12 माह (वर्षाकाल सहित)	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
2.	2020_PWDRB_88364_1	सागर	सागर जिले के खटोला-कोठीखोह मार्ग के कि.मी 1/6 में देहार नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण, पहुँच मार्ग एवं सुरक्षा कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)।	रु. 372.75 लाख	रु. 3,72,750/-	रु. 15,000/-	12 माह (वर्षाकाल सहित)	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 27.05.2020 सायं 17.30** बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
अनिवार्य लिफाफा "ए" दिनांक 28.05.2020 सायं 17.30 बजे तक उपरोक्त दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
जी-11293/43862/2020 सेतु निर्माण संभाग, सागर (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन
दूरभाष नं. 0734-2524462, ई-मेल - cepwdujjain@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 01/सामान्य/मु.अ./2020-21 उज्जैन, दिनांक 12.05.2020

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) कार्यालयीन पता एवं अंतिम दिनांक व समय
1.	शाजापुर	2020_PWDRB_88899	बेरछा सुन्दरसी मार्ग का शेष रहा कार्य।	913.39	12 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र उज्जैन दिनांक - 08.06.2020, समय - 17.30 बजे
2.	आगर मालवा	2020_PWDRB_88901	बड़ागांव से गोयल मार्ग लं. 7.00 का निर्माण कार्य।	577.80	12 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र उज्जैन दिनांक - 08.06.2020, समय - 17.30 बजे

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन विड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 04.06.2020 सायं 5.30** बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 08.06.2020 सायं 5.30 बजे तक दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

अधीक्षण यंत्री, कार्यालय मुख्य अभियंता
जी-11296/43865/2020 लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र, उज्जैन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र. 1, सागर
फोन नं. 07582-222296, ई-मेल आई.डी. - eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.- 01/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर, दिनांक 16.04.2020
निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी विड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी।
1.	2020_PWDRB_86455_1	लो.नि.वि. उपसंभाग वण्डा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य अनुमानित लागत रु. 263.37 लाख (ग्रुप क्र. 1) 1. दलपतपुर खटोराकला मार्ग लं. 2.40 कि.मी.। 2. वण्डा गडर छापरी मार्ग लं. 2.60 कि.मी.। 3. छापरी पहुंच मार्ग लं. 2.00 कि.मी.। 4. मिसिंगलिंक शाहपुर से पथरिया मार्ग लं. 2.00 कि.मी.।	सागर	26337000/-	263370/-	15,000/-	08 माह	मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., सागर
2.	2020_PWDRB_86462_1	लो.नि.वि. उपसंभाग वण्डा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य अनुमानित लागत रु. 459.19 लाख (ग्रुप क्र. 3) 1. वरा से बरखेरा मार्ग लं. 3..00 कि.मी.। 2. नैनधारा से बसयान मार्ग लं. 3.00 कि.मी.।	सागर	45919000/-	459190/-	15,000/-	12 माह	मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., सागर

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 17.04.2020 समय 09.00 से दिनांक 19.05.2020 समय 5.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी विड के लिफाफे उपरोक्त उल्लेखित मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र सागर के कार्यालय में भारतीय डाक तार विभाग के स्पीड पोस्ट द्वारा ही **दिनांक 21.05.2020 को सायंकाल 5.00** बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.
जी-11294/43863/2020 (भ./स.) संभाग क्र. 1, सागर

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-731/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 13.05.2020
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 02.06.2020 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_88546	जल संसाधन विभाग, भोपाल के विभिन्न कार्यालयों में डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/ऑफिस असिस्टेंट के प्रदाय का कार्य।	भोपाल	28.08
2.	2020_WRD_88724	जल संसाधन विभाग, शाजापुर के अंतर्गत वियर एवं बैराजों हेतु गेटों का निर्माण एवं उनको बांध स्थल पर पहुंचाने आदि का कार्य।	शाजापुर	36.07

मुख्य अभियंता
जी-11280/43871/2020 (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धार

ई-मेल eepheddha@mp.nic.in

क्रमांक /व.ले.लि./लो.स्वा.यां. खण्ड/ धार, दिनांक.....

निविदा सूचना क्रमांक 01/2020-21
दिनांक 11.05.2020

धार खण्ड के 06 विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में हैण्डपंप संधारण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका टेण्डर आई.डी. क्र. 2020_PHED_88752, 2020_PHED_88753, 2020_PHED_88754, 2020_PHED_88755, 2020_PHED_88756 एवं 2020_PHED_88757, है।
कार्य की अनुमानित लागत, धरोहर राशि एवं अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि दिनांक 27.05.2020 शाम 5.30** बजे तक निर्धारित है।

कार्यपालन यंत्री
जी-11292/43861/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धार

परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों इंसान को अपने नजरिये को जीवन में हमेशा सकारात्मक रखना चाहिये – जे. मेलविन

स्वास्थ्य सेवाओं की बुनियाद हैं नर्सें व मिडवाइव्स

2020 INTERNATIONAL YEAR OF THE NURSE AND THE MIDWIFE

2020 INTERNATIONAL YEAR OF THE NURSE AND THE MIDWIFE

नर्सों को समर्पित है पूरा साल, नर्स एवं मिडवाइव्स वर्ष है 2020

विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization) यानी कि डब्ल्यूएचओ, स्वास्थ्य के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञ एजेंसी है। यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जो आमतौर पर सदस्य देशों के स्वास्थ्य मंत्रालयों के जरिए उनके साथ मिलकर काम करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन दुनिया में स्वास्थ्य संबंधी मामलों में नेतृत्व प्रदान करने, स्वास्थ्य अनुसंधान एजेंडा को आकार देने, नियम और मानक तय करने, प्रमाण आधारित नीतिगत विकल्प पेश करने, देशों को तकनीकी समर्थन प्रदान करने और स्वास्थ्य संबंधी रुझानों की निगरानी और आकलन करने के लिए जिम्मेदार है।

विश्व स्वास्थ्य सभा (वर्ल्ड हेल्थ असेंबली)

विश्व स्वास्थ्य सभा सदस्य राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों से बनी होती है। प्रत्येक सदस्य का प्रतिनिधित्व अधिकतम तीन प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है, जिनमें से किसी एक को मुख्य प्रतिनिधि के रूप में नामित किया जाता है। इन प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनकी तकनीकी क्षमता के आधार पर सबसे योग्य व्यक्तियों में से चुना जाता है, क्योंकि ये सदस्य राष्ट्र के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रशासन का अधिमान्य प्रतिनिधित्व करते हैं। विश्व स्वास्थ्य सभा की बैठक नियमित वार्षिक सत्र और कभी-कभी विशेष सत्रों में भी आयोजित की जाती है। विश्व स्वास्थ्य सभा के कार्यों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य सभा डब्ल्यूएचओ की नीतियों का निर्धारण करती है। यह संगठन की वित्तीय नीतियों की निगरानी करती है एवं बजट की समीक्षा तथा अनुमोदन करती है। यह डब्ल्यूएचओ तथा संयुक्त राष्ट्र के मध्य होने वाले किसी भी समझौते के संदर्भ में आर्थिक एवं सामाजिक परिषद को रिपोर्ट करती है।

डब्ल्यूएचओ की स्थापना

यह संयुक्त राष्ट्र की एक इकाई है। इसका मकसद दुनिया के लोगों के स्वास्थ्य का स्तर ऊंचा करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को की गई थी। डब्ल्यूएचओ ने अपने स्थापना दिवस यानी कि 7 अप्रैल 1950 से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरुआत की थी। वर्तमान में दुनियाभर के 150 से ज्यादा देशों में डब्ल्यूएचओ के 7 हजार से ज्यादा लोग कार्यरत हैं। इस संगठन के 6 क्षेत्रीय कार्यालय और 150 से ज्यादा राष्ट्रीय कार्यालय हैं। डब्ल्यूएचओ मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा में स्थित है। भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नवंबर 1949 में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी, तब से लेकर यह संस्था देश में सक्रिय तौर पर कार्यरत है। भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कंट्री कार्यालय दिल्ली में है और देशभर में उसकी उपस्थिति है।

डब्ल्यूएचओ के कार्य व उद्देश्य

- अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संबंधी कार्यों पर निर्देशक एवं समन्वय प्राधिकरण के रूप में कार्य करना।
- संयुक्त राष्ट्र के साथ विशेष एजेंसियों, सरकारी स्वास्थ्य प्रशासन, पेशेवर समूहों और ऐसे अन्य संगठनों जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी हैं, के साथ प्रभावी सहयोग स्थापित करना एवं उसे बनाए रखना।
- सरकारों के अनुरोध पर स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत करने के लिये सहायता प्रदान करना।
- ऐसे वैज्ञानिक और पेशेवर समूहों के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना जो स्वास्थ्य प्रगति के क्षेत्र में योगदान करते हैं।

"सपोर्ट नर्सेस एंड मिडवाइव्स"

फ़्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म के 200 'साल पूरे होने पर 2020 को 'नर्स और दाई के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। यह उन स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मान देने का एक अवसर है जो दुनिया भर में लोगों को विभिन्न आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं। बीमारियों की रोकथाम, निदान और इलाज के साथ-साथ प्रसव के दौरान देखभाल करने जैसी विशेषज्ञ सेवाओं के अलावा, नर्स और दाईयां मानवीय आपात स्थिति और संघर्ष में फंसे लोगों को भी सेवाएं प्रदान करती हैं। यूएन एजेंसी के अनुसार विश्व भर में लगभग 2 करोड़ 20 लाख नर्सें और 20 लाख दाईयां हैं, जो वैश्विक स्वास्थ्य कर्मचारियों की कुल संख्या का आधा हिस्सा हैं। इस पूरे वर्ष यूएन एजेंसी विभिन्न उपायों के ज़रिए ये सुनिश्चित करेगी कि नर्सें और दाईयां अपना काम पूरी क्षमता के साथ कर सकें। इसके लिए कई प्रमुख क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा जैसे- अधिक विशेषज्ञ नर्सों की नियुक्ति, दाईयों और नर्सों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के केंद्र में लाना और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने व बीमारी की रोकथाम में उनकी भूमिका आदि।

आधुनिक नर्सिंग की जनक मानी जाती हैं फ्लोरेंस नाइटिंगेल

फ्लोरेंस नाइटिंगेल को त्याग और करुणा की देवी कहा गया है। नर्सिंग और अस्पताल चलाने में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के तौर-तरीके इस कदर मशहूर हुए हैं कि इन्हें कई देशों ने अपनाया है। उसे आधुनिक नर्सिंग की शुरुआत करने का श्रेय दिया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जीवन समाज सेवा, मानव सेवा का अनुपम उदाहरण है। आकर्षक व्यक्तित्व की धनी, नाइटिंगेल ने जिस तरह निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा की, वह अमूल्य है। नर्सों का सेवा-भाव फ्लोरेंस नाइटिंगेल की ही देन है। मानव-धर्म सही अर्थों में क्या है, किसे कहा जाना चाहिए, इसकी प्रेरणा हमें फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन से मिलती है।

आधुनिक नर्सिंग की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म इटली के फ्लोरेंस में 12 मई सन् 1820 को हुआ था। वर्ष 2020 में उनका 200वां जन्मवर्ष है। उन्होंने नर्सिंग के जरिए लोगों की सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया था। उनके मन में युवावस्था के दौरान नर्स बनकर सेवा करने की ऐसी चाह जागी कि माता-पिता के कड़े विरोध के बाद भी उन्होंने अपनी यह जिद नहीं छोड़ी। उन्होंने नर्सों को दिया जाने वाला प्रशिक्षण हासिल किया और पारिवारिक विरोध के बावजूद एक सामाजिक रूढ़िग्रस्तता को तोड़ते हुए सेवाभावी संस्था से जुड़ गईं। इसके बाद वे सम्पूर्ण यूरोप की यात्रा पर गयीं। वहां उन्होंने जगह-जगह पर ऐसे लोगों से सम्पर्क किया, जो सेवा भाव की प्रबल इच्छा रखते थे। सन् 1853 को फ्लोरेंस को जब रोगी महिलाओं की एक संस्था के प्रबन्धन का दायित्व सौंपा गया, तो उन्होंने अपने परिश्रम, लगन और कुशल प्रबन्धन से उस संस्था को इतना विकसित एवं सुविधायुक्त किया कि उसकी ख्याति दूर-दूर तक फैलने लगी।

युद्ध के दौरान कहलाईं 'लेडी विद लैंप'

सन् 1954 में क्रीमिया में युद्ध छिड़ गया था, अखबारों में इस आशय की खबरें आने लगीं कि युद्ध में वीर घायल सैनिकों की चिकित्सा के लिए वहां चिकित्सकों व नर्सों की आवश्यकता है। तब उन्होंने क्रीमिया में घायल सैनिकों की सेवा करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले उन्होंने 38 नर्सों के साथ मिलकर अस्पताल की सफाई की जहाँ चूहों ने काफी गंदगी मचा रखी थी। उस अस्पताल में साबुन, वॉशबेसिन और तौलिए जैसी ज़रूरी चीज़ें नहीं थीं। साथ ही अस्पताल में बिस्तरों, गद्दों और पट्टियों की भी कमी थी। फ्लोरेंस और बाकी नर्सों ने एक चुनौती समझकर इन सभी मुश्किलों का सामना किया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने अस्पताल की हालत सुधारने पर ध्यान दिया। उनको पता था कि अस्पताल की सही हालत होने पर ही सैनिकों को बचाया जा सकता है। उन्होंने बेहतर चिकित्सीय उपकरण खरीदे। मरीजों के लिए अच्छे खाने का बंदोबस्त किया। नालियों की सफाई करवाई। अपनी टीम के साथ वॉर्डों की सफाई की। अस्पताल में एक रसोई का बंदोबस्त किया। जख्मी सैनिकों की सही से देखभाल की। उन्होंने घायलों को उचित तरीके से नहलाने, जख्मों की ड्रेसिंग करने और भोजन कराने पर ध्यान दिया। नतीजा यह हुआ कि सैनिकों की मौत की संख्या में गिरावट आई। फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने मरीजों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया। रात के समय में जब सब सो रहे होते थे, वह सैनिकों के पास जातीं। यह देखतीं कि सैनिकों को कोई तकलीफ तो नहीं है। जो लोग खुद से लिख नहीं पाते थे, उनकी ओर से वह उनके घरों पर पत्र भी लिखकर भेजती थीं। रात के समय जब वह मरीजों को देखने जातीं तो लालटेन हाथ में लेकर जाती थीं। इस वजह से सैनिकों ने उनको 'लेडी विद लैंप' कहना शुरू कर दिया था।

क्रीमिया युद्ध के खत्म होने पर, फ्लोरेंस ने दुनियाभर में नर्सिंग के क्षेत्र में और अस्पताल चलाने के तरीकों में बहुत बड़े सुधार किए। सन् 1860 में, लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में नर्सों की ट्रेनिंग के लिए उन्होंने 'नाइटिंगेल ट्रेनिंग स्कूल' की स्थापना की। बाद में एक रोग की वजह से फ्लोरेंस बिस्तर से उठ नहीं सकीं। मगर फिर भी वह रोगियों की देख-रेख के तौर-तरीकों और अस्पतालों के संचालन में सुधार लाने की कोशिश में लगी रहीं और इसके लिए उन्होंने किताबें लिखीं, अंततः 13 अगस्त 1910 को लंदन में उनका निधन हो गया।

- फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड चिकित्सा के क्षेत्र में नर्सिंग सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा नर्सिंग का यह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाता है। हर साल भारत में राष्ट्रपति शानदार काम करने वाली नर्सों को नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड से सम्मानित करते हैं।
- सन् 1958 में फ्लोरेंस नाइटिंगेल रॉयल स्टैटिस्टिकल सोसायटी की सदस्य बनने वाली पहली महिला थीं।
- सन् 1859 में फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने अपनी सबसे मशहूर किताब, 'नोट्स ऑन नर्सिंग एंड नोट्स ऑन हॉस्पिटल्स' प्रकाशित की।
- 1860 में फ्लोरेंस के नाम पर ब्रिटेन में नर्सिंग स्कूल की स्थापना हुई।
- फ्लोरेंस को ब्रिटेन की सरकार ने 1907 में 'ऑर्डर ऑफ़ मेरिट' के सम्मान से नवाज़ा था। ये सम्मान पाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल पहली महिला थीं।
- क्रीमिया युद्ध के बाद इनको 'द लेडी विद द लैंप' का नाम भी दिया गया।
- उनके जन्मदिवस 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के तौर पर मनाया जाता है और इस नर्स के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया जाता है।

नर्स और दाई स्वास्थ्य प्रणालियों की हैं 'रीढ़'

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अगले दशक में अगर स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने

के सपने को साकार करना है तो उसके लिए 90 लाख अतिरिक्त नर्सों और दाईयों की आवश्यकता होगी। इसी उद्देश्य के साथ इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी और उसके साझेदार संगठन इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्यकर्मियों में अधिक निवेश करने की वकालत करेंगे। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस के अनुसार, 'नर्सें और दाईयां हर स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ हैं। 2020 में हम सभी देशों से नर्सों और दाईयों पर निवेश करने का आह्वान करते हैं ताकि सर्वजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता पूरी हो सके।'

नर्स को ऐसे परिभाषित कर सकते हैं

नर्स हर पल बीमार, घायल और बूढ़ों की सेवा करने के लिए तैयार रहती है। नर्स प्यार और ममता के साथ मरीज़ की देखभाल करती है, उसकी हिम्मत बढ़ाती है और उसकी रक्षा करती है। जून 1999 में हुए नर्सों के अंतर्राष्ट्रीय काउंसिल के सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के डायरेक्टर जनरल डॉ. ग्रो हार्लेम ब्रन्टलान ने कहा था कि "स्वास्थ्य-सेवा के पेशे में नर्सों की अहमियत बहुत बड़ी है, इसलिए वे सारी दुनिया के लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं।... हर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में काबिल स्वास्थ्य-सेवकों में नर्सों और दाईयों की संख्या कुल मिलाकर 80 प्रतिशत है और इस संख्या से साफ ज़ाहिर होता है कि 21वीं सदी में 'सबके लिए अच्छे स्वास्थ्य' का लक्ष्य हासिल करने में वे स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज़रूरी सुधार ला सकती हैं। सचमुच अलग-अलग तरीकों से स्वास्थ्य-सेवा करके उन्होंने बहुत बड़ा योगदान दिया है।... इसमें कोई शक नहीं कि नर्सें स्वास्थ्य-सेवा के ज़्यादातर दलों की बुनियाद हैं।"

नर्स

"एक व्यक्ति जिसने नर्सिंग की पढ़ाई और ट्रेनिंग पूरी की हो और नर्स बनने के लिए जितनी पढ़ाई-लिखाई और काम का तजुर्बा ज़रूरी है वह हासिल किया हो।"

रजिस्टर्ड नर्स

"एक नर्स जिसने स्टेट बोर्ड की परीक्षा देकर डिग्री हासिल की हो और जो कानूनन 'रजिस्टर्ड नर्स' के नाम से काम कर सकती है / कर सकता है।"

क्लिनिकल नर्स स्पेशलिस्ट

"एक रजिस्टर्ड नर्स, जिसने नर्सिंग के किसी एक क्षेत्र में खास ज्ञान, कौशल और काबिलियत हासिल की हो।"

नर्स-मिडवाइफ (दाई)

"एक नर्स जिसने नर्सिंग और प्रसव के क्षेत्र में ज्ञान हासिल किया हो।"

प्रैक्टिकल नर्स

"एक नर्स जिसे नर्सिंग के बारे में तजुर्बा तो है, लेकिन उसने न तो नर्सिंग की पढ़ाई की है और न ही इस क्षेत्र में कोई डिग्री हासिल की है।"

लाइसेंस्ड प्रैक्टिकल नर्स

"एक नर्स जिसने प्रैक्टिकल नर्सिंग स्कूल में ट्रेनिंग हासिल की है और जो कानूनन रूप से लाइसेंस्ड प्रैक्टिकल नर्स के तौर पर काम कर सकती है।"

भारतीय नर्सिंग परिषद्

इसका गठन, नर्सिंग अधिनियम, 1947 के तहत किया गया है। यह परिषद् नर्सों, दाईयों, सहायक नर्स दाईयों तथा स्वास्थ्यचरों के प्रशिक्षण का समान स्तर बनाए रखती है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

आर्थिक सर्वेक्षण 2020 पर आधारित प्रश्न

1. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2014 से वर्ष 2018 तक की अवधि में औपचारिक क्षेत्र में नई कंपनियों की संचयी वार्षिक वृद्धि दर कितने प्रतिशत रही है?
(अ) 14.8%
(ब) 12.2%
(स) 13.3%
(द) 18.5%
उत्तर- (ब) 12.2%
व्याख्या - वर्ष 2006 से 2014 की अवधि में यह वृद्धि दर 3.8% रही।

2. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये और बताइये कि कौन-सा कथन सही है?
(अ) सेवा क्षेत्र में गठित नई कंपनियों की संख्या विनिर्माण, अवसंरचना या कृषि क्षेत्र में गठित नई कंपनियों की तुलना में अधिक है।
(ब) जमीनी स्तर पर उद्यमिता केवल आवश्यकता से ही प्रेरित नहीं होती है।
(स) किसी जिले में नई कंपनियों के पंजीकरण में 10 प्रतिशत की वृद्धि होने से सकल घरेलू जिला उत्पाद (जीडीडीपी) में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि होती है।
(द) उपरोक्त सभी कथन सही हैं।
उत्तर- (द)

3. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार 2018 में मानव विकास सूचकांक में भारत की रैंक कौन-सी थी?
(अ) 129
(ब) 128
(स) 130
(द) 131
उत्तर- (अ) 129
व्याख्या - 2017 में यह रैंक 130 थी।

4. विश्व का सबसे बड़ा बैंक कौन-सा है ?
(अ) भारतीय स्टेट बैंक
(ब) स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक
(स) इण्डस्ट्रियल एण्ड कॉमर्शियल बैंक ऑफ चाइना
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (स)
व्याख्या - भारत का भारतीय स्टेट बैंक 55वें स्थान पर है और एकमात्र भारतीय बैंक है जिसकी रैंक 100 से कम है।

5. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार उदारीकरण से पहले सेंसेक्स में शामिल किसी भी कंपनी के इस इंडेक्स में बने रहने की आशा 60 वर्ष होती थी। यह अवधि उदारीकरण के पश्चात कितनी रह गई है?
(अ) 10 वर्ष
(ब) 12 वर्ष
(स) 14 वर्ष
(द) 18 वर्ष
उत्तर- (ब) 12 वर्ष
व्याख्या - वर्तमान में हर 5 वर्षों में सेंसेक्स में सम्मिलित एक तिहाई कंपनियों में फेरबदल किया जाता है।

6. किसी भी अर्थव्यवस्था में कीमतों की भूमिका के बारे में किस ग्रंथ में वर्णन किया गया है?
(अ) अर्थशास्त्र
(ब) वेल्थ ऑफ नेशंस
(स) प्रिंसिपल्स ऑफ इकोनॉमिक्स
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (अ)
व्याख्या - अर्थशास्त्र, कौटिल्य द्वारा रचित पुस्तक में इसका वर्णन किया गया है।

7. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 में अदृश्य हाथ का वर्णन किया गया है। मूलतः अदृश्य हाथ का वर्णन सर्वप्रथम किसने किया था?
(अ) कौटिल्य
(ब) एडम स्मिथ
(स) मार्शल
(द) पीगू
उत्तर- (ब)
व्याख्या - एडम स्मिथ ने अपनी पुस्तक वेल्थ ऑफ नेशंस में इसका वर्णन किया है, जिसका तात्पर्य अर्थव्यवस्था में खुलेपन से है।

8. विश्व बैंक के अनुसार गठित नई कंपनियों की संख्या के मामले में भारत का कौन-सा स्थान है?
(अ) पहला
(ब) दूसरा
(स) तीसरा
(द) चौथा
उत्तर- (स)

9. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र के कितने प्रतिशत में जंगल है?
(अ) 24.56%
(ब) 30%
(स) 35%
(द) 40%
उत्तर- (अ)
व्याख्या - 24.56% भाग जंगलों से आच्छादित है।

10. निम्न में किस टीकाकरण योजना के अंतर्गत 3.39 करोड़ बच्चे तथा 87.18 लाख गर्भवती महिलाओं का संपूर्ण भारत में टीकाकरण किया गया है?
(अ) आयुष्मान भारत
(ब) मिशन इंद्रधनुष
(स) जियो भारत
(द) जनश्री बीमा योजना
उत्तर- (ब)
व्याख्या - मिशन इन्द्रधनुष के अंतर्गत 680 जिलों में टीकाकरण किया गया। इसके अंतर्गत अब 7 के स्थान पर 12 बीमारियों का टीकाकरण किया जाता है।

11. संवहनीय विकास और जलवायु परिवर्तन भारत इंडेक्स 2019 में कौन-से भारतीय राज्य का पहला स्थान है?
(अ) केरल
(ब) मध्यप्रदेश
(स) हिमाचल प्रदेश
(द) गुजरात
उत्तर- (स) हिमाचल प्रदेश

12. पी.जे. नायक समिति किससे संबंधित है?
(अ) बिजली
(ब) सरकारी बैंक
(स) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार
(द) प्रत्यक्ष धन हस्तांतरण
उत्तर- (ब) सरकारी बैंक

13. जीएसटी एन में कितने अंक होते हैं -
(अ) 10
(ब) 15
(स) 20
(द) 25
उत्तर- (ब) 15

14. विश्व बैंक की ईज ऑफ डूईंग बिजनेस (व्यापार में सहूलियत) में भारत की रैंक कौन-सी है?
(अ) 63
(ब) 77
(स) 142
(द) 150
उत्तर- (अ) 63
व्याख्या - पूर्व में यह रैंक 142 थी।

15. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 में बजट अनुभाग में सरकार के कर राजस्व में सर्वाधिक योगदान किस कर का है?
(अ) प्रत्यक्ष कर
(ब) अप्रत्यक्ष कर
(स) वस्तु एवं सेवा कर
(द) निगम कर
उत्तर- (अ)
व्याख्या - प्रत्यक्ष कर। इनका भाग 54% है। अप्रत्यक्ष कर से 46% आय प्राप्त होती है।

16. थोक कीमत सूचकांक आधारित मुद्रा-स्फीति की दर अप्रैल 2019 में कितनी रही?
(अ) 2.9 प्रतिशत
(ब) 4 प्रतिशत
(स) 3.7 प्रतिशत
(द) 4.5 प्रतिशत
उत्तर- (स) 3.7 प्रतिशत।
व्याख्या - यह गणना आर्थिक सर्वेक्षण में दी गई है।

17. सरकार के राजस्व व्यय में सर्वाधिक व्यय की मद कौन-सी है?
(अ) पेंशन
(ब) वेतन तथा भत्ता
(स) ब्याज भुगतान
(द) रक्षा सेवायें
उत्तर- (ब)
व्याख्या - वेतन तथा भत्ता मद पर सर्वाधिक व्यय किया जाता है।

18. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये तथा बताइये कि कौन-सा कथन सत्य है?
(अ) किसी भी जिले में साक्षरता और शिक्षा से स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है।
(ब) यह असर सबसे अधिक तब होता है जब साक्षरता दर 70% से अधिक होती है।
(स) जनगणना 2011 के अनुसार, न्यूनतम साक्षरता दर (59.6%) वाले पूर्ववर्ती राज्यों में सबसे कम नई कंपनियों का गठन हुआ है।
(द) उपरोक्त सभी सत्य हैं।
उत्तर- (द)

19. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के लिये अनुमानित जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में वृद्धि दर रहेगी -
(अ) 5%
(ब) 5.5%
(स) 6%
(द) 6.5%
उत्तर- (अ) 5%
व्याख्या - क्योंकि पहली छमाही में विकास दर 4.8% रही थी। 2016-17 में जीडीपी की वृद्धि दर 8.2% तथा 2017-18 में 7.2% रही थी।

20. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 में थोक मूल्य सूचकांक (मुद्रास्फीति) की दर क्या थी?
(अ) 1.5%
(ब) 2%
(स) 2.5%
(द) 4.5%
उत्तर- (अ) 1.5%
व्याख्या - 2018-19 में यह दर 4.7% थी।

21. सेवा क्षेत्र में उद्यमी क्रियाशीलता किन राज्यों में अधिक हुई है?
(अ) दिल्ली
(ब) हरियाणा
(स) उत्तरप्रदेश
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी।
व्याख्या - इनमें दिल्ली का स्थान पहला है।

22. आर्थिक सर्वे के अनुसार भारतीय ट्रेक्टर उद्योग कुल वैश्विक उत्पादन का कितना भाग उत्पादित करता है ?
(अ) एक चौथाई
(ब) एक तिहाई
(स) आधा
(द) पांचवां भाग
उत्तर- (अ) एक चौथाई

23. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार 2019-20 के लिये राजकोषीय घाटा जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का कितना प्रतिशत अनुमानित है?
(अ) 3.4%
(ब) 3.3%
(स) 3.8%
(द) 3.7%
उत्तर- (ब) 3.3%
व्याख्या - 2018-19 में यह 3.4% रहा था।

24. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार एसेम्बल इन इंडिया फॉर दि वर्ल्ड और मेक इन इंडिया कार्यक्रमों से वर्ष 2025 तक भारत के निर्यात बाजार में कितनी भागीदारी अनुमानित की गई है?
(अ) 3.5%
(ब) 6%
(स) 8%
(द) 10%
उत्तर- (अ) 3.5%
व्याख्या - 2025 तक भारत की भागीदारी 3.5% तथा 2030 तक 6 प्रतिशत अनुमानित की गई है।

25. चीन के बाद 'ग्रीन वाण्ड मार्केट' में कौन-सा देश आगे बढ़ रहा है?
(अ) भारत
(ब) अमेरिका
(स) इटली
(द) ब्रिटेन
उत्तर- (अ) भारत

26. 2025 तक भारत में कितने करोड़ रोज़गार सृजन का अनुमान लगाया गया है?
(अ) 4
(ब) 5
(स) 6
(द) 8
उत्तर- (अ) 4 करोड़।
व्याख्या - वर्ष 2030 तक यह 8 करोड़ हो जायेंगे।

27. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार 2011-12 और 2017-18 के मध्य भारतीय अर्थव्यवस्था में कितने नये रोज़गार सृजित हुये हैं?
(अ) 4.4 करोड़
(ब) 6.3 करोड़
(स) 7.8 करोड़
(द) 2.6 करोड़
उत्तर- (ब)
व्याख्या - 6.3 करोड़ रोज़गार का सृजन किया गया।

28. ग्लोबल टॉप 100 की सूची में आने वाला भारतीय बैंक है?
(अ) पंजाब नेशनल बैंक
(ब) भारतीय स्टेट बैंक
(स) सेन्ट्रल बैंक
(द) इलाहाबाद बैंक
उत्तर- (ब) भारतीय स्टेट बैंक

29. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 10 जनवरी 2020 को भारत का विदेशी भंडार था -
(अ) 461.2 बिलियन डॉलर
(ब) 421.2 बिलियन डॉलर
(स) 411.2 बिलियन डॉलर
(द) 431.2 बिलियन डॉलर
उत्तर- (अ) 461.2 बिलियन डॉलर। गत वर्ष यह 412.9 बिलियन डॉलर था।

30. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु वर्ग की जनसंख्या कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?
(अ) 30%
(ब) 35%
(स) 40%
(द) 45%
उत्तर- (ब) 35%

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

श्रमिकों से बस किराया लेने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी

भोपाल, मध्यप्रदेश की सीमा में अन्य राज्यों से पहुंचने वाले प्रवासी श्रमिकों को जिलों में भोजन और परिवहन की सुविधा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि श्रमिकों के लिये बसों की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। यदि कहीं से यह शिकायत आती है कि वाहन चालक द्वारा श्रमिकों से किराए की राशि ली जा रही है तो दोषी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा किसी भी प्रदेश के हों, उन्हें जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायें। यह संकट का समय है। श्रमिक किसी भी स्थान के हों, वे भारत माँ के लाल हैं। उनसे भेदभाव का कोई सवाल नहीं उठना चाहिये। मध्यप्रदेश से प्रवासी श्रमिकों को प्रदेश की सीमा तक भेजने के लिये निरंतर बसों की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को एक राज्य में प्रवेश न देने के संबंध में कहा कि आज सभी मतभेद भुलाकर कार्य करने का वक्त है। कोरोना संकट, मानवता के लिये संकट है। इससे निपटने के लिये एकजुट होकर सभी को कार्य करना है। इस समय राजनीति या वैचारिक असहमति की बात करना बेमानी है। जो श्रमिक घर लौटना चाहते हैं उनकी व्यथा को समझते हुये उन्हें आवश्यक सुविधाएं देना सभी का कर्तव्य है। श्री चौहान ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों के लिये मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में जरूरी प्रबंध किये गये हैं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश के संघीय ढांचे का सम्मान करते हुये नागरिकों के हित में की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी प्रत्येक राज्य से ली है।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी इंदौर, उज्जैन में केंद्रीय टीम आ चुकी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी दूरदृष्टि रखने वाले कल्पनाशील व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने राज्यों से निरंतर संवाद किया है। उन्होंने सभी राज्यों को समान महत्व दिया है।

प्रधानमंत्री ने 20 मार्च, 2 अप्रैल, 11 अप्रैल, 27 अप्रैल और 11 मई को वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा मुख्यमंत्रियों से चर्चा की। इसके अलावा प्रधानमंत्री व्यक्तिगत चर्चा के लिये भी उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने एक-एक बिन्दु पर विस्तार से बात को समझाते हुये इस संकट में सभी का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है।

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

विषय - हिन्दी

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये प्रश्नों के सही विकल्प चुनिये।

विपुवत-रेखा का वासी जो,
जीता है नित हांफ-हांफ कर
रखता है अनुराग आलौकिक
वह भी अपनी मातृभूमि पर
ध्रुववासी, जो हिम तुम में
जी लेता है कॉप-कॉप कर
वह भी अपनी मातृभूमि पर,
कर देता है प्राण निछावर।

प्र. 1 विषुवत-रेखा के वासी हांफ-हांफ कर क्यों जीते हैं?
(A) वहां का जीवन कष्ट भरा है।
(B) वहां अधिक गर्मी पड़ती है।
(C) वहां वर्षा नहीं होती।
(D) दूसरे लोगों से संबंध नहीं रहता।

प्र. 2 कष्टमय रहकर भी लोग अपनी मातृभूमि के लिये रखते हैं?
(A) आलौकिक प्रेम की भावना।
(B) भक्ति भावना।
(C) गर्व की भावना।
(D) बंधुत्व भावना।

प्र. 3 प्रस्तुत काव्यांश में कवि क्या प्रेरणा दे रहा है?
(A) राष्ट्र प्रेम की।
(B) कष्टमय जीवन जीने के लिये।
(C) हर वातावरण में जीने की।
(D) मातृभूमि पर न्यौछावर होने की।

प्र. 4 अंधकार और वर्फीले स्थानों पर रहने वालों के लिये कहा गया है-
(A) हिमवासी।
(B) विपुवत रेखा का वासी।
(C) ध्रुववासी।
(D) आलौकिक।

प्र. 5 अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है?
(A) विपुवत रेखा का वासी।
(B) अनुराग अलौकिक।
(C) हांफ-हांफ।
(D) हिम में, तप में।

प्र. 6 निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है। उचित विकल्प चुनें।
(A) नौकर पानी पिला रहा है।
(B) मैंने दो दिन पहले यह कहा था।
(C) वह प्रतिदिन दौड़ती है।
(D) बच्चे क्रिकेट खेलते हैं।

प्र. 7 रूपाली पत्र **लिख रही है।** उपर्युक्त वाक्य में बोल्ड क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों में सही विकल्प चुनकर लिखिए।
(A) अकर्मक क्रिया।
(B) सकर्मक क्रिया।
(C) अपूर्ण क्रिया।
(D) द्विकर्मक क्रिया।

प्र. 8 निम्नलिखित विकल्पों से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिये-
(A) मुड़ना (B) मुड़ा
(C) मोड़ना (D) मोड़

प्र. 9 'सचिन पार्क में दौड़ रहा है।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद क्या है?
(A) एक कर्मक (B) अकर्मक
(C) द्विकर्मक (D) सकर्मक

प्र. 10 निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होने वाले वाक्य के सही विकल्प का चयन करें?
(A) प्रेमचन्द ने 'गोदान' लिखा।
(B) बच्चे शाम को खेलते हैं।
(C) वह शिक्षक छात्रों को विज्ञान पढ़ाता था।
(D) सुरेश ने रमेश को पुस्तक दे दी थी।

प्र. 11 'नानी गाय को रोटी खिलाती हैं।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद विकल्प से चुनिये?
(A) अकर्मक (B) सकर्मक
(C) द्विकर्मक (D) एक कर्मक

प्र. 12 'मैं कभी-कभी मिल आया करती हूँ।' वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों से चुनिये?
(A) आना (B) करना
(C) हूँ (D) मिलना

प्र. 13 निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में मुख्य क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? सही विकल्प चुनें?
(A) वे रात भर जागते हैं।
(B) बाहर पानी गिर रहा है।
(C) तुम हमेशा हंसते रहते हो।
(D) इस तरह से रोकर नहीं जिया जाता।

प्र. 14 'वह सब कार्य **कर सकता है।**' इस वाक्य में बोल्ड क्रियाओं के भेद का सही विकल्प चुनिये।
(A) सहायक क्रिया।
(B) मुख्य क्रिया।
(C) संयुक्त क्रिया।
(D) तीनों में कोई नहीं।

प्र. 15 निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई, सही विकल्प चुनें?
(A) मुझे सोहन जाता दिखाई दिया।
(B) वह मुझे अकेला छोड़कर चला गया।
(C) सुरेश को उमेश के साथ आना पड़ा।
(D) वह उसके साथ ही गया।

प्र. 16 मैं हमेशा आ जाया **करता हूँ।** वाक्य में बोल्ड क्रिया का भेद सही विकल्प चुनकर लिखिए?
(A) मुख्य क्रिया।
(B) सहायक क्रिया।
(C) संयुक्त क्रिया।
(D) तीनों में कोई नहीं।

प्र. 17 निम्नलिखित वाक्यों में किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई है। सही विकल्प चुनें?
(A) सरिता ने खाना खा लिया है।
(B) मैंने पानी पिया।
(C) वह घर गया।
(D) उसने पत्र लिखा।

निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिये गये हैं। दिये गये विकल्पों में से सही का चयन कीजिये।

प्र. 18 कौआ बहुत चतुर पक्षी है
(A) परिमाण वाचक
(B) गुण वाचक
(C) संख्या वाचक
(D) सार्वजनिक।

प्र. 19 कुछ केले मेरे पास ले आओ?
(A) सार्वनामिक
(B) संख्या वाचक
(C) निश्चित संख्या वाचक
(D) अनिश्चित परिमाण वाचक।

प्र. 20 सभा में कोई आठ सौ व्यक्ति होंगे?
(A) निश्चित परिमाण वाचक
(B) निश्चित संख्या वाचक
(C) गुण वाचक
(D) परिमाणवाचक।

प्र. 21 उस ग्रंथ को तुम भी पढ़ लेना?
(A) निश्चय वाचक सार्वनामिक
(B) संख्या वाचक
(C) अनिश्चय वाचक सार्वनामिक
(D) गुण वाचक।

निम्नलिखित वाक्यांशों में दिये गये रिक्त स्थानों को सही विकल्प चुनकर भरिये-

मुझे ग्रीष्म ऋतु में पर्वतीय प्रदेशों में जाना अच्छा लगता है। मैं **(22)** शिमला आया था। कुछ देर **(23)** घूमने के बाद मैंने घुड़सवारी की। **(24)** घोड़ा पहाड़ पर चढ़ने लगा। **(25)** पहुंचकर मुझे बर्फ नजर आयी।

प्र. 22 (A) दिल्ली से (B) रेल से
(C) कल (D) शहर।

प्र. 23 (A) शिमला (B) यहां
(C) नाव में (D) पैदल।

प्र. 24 (A) काला, सफेद
(B) अकेले ही
(C) मेरे साथ
(D) धीरे-धीरे।

प्र. 25 (A) ऊपर (B) सफेद
(C) जमी (D) पिछली।

प्र. 26 'आ' उपसर्ग किस शब्द में नहीं है।
(A) आयात (B) आहत
(C) आदर (D) आहार।

प्र. 27 दुर उपसर्ग युक्त शब्द छांटिए-
(A) दुधिया
(B) दुर्दशा
(C) दुधारू
(D) दुपहरिया।

प्र. 28 भिक्षुक का सही विकल्प है-
(A) भिक्ष + क
(B) भिक्षा + क
(C) भिक्षु + क
(D) भिक्षा + उक।

प्र. 29 'संकल्प' शब्द में कौन सा उपसर्ग है-
(A) सत् + कल्प
(B) सम् + कल्प
(C) संक + कल्प
(D) स + कंल्प।

प्र. 30 'अनीय' प्रत्यय किस शब्द में नहीं है -
(A) भवदीय (B) कथनीय
(C) पठनीय (D) दर्शनीय।

प्र. 31 निम्नलिखित में से किस शब्द में 'इया' प्रत्यय नहीं लगा है?
(A) बिटिया (B) लुटिया
(C) चूड़ियां (D) डिबिया।

प्र. 32 'चालाक' में मूल शब्द है -
(A) चला (B) चाल
(C) चाला (D) चालू।

प्र. 33 'दढ़ियल' का सही विकल्प है -
(A) दा + ढ़ियल
(B) दाढ़ी + इयल
(C) दढ़ि + यल
(D) द + ढ़ियल।

प्र. 34 निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा का सही विकल्प चुनिये -
(A) महान (B) सुंदर
(C) बचपन (D) ऊंचा।

प्र. 35 भाव वाचक संज्ञा का सही विकल्प चुनकर लिखिये -
(A) चाँदी (B) दूध
(C) गंगा (D) शीतलता।

प्र. 36 सर्वनाम का सही विकल्प है?
(A) कुछ लोग
(B) वह व्यक्ति
(C) कोई बात
(D) मेरे पास।

प्र. 37 सर्वनाम 'वह' के प्रकार का सही विकल्प है -
(A) निश्चयवाचक सर्वनाम
(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) पुरुषवाचक सर्वनाम
(D) निजवाचक सर्वनाम।

समास विग्रह का सही विकल्प चुनिये -

प्र. 38 राजीव लोचन -
(A) राजीव के समान लोचन- कर्मधारय समास
(B) राजीव और लोचन - द्वंद समास
(C) राजीव के लोचन - तत्पुरुष समास
(D) राजीव जैसे लोचन हैं जिसके - बहुव्रीहि समास।

प्र. 39 जीवन साथी -
(A) जीवन और साथी - द्वंद समास
(B) जीवन का साथी - तत्पुरुष समास
(C) जीवन में साथी - तत्पुरुष समास
(D) जीवन जैसा साथी - कर्मधारय समास।

प्र. 40 चौमासा
(A) चार मासों का समाधर - द्विगु समास।
(B) चार हैं जो मास - कर्मधारय समास।
(C) चार हैं मास जिसमें - बहुव्रीहि समास
(D) चार और मास - द्वंद समास।

प्र. 41 मुरलीधर
(A) मुरली का धारी - तत्पुरुष समास।
(B) मुरली धारण की है जिसने - बहुव्रीहि समास
(C) मुरली और धर- द्वंद समास
(D) मुरली है जो धर - कर्मधारय समास।

प्र. 42 पंचतंत्र
(A) पांच हैं जो तंत्र - कर्मधारय समास
(B) पांच हैं तंत्र जिसमें - बहुव्रीहि समास
(C) पंच और तंत्र - द्वंद समास
(D) पांच तंत्रों का समाहार - द्विगु समास।

प्र. 43 भारतेंदु
(A) भारत और इंदु - द्वंद समास
(B) भारत का इंदु - तत्पुरुष समास
(C) भारत में इंदु - तत्पुरुष समास
(D) भारत जैसा इंदु - कर्मधारय समास

प्र. 44 हंस गामिनी -
(A) हंस की गामनी - तत्पुरुष समास
(B) हंस पर गमन करती है जो - बहुव्रीहि समास
(C) हंस और गामिनी - द्वंद समास
(D) हंस है जो गामिनी - कर्मधारय समास

प्र. 45 अपनी खिचड़ी अलग पकाना
(A) सबसे अलग रहना।
(B) खिचड़ी बनाकर खाना।
(C) दूसरों से नफरत करना।
(D) अपना अहंकार प्रकट करना।

प्र. 46 कटे पर नमक छिड़कना
(A) नमक बुरकना
(B) दुःखी व्यक्ति को और दुःखी करना
(C) पहले काटना फिर नमक छिड़कना
(D) मीठे की जगह नमक डालना।

प्र. 47 टका सा जवाब देना
(A) टके की तरह जवाब देना
(B) तुरंत मना कर देना
(C) मुंह तोड़ जवाब देना
(D) लाजवाब कर देना।

प्र. 48 पानी-पानी हो जाना
(A) आंखों में आंसू आना
(B) बुरी तरह भीग जाना
(C) बारिश आ जाना
(D) अत्यंत लज्जित होना।

प्र. 49 गड़े मुर्दे उखाड़ना
(A) गले पड़ना
(B) खून का घूंट पीना
(C) व्यर्थ की बातें उभारना
(D) गले मढ़ना।

प्र. 50 खून का घूंट पी जाना -
(A) खून पीना
(B) अपने क्रोध को भीतर ही भीतर सह जाना
(C) आपे से बाहर होना
(D) क्रोधित होना।

उत्तरमाला

1. B, 2. A, 3. D, 4. C, 5. B, 6. A, 7. B 8. D, 9. B, 10. A, 11. C, 12. D, 13. A 14. C, 15. D, 16. B, 17. A, 18. B, 19. D, 20. B, 21. A, 22. B, 23. B, 24. A, 25. A, 26. C, 27. B, 28. D, 29. B, 30. A, 31. C, 32. A, 33. B, 34. C, 35. D, 36. D, 37. C, 38. A, 39. B, 40. A, 41. B, 42. D, 43. B, 44. B, 45. A, 46. B, 47. B, 48. D, 49. C, 50. B.

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक- माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
मोबाइल : 9425601523, 8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा के विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा क्रमांक 02/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक **MPPHCL/TENDER No. 89273 & 89283**) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.05.2020 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/97358/43870/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
मोबाइल : 9425601523, 8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा एवं सीधी के विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु निविदा क्रमांक 01/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक **MPPHCL/ TENDER No. 88949, 88954, 88966 & 88971**) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 23.05.2020 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/97344/43869/2020 **परियोजना यंत्री**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य गणित

(1) तीन संख्याओं का अनुपात 3:4:5 है तथा इनका लघुत्तम समापवर्त्य 2400 है। इन संख्याओं का महत्तम समापवर्क कितना है -
(a) 40 (b) 80
(c) 120 (d) 200

उत्तर - (a) 40

व्याख्या - माना अभीष्ट संख्यायें $3x$, $4x$ तथा $5x$ है, इनका ल.स. = $60x$
$\therefore 60x = 2400$
$x = 40$
अतः ये संख्यायें 120, 160 तथा 200 है।
$\therefore$ अभीष्ट म.स. = 120, 160, 200 का म.स. = 40

(2) 6 तथा 24 का गुणोत्तर माध्य कितना है -
(a) 4 (b) 8
(c) 12 (d) 15

उत्तर - (c) 12

व्याख्या - 6 तथा 24 का गु. माध्य
$= \sqrt{6\times 24} = \sqrt{144} = 12$

(3) वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 8, 9, 12 तथा 15 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 1 शेष बचे -
(a) 179 (b) 181
(c) 359 (d) 361

उत्तर - (d) 361

व्याख्या - अभीष्ट संख्या = (8, 9, 12, 15 का ल.स.) + 1
= (2 x 2 x 3 x 2 x 3 x 5) +1
= 361

(4) श्रेणी 10, 18, 34, ?, 130, 258 में लुप्त पद क्या होगा -
(a) 32 (b) 60
(c) 66 (d) 68

उत्तर - (c) 66

व्याख्या - श्रेणी है, 10, 10+8 = 18, 18+16 = 34, 34+32 = 66, 66+64 = 130
$\therefore$ लुप्त पद = 66

(5) यदि $a^2 = by + cz$, $b^2 = cz + ax$, $c^2 = ax + by$ हो, तो $\left(\frac{x}{a+x}+\frac{y}{b+y}+\frac{z}{c+z}\right) = ?$
(a) -1
(b) 0
(c) 1
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (c) 1

व्याख्या - $\left(\frac{x}{a+x}+\frac{y}{b+y}+\frac{z}{c+z}\right)$
$\left(\frac{ax}{a^2+ax}+\frac{by}{b^2+by}+\frac{cz}{c^2+cz}\right)$
$=\left(\frac{ax}{ax+by+cz}+\frac{by}{ax+by+cz}+\frac{cz}{ax+by+cz}\right)$
[$\therefore a^2 = by + cz$ आदि]
$=\frac{(ax+by+cz)}{(ax+by+cz)} = 1$

(6) a, b, c भुजाओं वाले घनाम का आयतन V घन इकाई है तथा इसके सम्पूर्ण पृष्ठों का क्षेत्रफल S वर्ग इकाई है। तब $\frac{1}{V}$ बराबर है -
(a) $\frac{S(a+b+c)}{2}$
(b) $\frac{2}{S}\left(\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}\right)$
(c) $\frac{2S}{(a+b+c)}$
(d) 2S (a + b + c)

उत्तर - (b) $\frac{2}{S}\left(\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}\right)$

व्याख्या - $\frac{1}{V} = \frac{1}{S}\times\frac{S}{V} = \frac{2(ab+bc+ca)}{S\times abc}$
$= \frac{2}{S}\left(\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}\right)$

(7) यदि $a + b + c = O$ हो, तो $\frac{a^2+b^2+c^2}{(ab+bc+ca)} = ?$
(a) -4 (b) -2
(c) 2 (d) 4

उत्तर - (b) -2

व्याख्या - $\frac{a^2+b^2+c^2}{(ab+bc+ca)}$
$= \frac{a^2+b^2+c^2+2(ab+bc+ca)-2(ab+bc+ca)}{(ab+bc+ca)}$
$= \frac{(a+b+c)^2-2(ab+bc+ca)}{(ab+bc+ca)}$
$= \frac{-2(ab+bc+ca)}{(ab+bc+ca)} = -2$

(8) एक आयताकार घास के मैदान की लंबाई तथा चौड़ाई क्रमशः 80 मीटर तथा 50 मीटर है। इसके बाहर चारों ओर 1 मीटर चौड़ा रास्ता है। रास्ते का क्षेत्रफल कितना है -
(a) 264 वर्ग मीटर
(b) 284 वर्ग मीटर
(c) 400 वर्ग मीटर
(d) 464 वर्ग मीटर

उत्तर - (a) 264 वर्ग मीटर

व्याख्या - मैदान का क्षेत्रफल = (80x50) वर्ग मीटर = 4000 वर्ग मीटर
रास्ते सहित मैदान की लंबाई = (80+2) मीटर = 82 मीटर
रास्ते सहित मैदान की चौड़ाई = (50+2) मीटर = 52 मीटर
रास्ते सहित मैदान का क्षेत्रफल = (82 x 52) वर्ग मीटर
= 4264 वर्ग मीटर
रास्ते का क्षेत्रफल = (4264 - 4000) वर्ग मी. = 264 वर्ग मी.

(9) $\sqrt{\frac{25}{81}-\frac{1}{9}} = ?$
(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{4}{9}$
(c) $\frac{16}{81}$ (d) $\frac{25}{81}$

उत्तर - (b) $\frac{4}{9}$

व्याख्या - $\sqrt{\frac{25}{81}-\frac{1}{9}} = \sqrt{\frac{25-9}{81}}$
$= \sqrt{\frac{16}{81}} = \frac{4}{9}$

(10) एक अर्द्ध वृत्त की परिमिति 36 सेमी. है। इसका क्षेत्रफल कितना है -
(a) 154 वर्ग सेमी
(b) 108 वर्ग सेमी
(c) 77 वर्ग सेमी
(d) आंकड़े अपर्याप्त

उत्तर - (c) 77 वर्ग सेमी

व्याख्या - $(\pi R + 2R) = 36$
$(\pi + 2)R = 36$
$(\frac{22}{7} + 2)R = 36$
$\frac{36R}{7} = 36$
R = 7 सेमी अर्द्धवृत्त का क्षेत्रफल
$= \frac{1}{2}\times\pi R^2 = \left(\frac{1}{2}\times\frac{22}{7}\times 7\times 7\right)$
वर्ग सेमी. = 77 वर्गसेमी.

(11) एक कक्षा में 30 छात्र है, इनमें से 10 छात्रों की औसत आयु 12.5 वर्ष है तथा शेष 20 छात्रों की औसत आयु 13.1 वर्ष है। पुरी कक्षा के छात्रों की औसत आयु कितनी है -
(a) 12.5 वर्ष (b) 12.7 वर्ष
(c) 17.8 वर्ष (d) 12.9 वर्ष

उत्तर - (d) 12.9 वर्ष

व्याख्या - 30 छात्रों की आयु का योग
$= [(12.5\times 10)+(13.1\times 20)]$
वर्ष = 387 वर्ष
पूरी कक्षा के छात्रों की औसत आयु $= \frac{387}{30}$ वर्ष = 12.9 वर्ष

(12) कुछ धन उधार लिया गया तथा इसे दो वार्षिक किस्तों में चुकाया गया यदि प्रत्येक किस्त का मान 882 रु. हो तथा चक्रवृद्धि व्याज की दर 5% वार्षिक हो, तो कितना धन उधार लिया गया -
(a) 1620 रु.
(b) 1640 रु.
(c) 1680 रु.
(d) 1780 रु.

उत्तर - (b) 1640 रु.

व्याख्या - उधार लिया गया धन = (1 वर्ष बाद देय 882 रु. का वर्तमान मूल्य) + (2 वर्ष बाद देय 882 रु. का वर्तमान मूल्य)
$= \left[\frac{882}{(1+5/100)}+\frac{882}{(1+5/100)^2}\right]$
$= \left[\left(882\times\frac{20}{21}\right)+\left(\frac{882\times 400}{441}\right)\right]$
= 1640 रु.

(13) तीन संख्यायें 3:4:6 के अनुपात में हैं तथा उनका गुणनफल 1944 है, इनमें से सबसे बड़ी संख्या कौन सी है -
(a) 6 (b) 12
(c) 18 (d) 24

उत्तर - (c) 18

व्याख्या - माना दी गई संख्यायें $3x$, $4x$ तथा $6x$ हैं।
तब $(3x \times 4x \times 6x) = 1944$
$\therefore 72x^3 = 1944$
$x^3 = \frac{1944}{72} = 27 = (3\times 3\times 3)$
$x = 3$
अतः अभीष्ट संख्या = $6x$ = (6 x 3) = 18

(14) एक व्यक्ति ने 2600 रु. को तीन भागों में 4%, 6%, 8% वार्षिक साधारण व्याज पर उधार दिया। वर्ष के अंत में प्रत्येक भाग से बराबर व्याज मिले तो 4% की दर पर उसने कितना धन उधार दिया -
(a) 200 रु.
(b) 600 रु.
(c) 800 रु.
(d) 1200 रु.

उत्तर - (d) 1200 रु.

व्याख्या - माना ये भाग x रु., y रु. तथा [2600 - (x+y)] रु. है।
तब, $\left(x\times\frac{4}{100}\times 1\right) = \left(y\times\frac{6}{100}\times 1\right)$
$= \left[(2600-x-y)\times\frac{8}{100}\times 1\right]$
$\frac{x}{25} = \frac{3y}{50}$
$\frac{y}{x} = \frac{50}{3}\times\frac{1}{25} = \frac{2}{3}$
$y = \frac{2}{3}x$
$\therefore \frac{x}{25} = \frac{2(2600-x-\frac{2x}{3})}{25}$
$2(2600-\frac{5x}{3}) = x$
$\left(x+\frac{10x}{3}\right) = 5200$
$13x = (5200\times 3)$
$x = 1200$ रु.

(15) श्याम की आयु अपने पिता की आयु से आधी है। 20 वर्ष बाद उनके पिता की आयु श्याम की आयु से डेढ़ गुना होगी। श्याम के पिता की वर्तमान आयु कितनी है -
(a) 30 वर्ष (b) 36 वर्ष
(c) 40 वर्ष (d) 42 वर्ष

उत्तर - (c) 40 वर्ष

व्याख्या - माना श्याम के पिता की आयु = x वर्ष,
श्याम की आयु = $\frac{x}{2}$ वर्ष
$(x+20) = \frac{3}{2}\left(\frac{x}{2}+20\right)$
$(2x+40) = \frac{3x}{2}+60$
$\frac{x}{2} = 20$
$x = 40$
श्याम के पिता की आयु = 40 वर्ष

(16) दो व्यक्ति एक ही समय से एक ही स्थान से एक ही दिशा में क्रमशः 5 किमी./घण्टा तथा 5.5 किमी./घण्टा की गति से जा रहे हैं। कितने समय में उनके बीच की दूरी 8.5 किमी. होगी-
(a) 4 घण्टे 15 मिनट
(b) 8 घण्टे 30 मिनट
(c) 16 घण्टे
(d) 17 घण्टे

उत्तर - (d) 17 घण्टे

व्याख्या - उनके बीच की दूरी 0.5 किमी. होगी = 1 घण्टे में उनके बीच की दूरी 8.5 किमी. होगी
$= \left(\frac{1}{0.5}\times 8.5\right)$ घण्टे में = 17 घण्टे

(17) यदि $\left(\frac{a}{b}\right)^{x-1} = \left(\frac{b}{a}\right)^{x-3}$ हो, तो x का मान होगा -
(a) 4
(b) 5
(c) 9
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (d) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या - $\left(\frac{a}{b}\right)^{x-1} = \left(\frac{b}{a}\right)^{x-3}$
$\left(\frac{a}{b}\right)^{(x-1)} = \left(\frac{a}{b}\right)^{(3-x)}$
$(x-1) = (3-x)$
$2x = 4$
$x = 2$

(18) A, B, C एक कार्य को क्रमशः 11 दिन, 20 दिन तथा 55 दिन में समाप्त कर सकते हैं। यदि A के साथ एक दिन B तथा अगले दिन C बारी-बारी से काम करें, तो कार्य समाप्त होने में कितना समय लगेगा -
(a) 7 दिन (b) 8 दिन
(c) 9 दिन (d) 10 दिन

उत्तर - (b) 8 दिन

व्याख्या - 2 दिन में समाप्त हुआ कार्य
$= \left(\frac{2}{11}+\frac{1}{20}+\frac{1}{55}\right) = \frac{55}{220} = \frac{1}{4}$
$\therefore \frac{1}{4}$ कार्य समाप्त होता है = 2 दिन में
पूरा कार्य समाप्त होगा = (2x4) दिन में = 8 दिन में

(19) यदि $a^x = b$, $b^y = c$ तथा $c^z = a$ हो, तो xyz बराबर है -
(a) 0 (b) 1
(c) $\frac{1}{abc}$ (d) abc

उत्तर - (b) 1

व्याख्या - $a^1 = c^z = (b^y) = b^{yz}$ $(a^x)^{yz} = a^{xyz}$
$xyz = 1$

(20) किसी धन को A, B, C में 7:6:12 के अनुपात में विभक्त करने पर A तथा B के भागों का योग C के भाग से 60 रु. अधिक है। A तथा C के भागों में कितना अंतर है -
(a) 260 रु. (b) 300 रु.
(c) 330 रु. (d) 390 रु.

उत्तर - (b) 300 रु.

व्याख्या - माना A, B, C, के भाग क्रमशः $7x$ रु., $6x$ रु. तथा $12x$ रु., हैं। तब $7x + 6x = 12x + 60$
$x = 60$ रु.
अतः A तथा C के भागों में अंतर = $(12x - 7x)$ रु. = $5x$ रु.
= (5 x 60) रु. = 300 रु.

(21) एक कॉलेज में लड़के तथा लड़कियों का अनुपात 3:2 है। इनमें से 20% लड़के तथा 25% लड़कियां वयस्क हैं। अवयस्क विद्यार्थियों का प्रतिशत क्या है -
(a) 58% (b) 67.5%
(c) 78% (d) 82.5%

उत्तर - (c) 78%

व्याख्या - माना लड़कों की संख्या = $3x$ तथा लड़कियों की संख्या = $2x$
अवस्यक विद्यार्थियों की संख्या
$= \left(3x\times\frac{80}{100}\right)+\left(2x\times\frac{75}{100}\right)$
$= \left(\frac{12x}{5}+\frac{3x}{2}\right) = \frac{39x}{10}$
अभीष्ट % $= \left(\frac{39x}{10}\times\frac{1}{5x}\times 100\right)\% = 78\%$

(22) किसी बिल पर 35% का बट्टा तथा 20%, 20% के दो क्रमागत बट्टे देने पर दोनों में 22 रु. का अंतर है। बिल कितने रुपये का है -
(a) 1100 रु.
(b) 2200 रु.
(c) 2000 रु.
(d) आंकड़ें अपर्याप्त

उत्तर - (b) 2200 रु.

व्याख्या - माना कुल बिल x रु. का है।
तब, पहली दशा में देय धन = (x रु. का 65%) =
$\left(x\times\frac{65}{100}\right)$ रु. = $\frac{13x}{20}$ रु.
दूसरी दशा में देय धन = (x रु. का 80% का 80%)
$= \left(x\times\frac{80}{100}\times\frac{80}{100}\right)$ रु. = $\frac{16x}{25}$ रु.
$\therefore \frac{13x}{20}-\frac{16x}{25} = 22$
$(65x - 64x) = 2200$
$x = 2200$
अतः बिल 2200 रु. का है।

(23) एक व्यक्ति ने 100000 रु. लगाकर एक कारखाना चालू किया पहले वर्ष के अंत में उसे 5% हानि हुई, दूसरे वर्ष के अंत में उसे 10% लाभ हुआ तथा तीसरे वर्ष के अंत में उसे 12% लाभ हुआ तीन वर्ष बाद उसे कुल कितना लाभ हुआ -
(a) 12540 रु.
(b) 17040 रु.
(c) 22040 रु.
(d) 27040 रु.

उत्तर - (b) 17040 रु.

व्याख्या - 3 वर्ष बाद कुल मूल्य
$= \left[100000\times\left(1-\frac{5}{100}\right)\times\left(1+\frac{10}{100}\right)\times\left(1+\frac{12}{100}\right)\right]$ रु.
$= \left[100000\times\frac{19}{20}\times\frac{11}{10}\times\frac{28}{25}\right]$ रु. = 117040 रु.
$\therefore$ लाभ = (117040-100000) रु.
= 17040 रु.

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

केरल राज्य का सामान्य भूगोल

1. वेम्बनाथ और अष्टमुडी झील भारत के किस तटीय भाग में स्थित है?
अ) मालाबार तट
ब) कोंकण तट
स) उत्तरी सागर तट
द) कोरोमण्डल तट

2. वेम्बनाथ और अष्टमुडी झील किस प्रकार निर्मित झील है?
अ) लैगून निर्मित झील
ब) ज्वालामुखी निर्मित झील
स) हिमानीकृत निर्मित झील
द) टेक्टॉनिक निर्मित झील

3. मालाबार तट में स्थित बालूका स्तूपों को किस नाम से पुकारा जाता है?
अ) मेंडर ब) टेरिस
स) बिल द) तराई

4. कावेरी नदी जल विवाद किन राज्यों के मध्य है?
अ) केरल-कर्नाटक-तमिलनाडु
ब) केरल-कर्नाटक-गोवा
स) केरल-कर्नाटक-आंध्रप्रदेश
द) केरल-महाराष्ट्र-कर्नाटक

5. निम्न में से कौन-सा राज्योत्सव केरल का है?
अ) दशहरा ब) पोंगल
स) विशु द) ओणम

6. केरल को किस उपनाम से जाना जाता है?
अ) ईश्वर का अपना घर
ब) भारत का स्वर्ग
स) टाईगर स्टेट
द) इनमें से कोई नहीं

7. केरल राज्य का नृत्य है?
अ) कथकली
ब) थुलल
स) मोहिनी अट्टम
द) उपरोक्त सभी

8. केरल की कौन-सी नदी पूर्व दिशा में प्रवाहित होती है?
अ) कबिनी नदी
ब) पेरियार नदी
स) चन्द्रगिरी नदी
द) माहे नदी

9. केरल राज्य की सबसे बड़ी नदी है?
अ) पम्बा नदी
ब) पेरियार नदी
स) अचनाकोली नदी
द) चालिया नदी

10. साइलेंट वैली किस राज्य में है?
अ) केरल ब) तमिलनाडु
स) कर्नाटक द) गोवा

11. निम्न में से कौन-सा नेशनल पार्क केरल राज्य में है?
अ) साइलेंट वैली
ब) पेरियार नेशनल पार्क
स) इडुकी नेशनल पार्क
द) उपरोक्त सभी

12. केरल का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है?
अ) अनाईमुडी ब) दोदाबेटा
स) रानीपुरम द) महेन्द्रगिरी

13. केरल राज्य का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है?
अ) एजुथचान पुराकारम
ब) व्यास सम्मान
स) कुचीपुड़ी सम्मान
द) इनमें से कोई नहीं

14. कौन-सा जल प्रपात केरल राज्य में स्थित है?
अ) गोकेक जल प्रपात
ब) शिवसमुद्रम जल प्रपात
स) वज्राचल जल प्रपात
द) दुदुमा जल प्रपात

15. केरल राज्य किस जलवायु के अन्तर्गत आता है?
अ) ऊष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु
ब) ऊष्ण कटिबंधीय सवाना जलवायु
स) ऊष्ण मरुस्थली जलवायु
द) ऊष्ण कटिबंधीय मानसून जलवायु

16. केरल राज्य में जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र है?
अ) मन्नार की खाड़ी
ब) सिमलीपाल
स) अगस्थी मलाई
द) दिबांग

17. केरल राज्य किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?
अ) थोरियम ब) यूरेनियम
स) हीरा द) मैग्नेसाइट

18. पालघाट दर्रा किन शहरों को जोड़ता है?
अ) कोयम्बटूर - कोच्चि
ब) कोयम्बटूर - बेंगलुरु
स) कोच्चि - गोवा
द) इनमें से किसी को नहीं

19. केरल में कौन-सी जनजाति पायी जाती है?
अ) चेंचु ब) भूटिया
स) मालेर द) चकमा

20. केरल राज्य का अन्तर्राष्ट्रीय महत्व का बंदरगाह है?
अ) कोच्चि
ब) अलप्पुजा
स) मंडलापम
द) इनमें से कोई नहीं

21. कोच्चि बंदरगाह से किस वस्तु को निर्यात किया जाता है?
अ) काजू
ब) रबर
स) नारियल
द) उपरोक्त सभी को

22. कन्याकुमारी किस राज्य में स्थित है?
अ) तमिलनाडु
ब) केरल
स) अंडमान निकोबार
द) लक्षद्वीप

23. कौन-सा शहर केरल में नहीं है?
अ) एर्नाकुलम ब) कोझिकोड
स) रायनपुरम द) सलेम

24. केरल के पूर्व में कौन-सा प्रदेश है?
अ) तमिलनाडु
ब) कर्नाटक
स) गोवा
द) इनमें से कोई नहीं

25. पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट पर्वत श्रेणियों का सम्मिलन स्थल है?
अ) पालनी पहाड़ी
ब) नीलगिरी पहाड़ी
स) अन्नामलाई पहाड़ी
द) शेवराय पहाड़ी

26. दक्षिण भारत के किस राज्य का क्षेत्रफल सबसे ज्यादा है?
अ) केरल ब) तमिलनाडु
स) कर्नाटक द) आंध्रप्रदेश

27. कुन्नूर पर्वतीय स्टेशन किस राज्य में है?
अ) केरल ब) कर्नाटक
स) तमिलनाडु द) आंध्रप्रदेश

28. निम्न में से कौन-सा राज्य काली मिर्च का सबसे बड़ा उत्पादक है?
अ) महाराष्ट्र ब) तमिलनाडु
स) केरल द) आंध्रप्रदेश

29. रबर बोर्ड कहां है?
अ) बेंगलुरु ब) गुण्टूर
स) कोट्टायम द) कोलकाता

30. अल्वाय औद्योगिक नगर किस राज्य में है?
अ) केरल ब) तमिलनाडु
स) कर्नाटक द) गोवा

31. पेरियार नेशनल पार्क किसके लिए प्रसिद्ध है?
अ) हाथी ब) बाघ
स) सिंह द) गैंडा

32. केरल में रामसर आर्द्र भूमि का उदाहरण है?
अ) भित्तरकनिका
ब) अष्टमुडी
स) चिल्का
द) हरिका

33. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार केरल का लिंगानुपात है?
अ) 1084 ब) 1058
स) 1000 द) 930

34. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार केरल में साक्षरता प्रतिशत है?
अ) 60 प्रतिशत
ब) 75 प्रतिशत
स) 90 प्रतिशत
द) 94 प्रतिशत

35. केरल का सबसे दक्षिणत्तम जिला है?
अ) तिरुवनंतपुरम
ब) कोल्लाम
स) कोझीकोड
द) इडुक्की

36. केरल की किस राज्य के साथ स्थलीय सीमा सर्वाधिक लगी हुई है?
अ) कर्नाटक
ब) तमिलनाडु
स) लक्षद्वीप
द) इनमें से कोई नहीं

37. भगवान अयप्पन का मंदिर कहां स्थित है?
अ) सबरीमला पथनमथिट्ट
ब) त्रिसूर
स) कोच्चि
द) तिरुवनंतपुरम

38. अरब सागर की रानी किस बंदरगाह को कहा जाता है?
अ) कोच्चि बंदरगाह
ब) तिरुवनंतपुरम
स) न्यू मंगलौर
द) पणजी

39. केरल राज्य में पुडुचेरी का कौन-सा भाग आता है?
अ) माहे
ब) कराईकल
स) यानम
द) इनमें से कोई नहीं

40. निम्न में से किस राज्य का मानव विकास सूचकांक सर्वाधिक है?
अ) केरल ब) गोवा
स) मध्यप्रदेश द) पंजाब

41. इडुक्की परियोजना किस नदी पर स्थित है?
अ) पेरियार नदी
ब) पम्बा नदी
स) कुरमुली नदी
द) इनमें से कोई नहीं

42. पेरियार नदी किस झील में जा कर मिलती है?
अ) अष्टमुडी झील
ब) वेम्बनाड झील
स) परवुर झील
द) पुन्नामादा झील

43. कौन-सा नेशनल हाईवे केरल राज्य से गुजरता है?
अ) नेशनल हाईवे 66
ब) नेशनल हाईवे 3
स) नेशनल हाईवे 4
द) नेशनल हाईवे 48

44. केरल के किस जिले की सीमा अरब सागर से स्पर्श नहीं होती है?
अ) कोल्लम
ब) कोझीकोड
स) इडुक्की
द) तिरुवनंतपुरम

45. केरल के किस जिले की सीमा कर्नाटक एवं तमिलनाडु से स्पर्श होती है?
अ) वायनाड ब) पलक्कड
स) त्रिसूर द) कन्नूर

46. केरल के समुद्री तट की लम्बाई है?
अ) 580 किलोमीटर
ब) 320 किलोमीटर
स) 450 किलोमीटर
द) 230 किलोमीटर

47. बनासुरा सागर किस नदी पर स्थित है?
अ) पेरियार नदी
ब) काबिनी नदी
स) कारापुझा नदी
द) पम्बा नदी

48. केरल का सबसे बड़ा नगर है?
अ) तिरुवनंतपुरम
ब) कोच्चि
स) कोझीकोड
द) त्रिसूर

49. केरल राज्य का निर्माण कब किया गया?
अ) 1 नवंबर, 1956
ब) 1 मई, 1960
स) 1 नवंबर, 1970
द) 10 मई, 1956

50. केरल एवं लक्षद्वीप का उच्च न्यायालय किस शहर में है?
अ) तिरुवनंतपुरम
ब) कोझीकोड
स) कोच्चि
द) त्रिसूर

उत्तरमाला

1. अ,	2. अ,	3. ब,
4. अ,	5. द,	6. अ,
7. द,	8. अ,	9. ब,
10. अ,	11. द,	12. अ,
13. अ,	14. स,	15. द,
16. स,	17. अ,	18. अ,
19. अ,	20. अ,	21. द,
22. अ,	23. द,	24. अ,
25. ब,	26. स,	27. अ,
28. स,	29. स,	30. अ,
31. अ,	32. ब,	33. अ,
34. द,	35. अ,	36. ब,
37. अ,	38. अ,	39. अ,
40. अ,	41. अ,	42. ब,
43. अ,	44. स,	45. अ,
46. अ,	47. ब,	48. अ,
49. अ,	50. स	

- डॉ. संदीप सारवान
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द, देवास में भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक हैं।)

मुख्यमंत्री द्वारा 8241 हितग्राहियों के खातों में 82.41 करोड़ राशि अंतरित

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 8 हजार 241 हितग्राहियों को 82 करोड़ 41 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। राशि में से 60 प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा तथा 40 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा दी गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक अंतर्गत प्रदेश में अभी तक 5 लाख 82 हजार 625 आवास स्वीकृत हुए हैं। वर्तमान में ग्रीन एवं ऑरेंज जोन के 13 हजार 972 हितग्राहियों की राशि नगरीय निकायों के खातों में अंतरित की गयी है। ग्रीन एवं ऑरेंज जोन के जिन हितग्राहियों को राशि अंतरित की गयी है वे अपना आवास निर्माण करा सकेंगे।

रोटी, कपड़े के साथ मकान भी जरूरी

मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत में कहा कि रोटी, कपड़े के साथ मकान भी सबके लिए आवश्यक है। इसी आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए आवास योजना चलायी जा रही है। मकान बनाने के लिए आपको ढाई लाख रुपये की राशि तीन किस्तों में दी जाएगी। अभी प्रथम किस्त में एक लाख रुपये दिए गए हैं। अच्छा मकान बनाएं, समय से कार्य पूरा करें, दूसरी एवं तीसरी किस्त शीघ्र ही आपके खातों में पहुंच जाएगी।

सावधानी रखें, काम-धंधा चालू करें

श्री चौहान ने हितग्राहियों से कहा कि कोरोना के चलते पूरी सावधानी रखें। मास्क लगायें, दो गज की दूरी रखें, आपस में मिलें-जुलें नहीं, बार-बार हाथ धोये। कोरोना से सावधान रहना है, डरना नहीं है।

मकान बनाने का सपना पूरा हुआ

मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही लता चंद्रवंशी कुरावर राजगढ़, राजेश शर्मा औबेदुल्लागंज रायसेन, ओमप्रकाश चौरसिया बिलौआ ग्वालियर, अफसाना शाह डबरा ग्वालियर, सरिता बाई पंधाना खण्डवा, नीलेश तिवारी कटनी, विजय शिवहरे कोतमा, हरी सिंह गौड़ उमरिया, रूप सिंह पटेल देवरी सागर तथा मुकेश सूर्यवंशी कानड़ आगर से बात की।

मण्डी नियमों में संशोधन

किसानों को उनकी फसल का मिलेगा अधिक से अधिक लाभ

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। निजी क्षेत्र में मण्डिया तथा क्रय केन्द्र आरंभ होने से प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका लाभ सीधे किसानों को होगा। इससे बिचौलियों को समाप्त करने में मदद मिलेगी और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए विकल्प भी मिल सकेंगे। जहाँ बेहतर सुविधा और फसल का बेहतर मूल्य मिलेगा किसान वहीं अपनी फसल बेचेगा। श्री चौहान मण्डी अधिनियम के संशोधित प्रावधानों को लागू करने के संबंध में मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषकों के हित में मण्डी अधिनियम और नियमों में किए गए बदलावों निजी मण्डी की स्थापना, इलेक्ट्रानिक ट्रेडिंग की अनुमति, सम्पूर्ण राज्य के लिए एकीकृत व्यापार लायसेंस, संचालक को सम्पूर्ण राज्य में कृषि विपणन संबंधी नियमन और नियंत्रण के अधिकार तथा प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड के अधिकार क्षेत्र केवल शासकीय मण्डियों में अधोसंरचना विकास, किसान सुविधाएं, बोर्ड बैठक इत्यादि तक सीमित तथा मण्डी क्षेत्र का क्षेत्राधिकारी मण्डी प्रांगण तक सीमित से, किसानों को उनकी उपज का अधिक से अधिक मूल्य दिलवाने में सहायता मिलेगी।

बैठक में कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि सौदा पत्रक की व्यवस्था किसानों के लिए लाभकारी है।

सामयिकी

ब्रिटेन में महामारी में लापरवाही से मौत का आंकड़ा बढ़ने की संभावना

ब्रिटेन में सरकार के साइंटिफिक एडवाइजरी ग्रुप फॉर इमर्जेंसीज ने चेतावनी दी है कि यदि लॉकडाउन खोलने में अगर लापरवाही की गई तो साल के अंत में 1 लाख से अधिक मौतें हो सकती हैं। ब्रिटेन में लॉकडाउन की ढील को लेकर प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने स्टे सेफ, स्टे अलर्ट का स्लोगन जारी किया। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर 2.8 लाख रुपये का जुर्माना भी देना होगा।

प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन

आत्मनिर्भर भारत बनाने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया। महामारी से जूझते हुए अपनी जान गंवा देने वाले लोगों को स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के कारण जो संकट उभर कर सामने आया है, वह अप्रत्याशित है, लेकिन इस लड़ाई में हमें न केवल अपनी रक्षा करने की जरूरत है, बल्कि निरंतर आगे भी बढ़ते रहना होगा। कोविड काल से पहले और बाद की दुनिया का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के सपने को पूरा करने के लिए यह सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़ना है कि देश आत्मनिर्भर हो जाए।

आत्मनिर्भर भारत अभियान

प्रधानमंत्री ने एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की और आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोविड संकट के दौरान सरकार द्वारा इससे पहले की गई घोषणाओं और आरबीआई द्वारा लिए गए निर्णयों से जुड़ी राशि को मिला देने पर यह पैकेज 20 लाख करोड़ रुपये का है, जो भारत की जीडीपी के लगभग 10% के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह पैकेज 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काफी सहायक साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज भूमि, श्रम, तरलता और कानूनों पर भी फोकस करेगा। यह कुटीर उद्योग, एमएसएमई, मजदूरों, मध्यम वर्ग, उद्योगों सहित विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करेगा। प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा के एक दिन बाद वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण ने आर्थिक पैकेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें विभिन्न कंपनियों को राहत दी गई है।

आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभ

1. अर्थव्यवस्था, जो वृद्धिशील परिवर्तन नहीं, बल्कि लंबी छलांग सुनिश्चित करती है।
2. बुनियादी ढांचा, जिसे भारत की पहचान बन जाना चाहिए।
3. प्रणाली (सिस्टम), जो 21वीं सदी की प्रौद्योगिकी संचालित व्यवस्थाओं पर आधारित हो।
4. उत्साहशील आबादी, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए हमारी ऊर्जा का स्रोत है।
5. मांग, जिसके तहत हमारी मांग एवं आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) की ताकत का उपयोग पूरी क्षमता से किया जाना चाहिए।

किसको क्या मिला

एमएसएमई : सेक्टर को बिना गारंटी के तीन लाख करोड़ रुपये के कर्ज के अलावा परिभाषा बदलकर बहुत बड़ी राहत दी गई है। इनके लिए 50,000 करोड़ रुपये के फंड ऑफ फंड्स समेत कई अन्य उपाय हैं।

रियल एस्टेट : रियल एस्टेट कंपनियों को रेरा कानून के अहम प्रावधानों से छह महीने की राहत दी गई है। इससे सेक्टर की कंपनियों को बड़ा फायदा मिलेगा।

बिजली वितरण कंपनियां : डिस्कॉम्स को बकाया भुगतान के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है। इससे लॉकडाउन के दौरान बुरी तरह वित्तीय संकट में आई कंपनियों को राहत मिलेगी।

छोटी कंपनियां : प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज का दायरा बढ़ाते हुए 100 कर्मचारियों तक वाली इकाइयों में ईपीएफ में नियोक्ता व कर्मचारी का योगदान सरकार अब और तीन महीने (जून से अगस्त, 2020) अपनी तरफ से करेगी।

आम करदाता : टीडीएस व टीसीएस की दरों में 25 फीसद की कटौती से 50 हजार करोड़ रुपये की राशि सिस्टम में उपलब्ध होगी। सभी तरह के टैक्स रिफंड 45 दिनों के भीतर लौटाए जाएंगे, जबकि टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 नवंबर की गई।

अमेरिका में

विदेशी नर्सों और चिकित्सकों को ग्रीन कार्ड मिलने की संभावना

अमेरिकी सांसदों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देखभाल करने के लिए विदेशी नर्सों और डॉक्टरों को ग्रीन कार्ड देने या स्थानीय कानूनी निवास का दर्जा देने वाले एक विधेयक को पेश किया है।

- **द हेल्थकेयर वर्क फोर्स रेसिलिएंस एक्ट से उन ग्रीन कार्ड्स को जारी किया जा सकेगा, जिन्हें पिछले वर्षों में कांग्रेस से मंजूरी मिली थी, लेकिन यह दिया नहीं गया था।**

इस विधेयक से हजारों अतिरिक्त मेडिकल पेशेवर अमेरिका में स्थायी रूप से काम कर सकेंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस विधेयक से कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान 25,000 नर्सों और 15,000 डॉक्टरों को ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि स्वास्थ्य कर्मियों की कमी न हो सके।

युद्धाभ्यास के दौरान

ईरान ने अपने ही जंगी जहाज पर दागी मिसाइल

ईरानी नौसेना ने सैन्य युद्धाभ्यास के दौरान अपने ही एक जंगी जहाज पर मिसाइल दाग दी, जिससे उसके 19 सैनिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

- **ईरानी नौसेना ने गलती से अपने ही जंगी जहाज को मिसाइल से उड़ा दिया।**
- **यह हादसा ओमान की खाड़ी में नौसैनिक अभ्यास के दौरान हुआ।**

ईरानी टेलीविजन ने जानकारी देते हुए कहा कि यह हादसा तेहरान से दक्षिण पूर्व में जस्क बंदरगाह के पास हुआ। जिस जंगी जहाज पर मिसाइल गिरी वह हेंडिजन क्लास सपोर्टशिप कोनारक थी। इस हमले में यह शिप पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। माना जा रहा है कि अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान इन दिनों ओमान की खाड़ी में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर नौसैनिक अभ्यास कर रहा है।

इसी क्रम में उसने कोनारक शिप को भी तैनात किया है। ईरान ने 2018 में इसे अपग्रेड किया था। शिप 47 मीटर लंबी और 20 नाविकों को सवार करने में सक्षम है। ईरान इस शिप को समुद्री तटीय इलाकों में पेट्रोलिंग के लिए भी प्रयोग करता है।

ईरान कैदियों की अदला-बदली के लिए तैयार

ईरान बिना शर्त अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली करने को तैयार है। ईरान की सरकार के प्रवक्ता अली रावी ने कहा कि दोनों देश आपस में समस्या का हल निकाल लेंगे और कैदियों के स्वास्थ्य के प्रति फिक्रमंद हैं।

रूस का रॉकेट धरती की कक्षा में टूटा

रूस का रॉकेट 8 मई को अचानक टूट गया। 9 साल पहले रूस ने यह सैटेलाइट लॉन्च किया था। यह रॉकेट अपने ऑर्बिट में ही टूट गया है।

- **धरती की कक्षा में रूस का एक रॉकेट टूट गया है, जिससे अंतरिक्ष में सैटेलाइट लॉन्च किया जाता था।**
- **इस रॉकेट का नाम फ्रेगैट -एसबी (Fregat-SB) है।**

रॉकेट के मलबे धरती के हिन्द महासागर के अलग-अलग हिस्सों में जा गिरे हैं। स्पेक्टर - आर एक रेडियो टेलीस्कोप था जिसे रूसी एजेंसी ने लॉन्च किया था। पिछले साल से ही इसने सूचना देना बंद कर दिया था। मई 2019 में इसे ऑफिशियली डेड घोषित कर दिया था। रॉसकॉसमॉस ने रॉकेट के टूटने की पुष्टि की है।

राष्ट्रपति कोविंद ने देश के वैज्ञानिकों को सराहा

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे वैज्ञानिकों की प्रशंसा की है। राष्ट्रपति ने कहा कि वे देश को गौरवान्वित और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। राष्ट्रपति ने राजस्थान के पोखरण में 1998 के परमाणु परीक्षणों की वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

श्री कोविंद ने ट्वीट कर कहा, हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी को समावेशी विकास के प्रमुख उपकरणों के रूप में मान्यता देते हैं। हमारे वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीविद कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई के अग्रिम मोर्चे पर हैं। इस अवसर पर हम राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में वैज्ञानिक समुदाय के अतुलनीय योगदान का जश्न मनाते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर उन लोगों की प्रशंसा की, जो कोरोना वायरस को हराने के लिए अनुसंधान में सबसे आगे हैं। उन्होंने 1998 में पोखरण परीक्षण करने वाले देश के वैज्ञानिकों की असाधारण उपलब्धि को भी याद किया।

श्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर हमारा देश उन सभी को सलाम करता है, जो दूसरों के जीवन में सकारात्मक अंतर लाने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम 1998 में इस दिन अपने वैज्ञानिकों की असाधारण उपलब्धि को याद करते हैं। यह भारत के इतिहास में एक उल्लेखनीय क्षण था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया को कोविड-19 से मुक्त बनाने के प्रयासों में प्रौद्योगिकी कई तरह से मदद कर रही है।

सोशल मीडिया पर

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और पूर्व राष्ट्रपति ओबामा में टकराव

अमेरिका में इन दिनों सोशल मीडिया पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के बीच वाद-प्रतिवाद # Obama Gate VS # Trump Jealous of Obama जोर शोर से चालू है। इसमें दोनों के समर्थक भी जुड़ कर आपस में आरोपों की बौछार कर रहे हैं।

दोनों के बीच माइकल फ्लिन मामले में (Obama Gate) समर्थन देने और ट्रंप द्वारा अपनी नाकामयाबी छुपाने (Trump Jealous of Obama) को विवाद की जड़ माना जा रहा है। दरअसल व्हाइट हाउस के पूर्व नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर माइकल फ्लिन पर आरोप था कि उन्होंने 2016 में अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रूस के राजदूत सर्गेई किसॉक से फोन पर बातचीत की थी।

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हाल ही में फ्लिन को निर्दोष बताए जाने पर क्षोभ प्रकट किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

खेलचर्चा

वेस्टइंडीज में हो रही है क्रिकेट की वापसी

सेंट विंसेंट, कोरोना वायरस के कारण पूरी दुनिया में खेल आयोजन वंद पड़े हैं। इससे क्रिकेट भी अछूता नहीं रहा, लेकिन अव क्रिकेट को वापस पटरी पर लाने के प्रयास शुरू हो रहे हैं। वेस्टइंडीज आईसीसी का पहला पूर्ण सदस्य देश वनने जा रहा है, जहां क्रिकेट की शुरुआत हो रही है। वेस्टइंडीज में विंसी प्रीमियर लीग (वीपीएल) का आगाज हो रहा है। यह टूर्नामेंट टी-10 (10-10 ओवरों) प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें 6 टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 22 से 31 मई तक सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडिनस द्वीप पर खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 30 मैच खेले जाएंगे।

सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडिनस द्वीप क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर शैलो ने बताया कि हमने खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग जगह तय की है। पवेलियन इस तरह से तैयार किए गए हैं कि खिलाड़ियों को भीड़ से वचाया जा सके। इस टूर्नामेंट में दर्शक भी भाग ले सकेंगे।

मिस्र के टेनिस खिलाड़ी होसम पर लगा आजीवन प्रतिबंध

लंदन, मिस्र के टेनिस खिलाड़ी यूसेफ होसम पर मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में लिप्त होने के कारण टेनिस इंटेग्रिटी यूनिट (टीआईयू) ने आजीवन प्रतिवंध लगाया है। टीआईयू ने कहा कि होसम ने वर्ष 2015 से 2019 के वीच 21 वार भ्रष्टाचार रोधी नियमों का उल्लंघन किया था। जांच के वाद होसम को स्थाई रूप से खेल से वाहर कर दिया गया है। अव वे किसी भी तरह के टेनिस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकेंगे।

फीफा ने अंडर-17 महिला विश्वकप को आगे बढ़ाया

लुसाने, विश्व फुटवॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने इस वर्ष नवंवर माह में भारत में आयोजित होने वाला फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप को 3 महीने के लिए आगे वढ़ा दिया है। अव यह टूर्नामेंट वर्ष 2021 में 17 फरवरी से 7 मार्च तक खेला जाएगा। पहले यह टूर्नामेंट नवंवर 2020 में आयोजित होना था। फीफा ने कहा कि इस टूर्नामेंट में पहले की तरह ही 1 जनवरी 2003 से 31 दिसंवर 2005 के वीच जन्में खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकते हैं।

अफगानिस्तान के शफीकुल्लाह शफाक पर लगा प्रतिबंध

काबुल, अफगानिस्तान क्रिकेट वोर्ड (एसीवी) ने विकेटकीपर वल्लेवाज शफीकुल्लाह शफाक पर 6 वर्ष का प्रतिवंध लगाया है। एसीवी की आधिकारिक वेवसाइट पर जारी वयान में कहा गया कि शफीकुल्लाह ने अफगानिस्तान प्रीमियर लीग और वांग्लादेश प्रीमियर लीग के दौरान एसीवी के एंटी करप्शन कोड की 4 धाराओं का उल्लंघन करते हुए फिक्सिंग की गतिविधियों में शामिल हुए थे। शफीकुल्लाह ने एसीवी द्वारा लगाए गए प्रतिवंध को स्वीकार कर लिया है। शफीकुल्लाह के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सवसे तेज दोहरा शतक वनाने का रिकॉर्ड है। शफीकुल्लाह ने कावुल रीजन की ओर से खेलते हुए वूस्ट रीजन के खिलाफ 89 गेंदों पर 200 रन वनाए थे।

सानिया मिर्जा ने रचा इतिहास

फेड कप हर्ट अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय बनीं

नई दिल्ली, भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने प्रतिष्ठित फेड कप हर्ट अवॉर्ड जीतकर नया इतिहास रच दिया है। यह अवॉर्ड जीतने वाली वे पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। सानिया को इंडोनेशिया की प्रिस्का मेडेलिन नयुग्रोहो के साथ एशिया-ओसिनिया जोन से नामित किया गया था। फेड कप हर्ट अवॉर्ड के लिए 1 से 8 मई तक चली ऑनलाइन वोटिंग में सानिया ने सर्वाधिक मत हासिल का अवॉर्ड अपने नाम किया।

वर्ष 2019 में किया शानदार प्रदर्शन

सानिया मिर्जा ने पारिवारिक कारणों से लगभग दो वर्ष वाद वर्ष 2019 में टेनिस कोर्ट में वापसी की। सानिया ने होवार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताव जीता। सानिया ने इस वर्ष फेड कप के लिए भारतीय टीम में जगह वनाई। सानिया ने महिला युगल वर्ग में अंकिता रैना के साथ मिलकर वेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारत को फेड कप के प्ले ऑफ में पहुंचाया है।

ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी हैं सानिया

टेनिस जगत में एकल खिलाड़ी के रूप में आगाज करने वाली सानिया ने एकल वर्ग से अधिक युगल वर्ग में नाम कमाया है। सानिया मिर्जा महिला युगल एवं मिश्रित युगल वर्ग में 3-3 (कुल 6) ग्रैंड स्लैम खिताव अपने नाम कर चुकी हैं। सानिया ने जनवरी 2020 में आयोजित हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी क्वॉलिफाई किया था, लेकिन चोट के कारण वे टूर्नामेंट से वाहर हो गई थीं।

- सानिया मिर्जा ने वर्ष 2015 में विम्वलडन और यूएस ओपन तथा वर्ष 2016 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला युगल वर्ग में ग्रैंड स्लैम खिताव जीते हैं।
- सानिया ने वर्ष 2009 में ऑस्ट्रेलियन ओपन, वर्ष 2012 में फ्रेंच ओपन तथा वर्ष 2014 में यूएस ओपन में मिश्रित युगल वर्ष में ग्रैंड स्लैम जीते हैं।
- सानिया मिर्जा महिला युगल रैंकिंग में नंवर-वन रैंक हासिल कर चुकी हैं।
- सानिया अपने टेनिस कॅरियर में 42 डब्ल्यूटीए डबल्स खिताव जीत चुकी हैं।

राहत कोष में दी इनामी राशि

अवॉर्ड जीतने के वाद सानिया मिर्जा ने कहा कि फेड कप हर्ट अवॉर्ड जीतना मेरे लिए सम्मान की वात है। मैं यह अवॉर्ड देश और प्रशंसकों को समर्पित करती हूं। उम्मीद है कि मैं अपने देश को भविष्य में भी गौरवान्वित करती रहूंगी।

कोरोना वायरस के इस संक्रमण काल में मुझे जो भी ईनामी राशि मिली है, मैं उसे तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष में देना चाहती हूं।

आईसीसी ने महिला वनडे विश्वकप के क्वालिफायर मुकाबले किए स्थगित

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने कोरोना वायरस के कारण महिला वनडे वर्ल्डकप के क्वालिफायर मुकावले स्थगित कर दिए हैं। महिला क्वालिफायर मुकावले 3 से 19 जुलाई तक श्रीलंका में खेले जाने थे। इस टूर्नामेंट में श्रीलंका सहित 10 टीमों को हिस्सा लेना था। इस टूर्नामेंट से तीन टीमें महिला वनडे विश्वकप के लिए क्वॉलिफाई करेंगी। उल्लेखनीय है कि आईसीसी महिला वनडे विश्वकप अगले साल 6 फरवरी से 7 मार्च तक न्यूजीलैंड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 8 टीमें हिस्सा लेंगी।

खाली स्टेडियम में आयोजित हुई यूएफसी चैंपियनशिप

जैक्सनविले, विश्व में मार्शल आर्ट्स का लोकप्रिय टूर्नामेंट अल्टीमेट फाइटिंग

चैंपियनशिप (यूएफसी) खाली स्टेडियम में शुरू हो गया है। यह पहली वड़ी पेशेवर लीग है, जिसे कोरोना वायरस के प्रकोप के वाद शुरू किया गया है। लीग में पहला मुकावला जस्टिन गेथजे और टोनी फर्ग्युसन के वीच हुआ, जिसमें गेथजे ने 26-4 से जीत दर्ज की। अव गेथजे को लाइटवेट खिताव के लिए रूस के खवीव नुरमागोमेदेव से भिड़ना होगा।

आईएफएबी ने फीफा के नियमों में अस्थाई संशोधन प्रस्ताव को दी मंजूरी

ज्यूरिख, फुटवॉल के लिए नियम वनाने वाली संस्था इंटरनेशनल फुटवॉल एसोसिएशन वोर्ड (आईएफएवी) ने फीफा के नियमों में अस्थाई संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके साथ ही अव फुटवॉल मैच के दौरान टीमों को अधिकतम पांच खिलाड़ियों को वदलने की छूट मिल गई है। अव तक टीमों को मैच में तीन खिलाड़ियों को वदलने की छूट थी। यह नियम 31 दिसंवर 2020 तक आयोजित होने वाले टूर्नामेंट पर लागू होगा।

फीफा ने कोरोना वायरस के कारण विश्वभर में फुटवॉल से जुड़ी गतिविधियों को दोवारा चालू रखने के लिए कुछ नियमों में अस्थाई संशोधन के प्रस्ताव वनाए थे। फीफा ने कहा कि जव फुटवॉल की वापसी होगी, तव खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दवाव न पड़े इसलिए टीमों को 3 की जगह 5 खिलाड़ियों को सब्सिट्यूट करने की छूट दी जाए साथ ही मैच के दौरान वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) के इस्तेमाल पर भी रोक लगाने का प्रस्ताव दिया गया है।

फीफा ने वताया कि इस अस्थाई संशोधन को लागू करना सभी के लिए अनिवार्य नहीं है। विभिन्न लीग और टूर्नामेंट से जुड़े आयोजक इस पर अंतिम फैसला लेंगे। फीफा और आईएफएवी आने वाले वक्त में तय करेंगे कि नियमों में हुए इस अस्थाई संशोधन को अगले सत्र (2021) के लिए वढ़ाया जाये, कि नहीं।

- फुटवॉल टीमें एक मैच में अधिकतम 5 खिलाड़ी वदल सकेंगी।
- सभी सब्स्टिट्यूशन हाफ टाइम में होंगे, ताकि समय की वचत हो।
- अगर किसी टीम ने हाफ टाइम में सब्सिट्यूशन नहीं किया तो वह अतिरिक्त समय में इसका फायदा ले सकेगी।

पाकिस्तान की सना मीर ने क्रिकेट से लिया संन्यास

लाहौर, पाकिस्तानी महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और वेहतरीन ऑलराउंडर सना मीर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। सना ने वर्ष 2005 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सना ने 28 दिसम्वर 2005 को श्रीलंका के खिलाफ पहला वनडे मैच खेला, वहीं 25 मई 2009 को आयरलैंड के खिलाफ पहला ट्वेंटी-20 मैच खेला था। सना ने अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर का आखिरी मैच 4 नवंवर 2019 को वांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके वाद से ही वे टीम से वाहर हो गई थी। सना ने

वर्ष 2017 के आईसीसी वनडे विश्वकप में पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व किया था। सना ने पाकिस्तान के लिए 120 वनडे और 106 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं।

एलबीडब्ल्यू से जुड़े नियमों में हो बदलाव - चैपल

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने एलवीडब्ल्यू से जुड़े नियमों में वदलाव का प्रस्ताव देते हुए कहा कि अगर गेंद विकेटों से टकरा रही है, तो वल्लेवाज को आउट देना चाहिए। भले ही गेंद कहीं भी पिच हुई हो या फिर किसी भी लाइन पर वल्लेवाज से टकराई हो। चैपल ने कहा कि सभी कप्तानों को गेंद पर काम करने के एक तरीके पर सहमति वनानी होगी।

बाबर आजम बने पाकिस्तान की वनडे और ट्वेंटी-20 टीम के कप्तान

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट वोर्ड (पीसीवी) ने अनुभवी वल्लेवाज वावर आजम को वनडे और ट्वेंटी-20 टीम का कप्तान नियुक्त किया है, वहीं सलामी वल्लेवाज अजहर अली को टेस्ट टीम का कप्तान वनाया है।

पीसीवी ने सरफराज अहमद को कप्तानी और टीम से हटाने के वाद वावर आजम को ट्वेंटी-20 टीम तथा अजहर अली को टेस्ट टीम की कमान सौंपी थी। लेकिन वनडे कप्तान पर फैसला नहीं लिया था। दोनों कप्तानों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी वखूवी निभाई, अव इनकी कप्तानी को एक वर्ष का विस्तार दिया गया है। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कोच मिस्वाह उल हक ने वताया कि दोनों कप्तानों का कार्यकाल आगे वढ़ाना फैसला सही है। भविष्य के कार्यक्रमों को देखते हुए

ये दोनों युवा कप्तान टीम को आगे वढ़ायेंगे।

इसके अलावा पीसीवी ने वर्ष 2020-21 सत्र के लिए केंद्रीय अनुवंध हासिल करने वाले खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की है, जो एक जुलाई से प्रभावी होंगे। केंद्रीय अनुवंध में हसन अली, मोहम्मद आमिर और वहाव रियाज जैसे दिग्गज गेंदवाजों को जगह नहीं मिली है, वहीं इमाम उल हक, सरफराज अहमद और यासिर शाह की श्रेणी को कम किया गया है। नसीम शाह और इफ्तिखार अहमद दो ऐसे नए नाम है, जो केंद्रीय अनुवंध में जगह वनाने में सफल रहे हैं।

केंद्रीय अनुवंध

वर्ग ए - अजहर अली, वावर आजम और शाहीन शाह अफरीदी

वर्ग वी - आविद अली, असद शफीक, हैरिस सोहेल, मोहम्मद अव्वास, मोहम्मद रिजवान, सरफराज अहमद, शादाव खान, शान मसुद और यासिर शाह

वर्ग सी - फखर जमान, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, नसीम शाह और उस्मान शिनवारी

इमर्जिंग खिलाड़ी वर्ग - हैदर अली, हैरिस राउफ और मोहम्मद हसनैन।

पेस ने संन्यास पर फैसले के लिए प्रशंसकों से मांगी सलाह

बेंगलुरु, भारतीय दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा है कि वे अपने संन्यास लेने का फैसला खेल दोवारा शुरू होने के वाद

करेंगे। पेस ने अपने प्रशंसकों से सलाह मांगी है कि उन्हें वर्ष 2021 में खेलना जारी रखना चाहिये कि नहीं। पेस ने ट्विटर पर लाइव वीडियो में एक सवाल के जवाव में कहा कि प्रशंसक वतायें कि मैं आगे खेलू या नहीं। उल्लेखनीय है कि पेस ने कहा था कि वर्ष 2020 का सत्र उनके टेनिस कॅरियर का आखिरी सत्र होगा, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष ओलिंपिक सहित सभी वड़े टूर्नामेंट स्थगित या रद्द हो गए हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ मैं कक्षा 12 का स्टूडेंट हूँ। मुझे फोटोग्राफी बेहद पसंद है इसलिए मैं इस फील्ड में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया उचित मार्गदर्शन दें?

- कासिम कुरैशी, बड़वानी

● निश्चित रूप से फैशन के इस दौर में फोटोग्राफी फील्ड में एक शानदार



कॅरियर बनाया जा सकता है, एक सफल और अच्छा फोटोग्राफर बनने के लिए आपके पास क्रिएटिविटी, पैनी नज़र, टैक्निकल नॉलेज, हार्ड वर्क और संयम का होना बेहद ज़रूरी है। इसके साथ ही एक फोटोग्राफर के पास ऐसी इंटर पर्सनल स्किल्स होनी चाहिए जिससे वह क्लाइंट, एडवर्टाइज़र, पब्लिशिंग एजेंसी और डिज़ाइनर के साथ आसानी से डील कर सके। फोटोग्राफी का कोर्स करने के लिए बारहवीं पास होना अनिवार्य है। फोटोग्राफी को फाइन आर्ट्स विषय में एक ऑप्शनल बैचलर्स डिग्री के रूप में ऑफर किया जाता है, वहीं कुछ कॉलेज इसे डिग्री कोर्स के साथ पार्ट टाइम कोर्स के रूप में करवाते हैं। कुछ कॉलेजों में फोटोग्राफी में तीन साल के बी.ए. कोर्स की सुविधा भी उपलब्ध है। फोटोग्राफी फील्ड में फैशन फोटोग्राफी, फोटो जर्नलिज़्म, मोशन पिक्चर फोटोग्राफी, स्टिल फोटोग्राफी, डिजिटल फोटोग्राफी, कलर फोटोग्राफी, ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफी, पोट्रेट फोटोग्राफी जैसे ढेरों कॅरियर ऑप्शन मौजूद हैं। फोटोग्राफी के अंदर भी कुछ स्पेशल फील्ड हैं जैसे कि फोटो जर्नलिस्ट, फीचर फोटोग्राफर्स, फैशन व एडवर्टाइज़िंग फोटोग्राफी, फ्रीलांसिंग व इवेंट फोटोग्राफी और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स, इनमें से मनपसंद फील्ड चुनकर आप फोटोग्राफी में बेहतर कॅरियर बना सकते हैं। सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज मुंबई, एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न दिल्ली, फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टीट्यूट (एफटीआई) पुणे, जैसे कुछ प्रमुख संस्थान हैं जहाँ से आप फोटोग्राफी से संबंधित कोर्स कर सकते है।

❍ मैं आर्ट स्ट्रीम से ग्रेजुएशन कर रहा हूँ। आगे चलकर ग्राम विकास अधिकारी बनना चाहता हूँ। जानकारी दीजिए?

- राहुल तिवारी, हरदा

● ग्राम विकास अधिकारी एक अराजपत्रित सरकारी कर्मचारी होता है, जिसे ग्राम प्रधान का सचिव कहा जाता है साथ ही इसे पंचायत सेवक भी कहा जा सकता है, वर्तमान समय में सरकार ने पंचायत सेवक के नाम को बदलकर ग्राम विकास अधिकारी या विलेज डेवलॅपमेंट ऑफिसर (VDO) कर दिया गया है। VDO ऑफिसर पंचायती राज विभाग के कर्मचारी होते हैं, ग्राम विकास अधिकारी एक महत्वपूर्ण पद है। ग्राम पंचायत अधिकारी यानी VDO बनने के लिए कैंडिडेट को 12वीं पास होना आवश्यक है। इसके साथ ही कैंडिडेट के पास CCC कम्प्यूटर कोर्स में डिप्लोमा का होना भी आवश्यक है। वीडीओ बनने के लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 40 साल तक के बीच में होनी चाहिए। वीडीओ के पद के लिए कैंडिडेट को सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होना होता है।

❍ मैं एक सक्सेसफुल सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट के रूप में किस प्रकार कॅरियर बना सकता हूँ?

- दीपक मिश्रा, कटनी

● वास्तव में सफल सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट बनने के लिए बिजनेस और

टेक्नोलॉजी का बेहतर नॉलेज होना बेहद आवश्यक है। क्योंकि एक सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट्स को किसी बिल्डिंग या स्ट्रक्चर लिए प्लानिंग के साथ-साथ डिजाइन को तैयार करना होता है। इसके अलावा मॉडल में कंपनी और ग्राहक की जरूरतों के मुताबिक बदलाव भी करने पड़ते हैं। इसके अलावा कस्टम ऑपरेटरों को प्रशिक्षित करना भी नई प्रणाली की सफलता के लिए आवश्यक माना जाता है। एक सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट के लिए संभावनाओं का अच्छा होना जरूरी है। अगर आपके अंदर अपने काम को लगन से करने की क्षमता है तो आप जल्द ही सक्सेसफुल सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट बन सकते हैं। सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट बनने के लिए 12वीं की पढ़ाई मैथ्स साइंस विषय से होनी चाहिए। इसके बाद कम्प्यूटर साइंस या सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन कोर्स कम्पलीट करें। इसके अलावा सिस्टम आईटी में विशेष योग्यता के साथ एमबीए करने वाले कैंडिडेट्स भी इस फील्ड में कॅरियर बना सकते हैं। सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट के रूप में कैंडिडेट कम्प्यूटर, आईटी और सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री से संबंधित सरकारी या प्राइवेट सेक्टर की किसी भी कंपनी में जॉब पा सकता है। इसके अलावा अगर कैंडिडेट के पास सॉफ्टवेयर डिजाइन और एनालिसिस में प्रोफेशनल एक्सपीरियंस है तो बेहतर रोज़गार विकल्प मिल सकते हैं।

❍ मैं कक्षा 12वीं पीसीएम की छात्रा हूँ। मुझे भविष्य में एक सफल ग्राफिक डिज़ाइनर बनने के लिए क्या करना चाहिए?

- अमिता नेमा, राजगढ़ (ब्यावरा)

● निश्चित रूप से ग्राफिक डिज़ाइनिंग क्रिएटिव फील्ड में से एक है। इसमें

टेक्स्ट और ग्राफिक की हेल्प से मैसेज को अट्रैक्टिव बनाना होता है। मुख्य रूप से ग्राफिक डिजाइनर का काम अपने क्लाइंट के लिए ऐसे क्रिएटिव आइडिया तैयार करना होता है, जो उसके क्लाइंट के इंस्टीट्यूट को अलग पहचान दे सकें। इस काम के लिए क्रिएटिविटी सबसे पहली जरूरत है। किसी भी प्रोडक्ट को उसकी पहचान बनाने में ग्राफिक डिज़ाइनर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। ग्राफिक डिज़ाइनर बनने के लिए 12वीं पास होना बहुत जरूरी है साथ ही ग्रेजुएट के बाद भी डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं इसके अलावा फाउंडेशन कोर्स से लेकर चार साल तक के डिग्री कोर्स उपलब्ध हैं जिनमें बैचलर इन फाइन आर्ट्स, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिजाइन, ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिजाइन, विजुअल कम्युनिकेशन डिजाइन, एडवरटाइजिंग एंड विजुअल कम्युनिकेशन, एप्लाइड आर्ट्स एंड डिजिटल आर्ट्स, प्रिंटिंग एंड मीडिया टेक्नोलॉजी प्रमुख कोर्सेस हैं। ग्राफिक डिज़ाइनिंग से जुड़े कोर्सेस करने के बाद इस क्षेत्र में ग्लोबलाइजेशन के मौजूदा दौर में जॉब की बेहतर संभावनाएं हैं। एक क्रिएटिव ग्राफिक डिजाइनर्स को वेबसाइट, एडवरटाइजिंग एजेंसी, किताबें, पत्रिकाएं, पोस्टर्स, कम्प्यूटर गेम्स, प्रोडक्ट पैकिजिंग, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, कॉर्पोरेट आइडेंडिटी जैसी जगहों पर काम मिल जाता है।

❍ मैं वीएससी फाइनल ईयर का छात्र हूँ और आगे चलकर सीबीआई ऑफिसर बनकर देशसेवा करना चाहता हूँ, इससे संबंधित सलाह दें?

- नक्ष खुजनेरी, रायसेन

सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) भारत सरकार की एक मुख्य जांच ऐजेंसी है। सीबीआई ऑफिसर बनने के लिए कैंडिडेट को 55 फीसदी अंकों के साथ ग्रेजुएशन पास होना चाहिए साथ ही सीजीएल एसएससी परीक्षा पास करना आवश्यक है। सीबीआई में अलग अलग पदों पर भर्ती दो प्रक्रियाओं के आधार पर की जाती है। जिसमें पहली प्रक्रिया में यह भर्ती एसएससी द्वारा की जाती है और दूसरी प्रक्रिया में डेपुटेशन के आधार पर इसके अलावा सीबीआई में सीधी भर्ती सिर्फ सब इंस्पेक्टर के लिए होती है और यह भर्ती एसएससी द्वारा की जाती है। सीबीआई में आवेदन करने के लिए आयु सीमा 20 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सीबीआई की परीक्षा लिखित एवं इंटरव्यू इन दो भागों में बांटी गई होती है। यदि आप लिखित परीक्षा में सफल होते है तो आपको इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। इंटरव्यू में क्वालीफाई होने के बाद सीबीआई में भर्ती होने का ज्वॉइनिंग लेटर दिया जाता है।

❍ मैंने हाल ही में ग्रेजुएशन कम्प्लीट किया है। मुझे रेलवे में स्टेशन मास्टर बनने के लिए क्या करना चाहिए?

- गोपाल जाधव, उज्जैन

● बहुत से युवाओं का सपना रेलवे में जॉब करने का होता है और जब बात रेलवे में स्टेशन मास्टर की हो तो तब तो यह और भी शानदार है, क्योंकि रेलवे में यह एक महत्वपूर्ण पोस्ट होती है। स्टेशन मास्टर किसी भी रेलवे स्टेशन पर सबसे अधिक सम्मानित अधिकारी होता है। स्टेशन मास्टर नियुक्त किए गए स्टेशन पर हो रही सभी तरह के कार्यों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होता है, इनका कार्य दूसरों का सुपरविजन, गाइडेंस आदि प्रदान करना होता है। स्टेशन मास्टर अपने तैनाती वाले रेलवे स्टेशन को सुचारू, सुरक्षित एवं कारगर ढंग से चलाए जाने के लिए भी जिम्मेदार होता है। स्टेशन मास्टर के पदों के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट के पास ग्रेजुएशन डिग्री होना चाहिए, ग्रेजुएशन किसी भी विषय में हो सकता है। इसके अलावा उन्हें कंप्यूटर का बेसिक नॉलेज होना चाहिए। कैंडिडेट जिस क्षेत्र से आवेदन कर रहा हो उसे उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा को पढ़ने और लिखने में सक्षम होना चाहिए। स्टेशन मास्टर की परीक्षा में बैठने के लिए कैंडिडेट की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 32 वर्ष होती है। रेलवे रिक्रुटमेंट बोर्ड द्वारा स्टेशन मास्टर की नियुक्ति के लिए एक कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। स्टेशन मास्टर की प्रारंभिक परीक्षा में ये विषय होते हैं- जनरल अवेयरनेस, मैथमेटिक्स, जनरल इंटेलीजेंस एंड रीजनिंग। यह परीक्षा आब्जेक्टिव टाइप होती है, परीक्षा कुल 100 अंकों की होती है। इसके लिए अधिकतम समय सीमा 90 मिनिट निर्धारित होती है। जो उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में सफल होते हैं उन्हें ही मुख्य परीक्षा में बैठने दिया जाता है। स्टेशन मास्टर की चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित उम्मीदवारों को रेलवे बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली आवश्यक ट्रेनिंग दी जाती है। लिखित परीक्षा, मेडिकल टेस्ट आदि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आपको आपकी योगता के अनुसार पद प्रदान किए जाते हैं।

❍ मैं साउंड इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाना चाहता हूँ, मार्गदर्शन दें।

- विकास शास्त्री, देवास

● आज के आधुनिक युग में जहाँ हर तरफ सिनेमा, सीरियल, म्यूजिक

वीडियो का बोलबाला है ऐसे में साउंड इंजीनियर के तौर पर शानदार कॅरियर बनाया जा सकता है। मुख्यतः साउंड इंजीनियरिंग कोर्स में म्यूजिक, मूवी और थियेटर की रिकॉर्डिंग, मिक्सिंग और रिप्रोडक्शन से जुड़ी चीजें पढ़ाई जाती हैं। यह फील्ड दूसरे फील्डों की तुलना में चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन काफी बेहतर भी है। साउंड इंजीनियरिंग का काम स्पीच, म्यूजिक और स्टूडियो के साउंड को हाई क्वालिटी का बनाना होता है तभी इसके लिए फिल्मों, रेडियो और टेलिविजन में कई तरह के टेक्निकल इंस्ट्रूमेंट्स उपयोग किए जाते हैं। साउंड इंजीनियरिंग का कोर्स वे कैंडिडेट्स कर सकते हैं जो 12वीं फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथमेटिक्स से पास हैं साथ ही वह साउंड इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री भी हासिल सकते हैं। पीजी डिप्लोमा कोर्स के लिए किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट होना आवश्यक है। साउंड इंजीनियरिंग के फील्ड में डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट हासिल करने के बाद आप इंजीनियर या टेक्नीशियन के रूप में टीवी चैनल्स, फिल्म, रेडियो, स्टूडियो, मल्टीमीडिया डिजाइन, एनिमेशन, विज्ञापन आदि क्षेत्रों में काम कर सकते हैं। अनुभव होने पर आप खुद का रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी खोल सकते हैं।

❍ मैं मैथ्स साइंस स्ट्रीम से कक्षा 12वीं का छात्र हूँ, मैं फ्लाइट इंजीनियर बनना चाहता हूँ। इस कॅरियर में क्या स्कोप हैं और मुझे किस तरह कॅरियर बनाना चाहिए?

- बृजेश विश्वकर्मा, शहडोल

● फ्लाइट इंजीनियर का प्रमुख कार्य एयरक्राफ्ट सिस्टम और उपकरणों की

मॉनिटरिंग करने के साथ-साथ उसे कंट्रोल करने का होता है, इसके अलावा विमान के इंजन से लेकर एयरक्राफ्ट के विंग्स की देख-रेख की जिम्मेदारी भी फ्लाइट इंजीनियर की ही होती है। ये इंजीनियर पायलट के साथ काम करते हैं। विमान जब उड़ान भरते हैं तब क्लाइंब या क्रूज करने के समय इंजन से लेकर ईंधन पर निगरानी रखने का काम यह फ्लाइट इंजीनियर का होता है, जो भी स्टूडेंट्स फ्लाइट इंजीनियर बनना चाहते हैं सबसे पहले उन्हें फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स के साथ हायर सेकंडरी करनी होगी। इसके बाद मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल या फिर एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री लेनी होगी। इसके बाद फ्लाइट इंजीनियरिंग के फील्ड में कॅरियर बनाया जा सकता है। लेकिन इसके लिए किसी मान्यता प्राप्त एविएशन इंस्टीट्यूट से फ्लाइट इंजीनियरिंग सर्टिफिकेट और मेडिकल टेस्ट उत्तीर्ण किया होना चाहिए। ऐसे कई संस्थान हैं जो फ्लाइट इंजीनियरिंग का कोर्स कराते हैं आप इनमें एंट्रेंस एग्जाम के जरिये एडमिशन ले सकते हैं। फ्लाइट इंजीनियरिंग करने के बाद आप फ्लाइट इंजीनियरिंग के तौर पर किसी प्राइवेट या पब्लिक सेक्टर की एयरलाइंस कंपनीज, हेलीकॉप्टर कॉरपोरेशन, फ्लाइंग क्लब, डिफेंस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट लैब, नेशनल एयरोनॉटिक लैब, सिविल एविएशन डिपार्टमेंट एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी आदि में कार्य कर सकते हैं। अगर आप एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर्स की डिग्री हासिल कर लेते हैं तो आपके लिए सॉफ्टवेयर कंपनी से लेकर नासा तक में जॉब के बेहतर अवसर खुल जाते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।